डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
रविवार
23.10.2022
कार्तिक कृष्ण पक्ष 13
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**

अज्ञानी व्यक्ति अपने अज्ञान को नहीं जानता, बल्कि वो इसका आनंद लेता है। उसमें अज्ञान को पहचानने की क्षमता ही नहीं होती।

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-10 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

## रोजगार मेला का शुभारंभ, झारखंड से भी 209 युवाओं का चयन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को रोजगार मेला का शुभारंभ किया। प्रथम चरण में देशभर से चयनित 75 हजार युवाओं को शनिवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। झारखंड से भी 209 युवाओं का चयन इसके लिये किया गया था जिन्हें राजधानी रांची के सीसीएल सभागार में केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा और अन्य अतिथियों ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर वर्चुअल तरीके से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में 90 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने की यह एक शुरुआत है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व का पांचवा बड़ा इकोनोमिक कंट्री बन गया है। अब हमारा देश बहुत सारे चीजों का निर्यात कर रहा है। मौके पर उपस्थित जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर देश में युवाओं को सरकारी नौकरी देने की यह शुरुआत है। केंद्र सरकार अधिक से अधिक लोगों को नौकरी एवं रोजगार देने के प्रति कृतसंकल्पित है। धनतेरस के शुभ दिन पर नियुक्ति पत्र पाकर सभी युवा काफी खुश दिखे। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति पत्र हमें एक नयी जिम्मेवारी दे रही है। इससे हमें देश की सेवा करने का मौका मिलेगा। नियुक्ति के इस प्रथम चरण में झारखंड से 209 युवक-युवतियों को रेलवे, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, बैंक जैसे भारत सरकार के कई विभागों के लिए चयनित किया गया है। इस अवसर पर रांची के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, लोहरदगा के सांसद और पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, रांची के विधायक सीपी सिंह, कांके विधायक समरी लाल, रांची की मेयर डॉ. आशा लकड़ा, उप महापौर संजीव विजयवर्गीय और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## आज टी-20 विश्व कप में भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच कड़ा मुकाबला होगा। पलामू में मैच को लेकर युवाओं में खासा उत्साह है। टीम इंडिया 15 साल से टी-20 वर्ल्ड कप जीतने का इंतजार कर रही। टीम इंडिया को इस बार काफी उम्मीदें हैं। भारत इस बार अपने मिशन की शुरूआत पाकिस्तान के खिलाफ मैच से करेगा। भारतीय समयानुसार मैच रविवार दोपहर 1.30 बजे से शुरू होगा। वैसे मुकाबले में बारिश होने की भी सम्भवना व्यक्त की गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच यह मैच मेलबर्न में हो रहा है। मेलबर्न के ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में करीब एक लाख लोगों के सामने दोनों टीमों के बीच यह महायुद्ध होगा।

## भारत को वैश्विक समस्याओं से बचाने के लिए नयी पहल कर रही सरकार : मोदी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सरकार कोरोना महामारी के बाद दुनिया भर के कई देशों के सामने आ रहीं आर्थिक समस्याओं को कम करने की दिशा में काम कर रही है। सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों के बीच 75 हजार नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद रोजगार मेले को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अधिकतम अवसर पैदा करने को लेकर भी कई मोर्चों पर काम कर रही है। मोदी ने कहा कि यह सच है कि वैश्विक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं संघर्ष कर रही हैं। कई देशों में महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याएं चरम पर हैं। उन्होंने कहा कि सदी में एक बार आनेवाली ऐसी महामारी के दुष्प्रभाव 100 दिन में दूर नहीं होंगे। मोदी ने कहा कि लेकिन दुनियाभर में हर जगह महसूस किये जा रहे इस संकट के असर बावजूद भारत लोगों को इन समस्याओं से प्रभावित होने से बचाने के लिए नयी-नयी पहल कर रहा है और कुछ जोखिम उठा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम अपने देश पर इस प्रभाव को कम करने के लिए काम कर रहे हैं। यह एक चुनौतीपूर्ण काम है, लेकिन आपके आशीर्वाद से हम अब तक ऐसा कर पा रहे हैं। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने नौकरी के इच्छुक 75 हजार उम्मीदवारों को डिजिटल माध्यम से नियुक्ति पत्र भेजे। देशभर से चयनित इन लोगों को भारत सरकार के 38 मंत्रालयों या विभागों में नौकरी दी जायेगी। इन्हें समूह ए और बी (राजपत्रित), समूह बी (अराजपत्रित) और समूह सी में विभिन्न स्तरों पर नौकरियां दी जायेंगी। सरकार द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, जिन पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं, उनमें केंद्रीय सशस्त्र बल के जवान, उपनिरीक्षक, कांस्टेबल, एलडीसी, स्टेनोग्राफर, पीए, आयकर निरीक्षक और एमटीएस शामिल हैं। ये भर्तियां मंत्रालयों और विभागों द्वारा या तो स्वयं या भर्ती एजेंसियों जैसे यूपीएससी, एसएससी और रेलवे भर्ती बोर्ड के माध्यम से की जा रही हैं। सरकार ने कहा था कि तेजी से भर्ती के लिए चयन प्रक्रियाओं को सरल और तकनीकी रूप से आसान बनाया गया है। प्रधानमंत्री ने जून में विभिन्न सरकारी विभागों और मंत्रालयों से कहा था कि वे अगले डेढ़ साल में 10 लाख लोगों को 'मिशन मोड' पर नौकरियां दें।

## ईडी ने रिम्स से सीसीटीवी फुटेज किया तलब

**रांची।** कारोबारी पंकज मिश्रा को फोन की सुविधा उपलब्ध कराने और अनधिकृत सुविधाओं के मामले में अनुसंधान के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने रिम्स से सीसीटीवी फुटेज मांगा है। गौरतलब है कि ईडी ने इस मामले में 20 अक्टूबर को पंकज मिश्रा के ड्राइवर चंदन और करीबी सूरज पंडित को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद बयान दर्ज किया था। दोनों को पंकज मिश्रा को फोन की सुविधा उपलब्ध कराने और जिला से सचिवालय स्तर तक के अधिकारियों से बात कराने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। प्रवर्तन निदेशालय ने कारोबारी पंकज मिश्रा मामले में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के जेल अधीक्षक और सीएम आवास के सुरक्षा अधिकारी को दीपावली के बाद पूछताछ के लिए समन करने का फैसला लिया है।

## पलामू पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री का किया उद्भेदन, सात अपराधी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर सतबरवा में मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया है। इस फैक्ट्री को चलाने वाले सभी सात अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में पलामू एसपी चदंन कुमार सिन्हा ने शनिवार को बताया कि दो दिन पूर्व सोशल मीडिया में एक नवयुवक का पिस्टल लहराते फोटो एवं वीडियो वायरल हुआ था।



छानबीन में पता चला कि उक्त युवक सतबरवा इलाके का है। सत्यापन एवं चिन्हित करने के बाद आवश्यक कार्रवाई की गई। युवक को पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर सतबरवा पुलिस ने उसके साथी अरविंद सिंह को अवैध हथियार के साथ पकड़ा। अरविंद ने हथियार सप्लायर विकास सिंह के बारे में जानकारी दी। पूछताछ में विकास सिंह की पहचान इस गिरोह का मुख्य हथियार सप्लायर के रूप में हुई। विकास ने बताया कि रबदा में विजय सिंह के घर में किराये पर बैजनाथ मिस्त्री रहता है और बगल के बीहड़ जंगल में मिनी गन फैक्ट्री चला रखी है। वहां हथियार बनाता है और बेचने के लिए उसे दे देता है। विकास ने बताया कि एक पिस्टल का दाम 4 हजार रूपए बैजनाथ मिस्त्री लेता है। उसे हम 6 हजार रूपए में बेचते हैं। विकास की निशानदेही पर बैजनाथ मिस्त्री को रबदा स्थित उसके घर से तीन हथियार एवं अर्धनिर्मित हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपी संगठित रूप से अवैध देशी हथियार निर्माण एवं सप्लाई का काम गिरोह बनाकर करते थे। वह कुटमू से सटे रबदा के घने जंगल में मिनी गन फैक्ट्री का संचालन कर रहा था। गिरफ्तार लोगों में फैक्ट्री संचालक बैजनाथ मिस्त्री, पिता स्व. फगुनी मिस्त्री ग्राम सेमरी थाना पाटन, कमलेश सिंह, पिता उपकार सिंह ग्राम गुरियादामर थाना लेस्लीगंज, विकास कुमार, पिता अशोक सिंह ग्राम रबदा फुलवरिया, अरविंद कुमार, पिता बालकृष्ण सिंह ग्राम कुण्डेलवा, अभिषेक चौधरी, पिता धमेन्द्र चौधरी, ललन यादव, पिता धीरजन यादव ग्राम झाबर, विजय सिंह, पिता स्व. रघुनन्दन सिंह ग्राम रबदा सभी सतबरवा के निवासी शामिल हैं।

## अपराधी अमन साव व सुजीत सिन्हा के ठिकानों पर झारखंड एटीएस का छापा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जेल में बंद अपराधी अमन साव व दुमका जेल में बंद सुजीत सिन्हा के दो दर्जन ठिकानों पर झारखंड पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ते की टीम ने शनिवार की सुबह से ही छापेमारी तेज कर दी है। ये ठिकाने पलामू, गढ़वा, चतरा, हजारीबाग, रांची, रामगढ़ व लातेहार आदि जिलों में हैं, जो इन दोनों अपराधियों के सगे-संबंधियों व सहयोगियों से संबंधित हैं। इन अपराधियों पर आरोप है कि ये जेल में रहते हुए अपने सहयोगियों के माध्यम से राज्य के कारोबारियों, कोयला क्षेत्र के ठेकेदारों आदि से रंगदारी वसूलने के लिए धमका रहे हैं। झारखंड एटीएस को राज्य सरकार ने संगठित अपराध के विरुद्ध अभियान चलाने व प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने की शक्ति दे दी थी। इससे पहले इस दस्ते ने कुख्यात अमन श्रीवास्तव गैंग के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए पहले आर्थिक रूप से तोड़ा और उसके बाद श्रीवास्तव गैंग के कई गुर्गों-सहयोगियों को सलाखों तक पहुंचाया। एटीएस के एसपी सुरेंद्र कुमार झा पूरे राज्य में चल रही छापेमारी का नेतृत्व कर रहे हैं। 20 जुलाई 2020 को सुरेंद्र कुमार झा ने ही रांची के एसएसपी रहते हुए अपराधी अमन साव को गिरफ्तार किया था। बताया जा रहा है कि इस गिरोह से संबंधित छापेमारी में उनका पुराना अनुभव कारगर साबित होगा। राष्ट्रीय जांच एजेंसी भी इन दोनों ही अपराधियों व उनके सहयोगियों के विरुद्ध पूरे मामले की जांच पहले से कर रही है। यह मामला लातेहार के तेतरियाखाड़ कोलियारी में गोलीबारी व आगजनी से संबंधित है। इस मामले में दोनों अपराधियों सहित दर्जनभर से अधिक सहयोगियों पर एनआइए आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है।

## मां अन्नपूर्णा के चार दिवसीय उत्सव के लिए 80 कारीगर तैयार कर रहे 170 क्विंटल प्रसाद

**– आरपी सिंह**

**वाराणसी।** काशी में मां अन्नपूर्णा के चार दिवसीय उत्सव के लिए 170 क्विंटल अन्नकूट भोग प्रसाद तैयार किया जा रहा है। मां का तीन पीढ़ियों से प्रसाद तैयार कर रहे 80 कारीगरों की टोली इसमें जुटी हुई है। यह तैयारी दशहरा से चल रही है। तबसे ही मां अन्नपूर्णा दरबार में प्रसाद का निर्माण अनवरत चल रहा है। कोरोना के कारण बीते वर्ष लगभग 85 क्विंटल ही अन्नकूट प्रसाद बना था। इस बार उसके लगभग दोगुना प्रसाद तैयार कराया जा रहा है। प्रसाद में सबसे खास सूरन का लड्डू, 40 प्रकार की मिठाइयां और 16 प्रकार की नमकीन हैं।

अन्नकूट की झांकी में मिठाई से बना शिवलिंग आकर्षण का केंद्र होगा। अन्नकूट की झांकी दर्शन भी श्रद्धालुओं को मिलेगा। इस बारे में महंत शंकर पुरी महाराज का कहना है कि मां के अन्नकूट प्रसाद का विशेष महत्व है। अन्नकूट के दिन देशभर से श्रद्धालु माता के अन्नकूट की झांकी के दर्शन के लिए आते हैं। अधिकारियों ने जब बताया कि 22 को नहीं 23 अक्टूबर को माता के दर्शन होंगे, तो श्रद्धालुओं का जवाब था कि अब तो आ गये हैं और अब दर्शन करने के बाद ही जायेंगे। महंत शंकर पुरी ने बताया कि 23 अक्टूबर को भोर में चार बजे से माता अन्नपूर्णा के दर्शन पूजन का सिलसिला आरंभ होगा जो 26 अक्टूबर तक चलेगा। 25 अक्टूबर को सूर्यग्रहण के कारण दो बजे से शाम 7.30 बजे तक साढ़े पांच घंटे मंदिर के कपाट बंद रहेंगे। कण-कण


- **प्रसाद में सूरन का लड्डू, 40 प्रकार की मिठाइयां और 16 प्रकार के हैं नमकीन**
- **मां के स्वर्णमयी स्वरूप के सामने भिक्षा मांगते हुए भगवान शिव की रजत प्रतिमा के दर्शन के लिए देशभर से श्रद्धालुओं का उमड़ता है रेला**
- **श्री यंत्र स्वरूप के मंदिर में विराजमान मां अन्नपूर्णा के दरबार से बंटनेवाले खजाने और प्रसाद का है अलग ही महत्व**

शंकर की नगरी अपने आप में अनोखी है। कदम-कदम पर गलियों में विराजते शिव और उनके गण जहां भक्तों को आशीष देते हैं, वहीं शक्ति स्वरूपा मां जगदंबा अन्न-धन का भंडार भरती हैं। बाबा विश्वनाथ के आंगन में विराजमान मां अन्नपूर्णा अपने भक्तों की हर इच्छा को पूरी करती हैं और यही कारण है कि धनतेरस से लेकर अन्नकूट तक श्रद्धालुओं का रेला माता के दरबार में उमड़ता है। मंदिर के महंत शंकर पुरी ने बताया कि मां अन्नपूर्णा का यह मंदिर देश का इकलौता मंदिर है जो श्री यंत्र के आकार में निर्मित है। श्री यंत्र के ऊपर विराजमान माता अपने भक्तों और श्रद्धालुओं पर कृपा बरसाती रहती हैं। मंदिर के कोण मिलाने पर स्वतः स्वरूप में श्रीयंत्र का निर्माण हो जाता है। यही कारण है कि माता का यह स्थान स्वतः सिद्ध है। देश में कई स्थानों पर मां अन्नपूर्णा का मंदिर है, लेकिन काशी में विराजमान मां अन्नपूर्णा का अलग ही महत्व है। पुराणों में वर्णित है कि भगवान शिव ने स्वयं मां अन्नपूर्णा से अन्न की भिक्षा मांगी थी। माता के स्वर्णमयी स्वरूप के सामने भिक्षा मांगते हुए भगवान शिव की रजत प्रतिमा के दर्शन के लिए देशभर से श्रद्धालुओं का रेला उमड़ता है। कहा जाता है कि माता के दरबार से मिले खजाने से श्रद्धालुओं के घर के अन्न भंडार हमेशा भरे रहते हैं। महंत ने बताया कि श्री यंत्र स्वरूप के मंदिर में विराजमान मां अन्नपूर्णा के दरबार से बंटने वाले खजाने और प्रसाद का अलग ही महत्व है। यही कारण है कि माता का खजाना और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## कालमेघ से दूर होगी फैटी लीवर की समस्या

### कालमेघ से एक दिन के इलाज का खर्च महज 2.04 रुपये

**– आरएनएम**



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान व आयुर्वेद संकाय के चिकित्सकों ने कालमेघ के इस्तेमाल से फैटी लीवर रोग को दूर करने में सफलता हासिल की है। संस्थान के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी तथा आयुर्वेद संकाय के द्रव्य गुण विभाग के सहयोग से कालमेघ का क्लीनिकल ट्रायल सफलता पूर्वक हो गया है। भारत सरकार की पहल पर बीएचयू ने गैर अल्कोहल फैटी लीवर रोग (एनएएफएलडी) की चिकित्सा के क्लीनिकल ट्रायल को शुरू किया था। इससे इलाज के खर्च में कमी आयी और दुष्प्रभाव भी नहीं मिला। चिकित्सा विज्ञान संस्थान बीएचयू के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार के निर्देशन में चार चिकित्सकों की टीम ने जनवरी 2022 में 94 मरीजों पर क्लिनिकल ट्रायल शुरू किया। भारत सरकार ने एनएएफएलडी को 2021 में राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल किया था। इसके पीछे हालिया के अध्ययनों में मिला था कि देश में एनएएफएलडी के केस में 24 से 32 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो रही है। चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान 47 मरीजों को कालमेघ और मानक आहार व व्यायाम की सलाह दी। वहीं, दूसरे बाकी मरीजों को प्लेसबो दवा के साथ ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इस बार दिवाली पर मेवों की बिक्री 25 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा होने की संभावना

**– आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** इस वर्ष दिवाली पर मेवों की बिक्री 25 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार होने की उम्मीद है। कारोबारियों के मुताबिक इस वर्ष मिठाई वालों से लेकर गिफ्ट देने के लिए मेवों की भी मांग खूब है। बीते वर्ष दिवाली के समय ही अफगान संकट के कारण मेवों की आपूर्ति बाधित होने से दाम ज्यादा थे, लेकिन इस बार मेवों का आयात खूब हुआ, क्योंकि अफगान संकट भी दूर हो गया है। कारोबारियों ने अफगानिस्तान के अलावा अन्य मेवा आयातक देशों से भी माल मंगाया है। कोरोना की मार खत्म होने से भी मेवों की बिक्री बढ़ी है। इंटरनेशनल फ्रूट्स एंड नट्स ऑर्गेनाइजेशन व क्लास एल जोन प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि कोरोना के कारण बीते दो साल दिवाली पर मेवों की मांग कमजोर रही। लेकिन अब कोरोना खत्म होने से इस साल मेवों की मांग भी बढ़ी है। कॉरपोरेट क्षेत्र ने भी कर्मचारियों व अन्य को गिफ्ट देने के लिए मेवों की खरीद पिछले साल से ज्यादा की है। इस साल मेवा कारोबार 10 प्रतिशत बढ़कर 25,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। दिल्ली के खारी बावली से जुड़े व्यापारी संघ का कहना है कि पिछले वर्ष मेवे महंगे होने से बिक्री कम हुई थी। इस साल मेवों के दाम बढ़े नहीं है।

## धनतेरस को लेकर सजा बाजार, आकर्षक ऑफर व उपहारों की भरमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** धनतेरस व दीपावली पर्व को लेकर शनिवार को जिला मुख्यालय समेत सभी प्रखंडों के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है । शहर के कई प्रसिद्ध मोटरसाइकिल शोरूम के अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स व घरेलू उपकरणों के दुकानों में दुकानदारों ने काफी स्टॉक कर रख लिया है। साथ ही ग्राहकों को लुभाने के लिए प्रतिष्ठानों द्वारा आकर्षक ऑफर को उपहार की घोषणा की गई है । इसके अलावा कई प्रतिष्ठानों ने कम ब्याज पर फाइनेंस की भी सुविधा ग्राहकों को दी जा रही है । शहर के मुख्य पथ पर स्थित महिंद्रा शोरूम में ग्राहकों के लिए कई ऑफर लाए हैं । प्रतिष्ठान के हौंडा कंपनी के किसी भी दो पहिया वाहन की खरीदारी पर चांदी का सिक्का टीवी



मोबाइल फोन व मिक्सर मशीन समेत कई उपहार दिए जा रहें है। मैकेनिकल स्टोर के संचालक दीपक अग्रवाल ने बताया कि दीपावली के धनतेरस पर सभी उत्पादों की खरीदारी पर सरप्राइस गिफ्ट की व्यवस्था प्रतिष्ठान द्वारा की गई है । शहर के मुख्य पथ पर स्थित बर्तन किंग के संचालक ने बताया कि दीपावली और धनतेरस पर 2000 रुपये से अधिक की खरीदारी पर कप सेट व अन्य आकर्षक उपहार दिये जाएंगे । शहर के मेन रोड स्थित मंजीत ग्लास स्टोर के संचालक रंजीत कुमार ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में विघ्न हरण भगवान गणेश व धन की देवी महालक्ष्मी की आकर्षक प्रतिमा एवं पूजन सामग्री उपलब्ध है। 1000 से अधिक की खरीदारी पर आकर्षक उपहार दिए जायेंगे । शहर के थाना चौक के सोना महल के संचालक धनंजय सोनी ने बताया कि उनके ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### झाड़ू की खरीददारी के लिए भीड़

धनतेरस में जहां आभूषण,गाड़ी,इलेक्ट्रॉनिक के सामानों की धूम है वहीं सभी के हाथों में एक झाड़ू को भी देखा जा सकता है। ऐसी पौराणिक मान्यता है कि धनतेरस के दिन जिन चीजों की खरीदारी की जाती है वह तेरह गुना और बढ़ जाती है। इस दिन झाड़ू खरीदने की भी परंपरा है जिसे बहुत ही शुभ माना जाता है। धनतेरस के दिन हर घर में एक नई झाड़ू जरूर खरीदना चाहिए। मत्स्य पुराण के अनुसार झाड़ू को मां लक्ष्मी का रूप माना जाता है। घर में झाड़ू के पैर लग जाए तो इसे भी अशुभ माानते हैं। इसलिए घर में झाड़ू से घर साफ करने के बाद ऐसी जगह रखा जाता है जहां पैर नहीं लगे। क्योंकि झाड़ू का मां लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। झाड़ू को सुख-शांति बढ़ाने और दुष्ट शक्तियों का सर्वनाश करने वाला भी बताया गया है। ऐसी मान्यता है कि झाड़ू घर से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### धनतेरस को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

**पांकी।** प्रखंड में आज धनतेरस का पर्व मनाया जा रहा है। दिवाली से पहले धनतेरस के दिन धन की देवी लक्ष्मी के साथ आयुर्वेद के पिता धन्वंतरी की पूजा की जाती है। इनकी उपासना से धन, आरोग्य, कारोबार में तरक्की प्राप्त होती है। आज के दिन खरीदारी करना चाहिए। धनतेरस , कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी को मनाया जाता है। माना जाता है इसी दिन समुद्र मंथन के दौरान ,अमृत का कलश लेकर धन्वंतरी, जो कि देवताओं के वैद्य हैं,प्रकट हुए थे। स्वास्थ्य रक्षा और आरोग्य के लिए इस दिन धन्वंतरी देव की उपासना की जाती है। इस दिन को कुबेर का दिन भी माना जाता है और धन सम्पन्नता के लिए कुबेर की पूजा की जाती है। इस दिन लोग मूल्यवान धातुओं का और नए बर्तनों – आभूषणों का क्रय करते हैं। उन्हीं बर्तनों और मूर्तियों से दीपावली की मुख्य पूजा की जाती है।

### डेली मार्ट का खुलना तरक्की की पहचान: अशोक




**हुसैनाबाद।** शहर के एसबीआई मुख्य ब्रांच के समीप शनिवार को डेली मार्ट शौपिंग काम्प्लेक्स का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर समाजसेवी अशोक कश्यप ने कहा कि मध्यम वर्गीय परिवार के लिए डेली मार्ट शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बेहतर केंद्र है। हुसैनाबाद में इस तरह शॉपिंग मॉल खुलने से ग्राहकों को एक ही स्थान पर सामान खरीदने में सहूलियत होगी। मौके पर मॉल के प्रोपराइटर अंकित कश्यप ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में सभी प्रकार के जेनरल सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध है। ग्राहकों की संतुष्टि मेरी प्राथमिकता होगी। ग्राहकों को एक बिल्डिंग में तमाम चीज सस्ते दर और सरल ढंग से उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर प्रो. अरबिंद सिंह,अविनाश कश्यप उर्फ बिट्टू ,दिलीप सिंह,गुड्डू कश्यप समेत कई लोग मौजूद थे।

### छोटी बच्चियों ने किया मोबाइल दुकान का शुभारंभ

**हरिहरगंज।** शहर के सतगावां रोड़ लवली कंपलेक्स में शनिवार को आरआर मोबाइल हब शॉप का उद्घाटन छोटी बच्चियां इलमा व फलक ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर प्रोपराइटर राजू रहमान ने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल लोगों की जरूरत का खास साधन बन गया है। इस टेक्नोलॉजी को रोजाना विस्तार हो रहा है। इसकी जरूरत अभी के समय में हर व्यक्ति को है। इसके बिना लोगों का कई काम बाधित हो जाता है। मोबाइल ने लोगों के बीच शहरो की दूरी को खत्म कर दिया है। वहीं मौके पर राजद नेता कमलेश कुमार यादव, मो. इसरार आलम, प्रधानाध्यापक मो. फैजउल रहमान, एहतेशाम अनवर, मो. असलम, अतहर हुसैन, सरोज प्रसाद, मो. राशिद मोबस्सीर, सकलैन, अधिवक्ता अशोक यादव मो. राशिद फैजी, मो. शहजाद, फैजान आलमगीर, डॉ. जयाउद्दीन, डॉ. जिलानी, आबिद उर्फ मुन्ना, महबूब फैजी मोहम्मद, जमील अहमद, हाफिज हसन रजा सहित अन्य मौजूद थे।

### शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, लाखों की क्षति

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कौवाखोह स्थित बबन प्रसाद मेहता के किसान खाद भंडार व आलू बीज के दुकान में शार्ट सर्किट से शुक्रवार की रात आग लग गयी। जिससे दुकान में रखे एक लाख नगद, 25 बोरा आलू का बीज, घर का कागजात, पढ़ाई संबंधित सभी कागजात, काउंटर, कुर्सी, पंखा, स्टेप्लाइजर सहित कई सामान जलकर खाक हो गया। दुकानदार बबन प्रसाद मेहता ने बताया कि रोज की तरह रात में दुकान बंद कर अपने घर कोल्हूवाड़ा चले गये थे। तभी रात में दुकान में आग लग गयी। जब तक वह घर से यहां आते सभी सामान जलकर नष्ट हो गया था। इस घटना की सूचना उन्होंने हरिहरगंज थाना को दी है।

### सरकार की इस मुहिम से अधिक से अधिक लोग लाभ उठावें

**हुसैनाबाद।** पलामू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऊपरी कला पंचायत सचिवालय में शनिवार को राज्य सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह,प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी,उप प्रमुख इंदु देवी,मुखिया प्रेमा देवी, बीडीओ रतन कुमार सिंह ,झामुमो नेता,वशिष्ठ सिंह,डॉ एजाज आलम,नेहाल असगर आदि लोगो ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मध्य जीप सदस्य और पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा की सरकार के इस कार्यक्रम का लाभ अधिक से अधिक लोग उठाये। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से जनता की हर समस्याओं को गम्भीरता से लेने के लिए कहा। वहीं इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड प्रमुख ने सरकार के इस कार्यक्रम को सराहनीय बताया। उप प्रमुख ने अपने पंचायत के लोगों से कहा कि हर योजनाओं स्टॉल लगा हुआ है । आप लोग इसका लाभ उठाएं। मुखिया प्रेमा देवी ने कहा कि मैं पूरी निष्ठा पूर्वक अपने पंचायत के जनता को लाभ दिलाना चाहती हूं । विकास में आपका सहयोग अपेक्षित हैं । बीडीओ रतन कुमार ने एक एक कर सभी योजनाओं को विस्तृत जानकारी देते हुए कई लाभुकों के आवेदन पर त्वरित करवाई किया।

# स्वीकृत होने के बाद भी नहीं मिला पीएम योजना का लाभ

## दूसरे व्यक्ति ने निर्माण कार्य करा निकाल ली पूरी राशि

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** पलामू जिले का नावाबाजार प्रखंड सदैव विवादों में रहा है। यहां बिचौलियों को अधिकारी व कर्मचारी का संरक्षण मिलता रहा है। जिसके कारण प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में लूट मची है। ऐसी एक मामला नावाबाजार प्रखंड के रबदा गांव से आई है। प्रधानमंत्री आवास गांव के बिशुन भुइयां पिता बिहारी भुइयां के नाम स्वीकृत हुआ। लेकिन यह आवास स्थानीय स्वयं सेवक और पंचायत सेवक की मिलीभगत से गांव के हीं दुसरे बिशुन राम पिता राम जीयन राम के आवास व स्थल का जियो टैगिंग कराया गया। इतना हीं नहीं फर्जी बने आवास लाभुक बिशुन राम को प्रधानमंत्री आवास के तहत मिलने वाले दोनों किस्त और अवशेष मनरेगा की राशि का भुगतान भी कर दी गई। इस बात से हैरान पंचायत के लोग सहित पूर्व से चयनित लाभुक विष्णु भुइयां तब होते हैं जब उन्हें पूर्व नावा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी जुहुर आलम के द्वारा नोटिस भेजकर प्रधानमंत्री आवास के तहत मिलने वाली राशि 12% ब्याज के साथ लौटाने का निर्देश दिया गया। नोटिस मिलते हीं बिशुन भुइयां के हाथ पांव फुलने लगे। साथ इस संबंध में समुचित जानकारी के लिए स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों सहित नावा बाजार प्रखंड के पूर्व जिला पार्षद सदस्य अनुज राम के पास गया। जहां अपने प्राप्त नोटिस को दिखाते हुए मामले को बताया। पूर्व जिला पार्षद भी इससे हैरान हो गए वे इस संबंध में स्थानीय पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव से बात की। उन्होंने बताया कि यह एक बहुत बड़ी भूल हो गई है। ऐसे में आवास लाभुकों की सूची में पंजीकृत बिशुन भुइयां प्रधानमंत्री आवास के पैसे कहां से और कैसे वापस करेंगे। यह यक्ष प्रश्न बनकर रह गया है। इस मामले को लेकर लाभुकों की सूची में पंजीकृत बिशुन भुइयां पलामू आयुक्त सहित उपायुक्त और उप विकास आयुक्त आदि से मिलकर मामले की जानकारी देंगे। साथ ही इसमें संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की भी मांग करेंगे।

**बाक्स : नावा बाजार प्रखंड का फजीर्वाड़े का रचा जाता रहा है इतिहास**

पलामू जिले के नावा बाजार प्रखंड में बिशुन भुइयां रबदा गांव निवासी का यह पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी ऐसे कई मामले सामने आये हैं। लेकिन प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा लोगों को भयभीत मामले को छुपाया जाता रहा है। मनरेगा सहित 14वें वह 15 वें वित्त आयोग के कई कार्य कागजों पर भी कर ली गई। वित्त आयोग की राशि से पंचायतों में लगाई गई जल मीनार भी कागजों पर की गई है। इसकी जांच हो तो नावाबाजार प्रखंड झारखंड में अपना एक अलग पहचान बनायेगा। आहर,पोखर व तालाब की राशि बिना कराए हीं निकाल ली गई है। तरह के कई मामले जिला कार्यालय में शिकायत के बाद टेबल की शोभा बढ़ा रही है।

**आवास फजीर्वाड़े में स्वयं सेवक व पंचायत सेवक की भूमिका संदिग्ध :** पलामू जिले के नावा बाजार प्रखंड स्थित रबदा पंचायत में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास लाभुक बिशुन भुइयां को आवास नहीं मिलना व उसकी जगह पर गांव के ही किसी अन्य व्यक्ति को इसका लाभ दे दिया जाना एक गंभीर मामला है। इस फजीर्वाड़े की खेल में स्थानीय पंचायत सेवक व स्वयंसेवक की भूमिका संदिग्ध है। पैसे भुगतान के पूर्व लाभुक के साथ स्वीकृत आवास स्थल पर ऑनलाइन जियो टैगिंग की जाती है। जहां स्वयंसेवक और पंचायत सेवक की मौजूदगी होती है। फिर भी पैसे का भुगतान गलत लोगों को किया जा रहा है तो कहीं न कहीं इनकी मिलीभगत रहा है.। अगर पहली किस्त का भुगतान गलतफहमी में चली गई है तो दूसरी किस्त में इसकी पड़ताल क्यों नहीं की गई। पंचायत के रोजगार सेवक की भी भूमिका संदिग्ध है। उसके द्वारा मनरेगा से मिलने वाली राशि भुगतान के पूर्व जांच क्यों नहीं की गई। तमाम मामलों से यह स्पष्ट होता है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी का इन सभी अधिकारियों को संरक्षण मिलता रहा है तभी वह गलत कार्य को करते चले आते रहे हैं।

## अध्यक्ष प्रत्याशी राजू राम ने किया क्षेत्र भ्रमण, कहा

# लोगो के समर्थन व सहयोग से मेरी जीत सुनिश्चित

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** बसपा नेता सह विश्रामपुर नगर परिषद के अध्यक्ष प्रत्याशी राजू राम ने अपने सहयोगियों के साथ शनिवार को क्षेत्र भ्रमण कर लोगो का हालचाल जाना और उनसे आगामी होने वाले नगर परिषद चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित कराने का आशीर्वाद मांगा। राजू राम ने कहा कि चुनाव लड़ना मेरे लिए कोई चुनौती नहीं है। इस चुनाव में लोगों का मुझे काफी समर्थन और सहयोग मिल रहा है। जिससे मेरी जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि आज जो नगर परिषद क्षेत्र में भ्रष्टाचार फैला है। वह किसी से छुपा नहीं है। चाहे आप सुलभ शौचालय की बात करे या फिर मूत्रालय,सड़क व नाले की बात कर ले, सब में खुल कर कमीशन खोरी के चक्कर में भारी लूट हुई है। योजना के नाम पर जनता के पैसों का खुल कर दुरुपयोग किया गया है। आज विश्रामपुर को नगर परिषद का दर्जा मिला है। किंतु सुविधा के नाम पर यहां के लोगों को कुछ भी नही मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि आप रोशनी की बात करे या फिर सुलभ शौचालय की दोनो ही सिर्फ और सिर्फ नप की शोभा मात्र बन कर रह गई है।जो की आज जनता के लिए बिलकुल अनउपयोगी सिद्ध हो रही है। मौके पर शिव नाथ पासवान,लक्ष्मण भुइया,राम कयास पासवान,बहादुर कुमार,जयराम पासवान,मनोज यादव सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## इलेक्ट्रॉनिक एम्पायर का उद्घाटन

**हरिहरगंज ।** शहरी क्षेत्र के थाना रोड़ स्थित एक्सिस बैंक के बगल में इलेक्ट्रिक एंपायर दुकान का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। प्रोपराइटर के पिता विजय कुमार सिंह तथा चाचा शिव कुमार सिंह ने पूजन के बाद फीता काटा। प्रोपराइटर ने बताया कि इस प्रतिष्ठान में सभी इलेक्ट्रिक तथा इलेक्ट्रॉनिक सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध है। इस अवसर पर युवा समाजसेवी राजीव रंजन, अतहर हुसैन, रामनरेश सिंह, अरविंद सिंह, अखिलेश मेहता, आलोक कुमार, मृत्युंजय सिंह, मनोज मेहता सहित कई लोग उपस्थित थे।

# आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवादाता**

**छतरपुर।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतिम दिन झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चन्दन प्रकाश सिन्हा ने छतरपुर एवं नौडीहा बाजार प्रखंड के कार्यक्रम का भ्रमण किया और स्थिति का जायजा लिया। फिर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को यह निर्देश दिया गया था कि झारखंड के दूर-दराज के गांव में बसने वाले अंतिम व्यक्ति तक इस योजना का लाभ मिलें। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों तक इस योजना को पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई थी ।जिसे लेकर श्री सिन्हा लगातार लोगों तक प्रचार प्रसार कर क्षेत्र के आयोजन स्थल पर जाकर सुविधाओं की मांग करने के लिए जागरूक करने का काम किया। गौरतलब है कि छतरपुर एवं नौडीहा बाजार के सुशीगंज कालापहाड़ पिनराही बिसनपुर नगर पंचायत 3 ऊबिना दाल समय दर्जनों पंचायत के कार्यक्रम में हिस्सा लिया एवं लोगों को सुविधा का लाभ उठाने में सहयोग एवं जागरूक किया । मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि छतरपुर प्रखंड में प्रचार-प्रसार की कुछ कमी थी, जिसके कारण लोग तो आये। लेकिन अपनी योजना का लाभ उठाने के लिए कौन-कौन से कागजात की आवश्यकता है या उन्हें पता नहीं होने के कारण आधा अधूरा आवेदन जमा किया गया या फिर जमा नहीं किया गया। द्वितीय चरण के कार्यक्रम में यह गलती नहीं हो इसके लिए वरीय पदाधिकारियों से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने की मांग की जायेगी।

# जेसीबी से विद्यालय खेल मैदान का किया जा रहा है समतलीकरण

## विद्यालय परिसर में अवस्थित चबूतरा व शौचालय को भी तोड़ा

**नवीन मेल संवाददात**



**नावा बाजार ।** प्रखंड के सोहदाग खुर्द पंचायत स्थित रजदिरीया मध्य विद्यालय के प्रांगण में जेसीबी मशीन के द्वारा खेल के मैदान का समतलीकरण कराया गया। यह योजना मनरेगा के तहत की जा रही है। लेकिन इसकी जानकारी स्थानीय मनरेगा मेंठ संगीता देवी को भी नहीं है। मनरेगा मेठ संगीता देवी ने इस संबंध में बताई की वीर शहीद पोटो हो योजना के तहत मनरेगा के तहत खेल का मैदान विद्यालय प्रांगण में कराया जाना है। मनरेगा के तहत कराए जाने वाले कार्यों में जेसीबी का उपयोग किया जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। फिर भी स्थानीय बिचौलियों के द्वारा खेल के मैदान समतलीकरण में जेसीबी का प्रयोग किया गया। इतना ही नहीं मैदान में पूर्व से बने चबूतरे व शौचालय को भी जेसीबी से तोड़ दिया गया। जिसका अवशेष व जेसीबी का चिह्न आज भी है। इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन समिति से किसी भी तरह की मशवरा भी नहीं की गई। जबकि विद्यालय परिसर में किसी भी कार्य कराए जाने की पूर्व प्रबंधन समिति की बैठक में निर्णय लिए जाने का प्रावधान है। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं किया गया। विद्यालय परिसर में अवस्थित खेल का मैदान जमीन रैयती है। इस संबंध में स्थानीय मुखिया से भी शिकायत की गई । लेकिन उनके द्वारा इस पर चुप्पी साध ली गई। मनरेगा मेठ संगीता देवी के द्वारा नावा बाजार अंचलाधिकारी को आवेदन देकर जमीन की मापी कराते हुए गलत तरीके से तोड़े गए शौचालय व चबूतरे के लिए जिम्मेवार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

# नगर पंचायत में नाली मरम्मत निर्माण कार्य का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 11 में अभिमन्यु लाल के लॉज से अमीन खान के घर तक नाली मरम्मती निर्माण कार्य का शिलान्यास हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान,नपं उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, राजद के प्रदेश सचिव जाकिर अली उर्फ अली,समाजसेवी अमीन खान, मिंटू अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि नगर पंचायत में विकास हो, इसके लिए हमलोग हमेशा प्रयासरत हैं। शहर में प्राथमिकता के आधार पर सड़क,नाली निर्माण समेत विकास के कई अन्य कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे है। शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाना हमारी प्राथमिकता है । मौके पर समाजसेवी छेदी खान ने कहा कि शहर के विकास के लिए नगर प्रतिनिधि गंभीरता से कार्य कर रहे हैं, जो सराहनीय पहल है। मौके पर नपं उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि शहर में विकास की किरण जहां नहीं पहुंची है। हम वहां तक विकास पहुंचाने के लिए तत्पर हैं। यहां नाली नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी होती थी। नाली मरम्मत हो जाने से लोगों को सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग के अनुसार विभिन्न जगहों पर विकास योजनाएं चलाई जा रही है। इस मौके पर सिबतेंन मिर्जा,असगर खान उर्फ मिथुन,अनवर खान, मुन्ना हुसैन समेत कई लोग मौजूद थे।

# पंच सरोवर मंदिर छठ पूजा समिति का पुनर्गठन, अध्यक्ष बने लखनदेव

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** ब्लॉक रोड स्थित पंच मदिंर सरोवर परिसर में छठ पूजा धूमधाम से मनाने के लिए एक बैठक आहूत की गई है । बैठक की अध्यक्षता लखनदेव सिंह ने की । जबकि संचालन मुकेश कुमार विश्वकर्मा ने किया । बैठक में छठ पूजा कमिटी पंच मदिंर सरोवर का पुनर्गठन कर पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें विनय कुमार सिंह यादव , रामजनम सिंह,अरविंद कुमार सिंह, सुरेश ठाकुर एवं रविन्द्र चौधरी को संरक्षक लखनदेव सिंह को अध्यक्ष, निरंजन प्रसाद को उपाध्यक्ष, अखिलेश यादव को सचिव, विजय कुमार सिंह यादव को उप सचिव , वीरेन्द्र राम को कोषाध्यक्ष, मुकेश कुमार धर्मेंद्र शर्मा, कन्हाई यादव आदि लोगों का नाम उल्लेखनीय है ।

# चाइनीज सामान का बहिष्कार करने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** दीपावली आते ही चाइनीस सामानों की बाजार में डिमांड बढ़ जाती है। इसी के चलते स्कूली बच्चों ने चाइनीस सामानों के बहिष्कार को लेकर कमर कस ली है। प्रखंड क्षेत्र के सगालीम स्थित सन साइन पब्लिक स्कूल परिवार ने चाइनीस सामानों का बहिष्कार करने की अपील की है। स्कूल के चेयरमैन राजेश कुमार ने बताया कि चाइनीस सामान को बहिष्कार करते हुए स्वदेशी सामान को अपनाने की जरूरत है। तभी देश सुरक्षित रहेगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि चाइनीस सामान के कारण आज देश की अर्थव्यवस्था खराब हो रही है।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-22/2022-23

पत्रांक–461 हुसैनाबाद, दिनांक–22.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | खदिया बाँध का जिर्णोद्धार, ग्राम –बिरजा – प्रखण्ड–उटारी रोड़, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 32.109 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 05.11.2022 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.11.2022 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 17.11.2022 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8987530131 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.11.2022 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर । (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 280774 (Water Resource)22-23*D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-21/2022-23

पत्रांक–460 हुसैनाबाद, दिनांक–22.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | मेजराईन बड़का आहर का जिर्णोद्धार ग्राम – चनकार कस्तुरी– प्रखण्ड–हुसैनाबाद,जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 41.813 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 05.11.2022 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.11.2022 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 17.11.2022 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8987530131 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.11.2022 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर । (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 280773 (Water Resource) 22-23 (D)


## मदरसा खैरुल इस्लाम कमिटी की बैठक

# बच्चों को बेहतर तालीम मिले: सदर कमिटी

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद ।** अनुमंडल क्षेत्र के जपला शहर स्थित मदरसा खैरुल इस्लाम परिसर में शनिवार को अवामी बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हाफिज सगीर अंसारी ने की। संचालन मोहिउद्दीन अंसारी ने किया । बैठक में मदरसा खैरुल इस्लाम मे बच्चों को बेहतर दीनी तालीम के अलावा अन्य शिक्षा भी मिल सके उस पर चर्चा की गई। वहीं इस मदरसा के पूर्व कमिटी के अध्यक्ष और सचिव के क्रिया कलापों पर लोगो ने नाराजगी व्यक्त की। बैठक में निर्णय लिया गया नए कमिटी के लोग इस मदरसा को सभी लोग से समन्वय स्थापित कर बेहत्तर ढंग मदरसा चलायें। साथ ही इस बैठक में प्रस्ताव लिया गया की हर महीने मदरसा कमिटी की बैठक की जायेगी, और मदरसा में आमद और खर्च का ब्यौरा पूरी पारदर्शिता के साथ प्रस्तुत किया जाये। साथ ही इस मदरसा को पंजीकृत करवाने के लिए भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से मदरसा के अध्यक्ष फिरोज सिद्दीकी, सचिव, मोहम्मद अली, टुन्ना खान, शेर अली, अफजाल खान, मोब्बशिर अहमद, इमाम अली, इमाम अली, सुहैल आलम,मो आसिफ, कलाम राईन, सद्दाम कादरी, महफूज रहमान, नौशाद अंसारी, बाबर हुसैन, जुल्फिकार अली, इरफान सिद्दिकी, मो.सकिर, वाजुद्दीन अंसारी, भोला अंसारी, हसनैन रजा, मोहिसिन खान, लड्डन खान,समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

**ई0-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-25/2022-23

पत्रांक– 464 हुसैनाबाद, दिनांक– 22.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | जगहत आहर का जिर्णोद्धार ग्राम –कामगारपुर – प्रखण्ड–हुसैनाबाद, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 26.116 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 05.11.2022 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.11.2022 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 17.11.2022 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8987530131 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.11.2022 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर । (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 280777 Water Resource (22-23)_D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

**ई0-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-20/2022-23

पत्रांक–459 हुसैनाबाद, दिनांक–22.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | मेघा आहर का जिर्णोद्धार ग्राम–पतरिया– प्रखण्ड–हैदरनगर, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 46.453 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 05.11.2022 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.11.2022 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 17.11.2022 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8987530131 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.11.2022 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर । (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 280772 Water Resource (22-23)_D




# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार

**पहला चरण : 12 से 22 अक्टूबर**

| कुल आवेदन प्राप्त | कुल निष्पादन | कुल प्रक्रियाधीन |
|---|---|---|
| 20,30,312* | 10,21,791* | 10,08,521* |

*डाटा जानकारी 22/10/2022, 06:00 PM

स्रोत :- https://sarkaraapkedwar.jharkhand.gov.in/




## राज्य भर में दूसरे चरण का आयोजन : 1 नवम्बर 2022 से 14 नवम्बर 2022

PR No. 280866 (IPRD) 2022-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# प्राप्त आवेदनों का करें गुणात्मक निष्पादन : आयुक्त

## योजनाओं का लाभ लेकर रोजगार सृजन करें व बेहतर जीवन जियें: डीडीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**'मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना है। शिविर में प्राप्त आवेदनों का गुणात्मक निष्पादन जरूरी है। आवेदनों का सत समय निष्पादन नहीं होने से लोगों में निराशा का भाव आयेगा । इसलिए पदाधिकारी प्राप्त आवेदनों का निष्पादन रिलीजियस मोड में कराना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों का उत्साह बना रहे। यह बातें आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे आज 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिले के कोरवाडीह पंचायत में आयोजित शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई योग्य लाभुक वंचित न रहें। इसका ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को योजनाओं का लाभ देने के साथ-साथ हुनरमंद बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। ऐसे में लोगों को भी जिम्मेदारी बनती है कि वे हुनरमंद बनें और अपने में उद्यमिता का विकास करें। रोजगार सृजनकर्ता बनने से और अधिक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत किशोरियों को लाभान्वित किए जाने का कार्य हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के संबंध में लोगों को जागरूक होकर लाभ लेने का आह्वान किया। हड़िया-दारु निर्माण एवं बिक्री से मजबूरन जुड़ी महिलाओं को आजीविका के वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराकर सरकार ने सम्मानजनक जीविका से जोड़ने का काम कर रही है, ताकि महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर वैकल्पिक आजीविका का लाभ उठा सकें। उन्होंने महिलाओं को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। आयुक्त ने गढ़वा जिला प्रशासन की ओर से लोगों को लाभ पहुंचाने के दिशा में किए जा रहे बेहतर प्रयास की सराहना की और पूरी टीम को बधाई दी। साथ ही जनप्रतिनिधियों के सहयोग की भी सराहना की। गढ़वा के उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर लोग रोजगार सृजन करें और बेहतर जिंदगी जिएं। उन्होंने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना से एक ओर जहां वृद्धजनों को सम्मान मिला है। वहीं सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान के माध्यम से बालिकाओं एवं महिलाओं को सम्मान मिला है। इन योजनाओं का लाभ लेकर लोग सशक्त बनें। साथ ही मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से जुड़कर महिलाएं अपनी छोटी-छोटी रोजगार परक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर सकती हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी तनवीर आलम, धीरज दुबे, मुखिया शरीफ अंसारी ने 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों से अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा था। अतिथियों ने भी लाभुकों को ऑन स्पॉट योजनाओं का लाभ दिया। साथ ही परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। वहीं महिलाओं को गोद भराई तथा बच्चों को अन्न प्रासन जैसे रस्म पूरे किए गए। ढंड के मद्देनजर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। आयुक्त सहित अन्य अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में आयुक्त जटा शंकर चौधरी के अलावा उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, भूमि संरक्षण पदाधिकारी रामाश्रय राम, समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा देवी, कल्याण पदाधिकारी नीलेश मुर्मू, जिप सदस्य जयदुल्ला अंसारी, मुखिया सरीफ अंसारी, प्रमुख विमला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमूद झा, अंचल अधिकारी मयंक भूषण, जेएसएलपीएस के डीपीएम सुरेश सिंह, समाजसेवी तनवीर आलम, धीरज दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे।

## राशन डीलर कार्रवाई के लिए रहें तैयार : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** कोनवाई के जन वितरण प्रणाली दुकानदार अजय कुमार सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद ने निलंबन के संबंध में आदेश जारी की हैं। निलंबन के पश्चात पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निर्भय कुमार ने राशन डीलर अजय कुमार सिंह के विरुद्ध पांकी थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। वहीं ग्रामीणों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निर्भय कुमार से राशन डीलर के विरुद्ध अंगूठा लगवाने के बावजूद भी अगस्त व सितंबर माह का राशन वितरण नहीं करने की शिकायत की थी । जिसके बाद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने सहायक गोदाम प्रबंधक से पूरे मामले की जांच करवाई । जांच में ग्रामीणों का राशन डीलर पर लगाया गया आरोप सही पाया गया । जिसके पश्चात राशन डीलर का लाइसेंस निलंबित करते हुए उसके ऊपर एफआईआर दर्ज करायी गयी। आंजनेयुलू दोड्डे ने जिले के सभी पीडीएस डीलरों से नियमित रूप से राशन वितरण करने को कहा। अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहने की बात कही है। उन्होंने कहा कि राशन की कालाबाजारी करते,या अंगूठा लगाने के बावजूद राशन वितरण नहीं करने की शिकायत पर संबंधित डीलर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया जायेगा।

# पलामू में आज मनाई जायेगी नर्क चतुर्दशी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज पलामू में नर्क चतुर्दशी का पर्व रविवार को मनाया जायेगा। दीपावली के एक दिन पहले नरक चतुर्दशी का पर्व मानाया जाता है। नरक चतुर्दशी का पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन मनाया जाता है। इस दिन भगवान कृष्ण, हनुमान जी,यमराज और मां काली के पूजन का विधान है। इसे छोटी दीपावली के नाम से भी जाना जाता है। इसके साथ ही इस दिन रूप चौदस और काली चौदस जैसे कई त्योहारों का आयोजन होता है। कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी यानी की धनतेरस से दीपावली के 5 दिन के पर्व की शुरूआत हो जाती है। दिवाली के एक दिन पहले नरक चतुर्दशी मनाई जाती है । जिसे नरक चौदस, रूप चौदस और काली चौदस भी कहते हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, जो लोग नरक चतुर्दशी के दिन अभ्यंग स्नान करते हैं। वे खुद को अधोलोक में जाने से रोक सकते हैं। यह एक ही दिन या कभी-कभी लक्ष्मी पूजा के एक दिन पहले किया जाता है।

**क्या है नरक चतुर्दशी का महत्व :** इस संबंध में ओम पाठक ने बताया कि इस दिन भगवान कृष्ण ने नरकासुर नामक राक्षस का वध किया था। उसके नाम पर ही इस दिन को नरक चौदस के नाम से जाना जाता है। इस दिन नरक की यातनाओं की मुक्ति के लिए कूड़े के ढेर पर दीपक जलाया जाता है। नरक चतुर्दशी को रूप चौदस भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन तिल के तेल से मालिश करके, स्नान करने से भगवान कृष्ण रूप और सौन्दर्य प्रदान करते हैं।

**कब है शुभ मुहूर्त :** हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि रविवार को है। जिसमें मुहूर्त रविवार की शाम 06 बजकर 03 मिनट से प्रारंभ होगा। जबकि नरक चतुर्दशी तिथि का समापन कल शाम 05 बजकर 27 मिनट पर होगा।

# आज होगी बीएड संयुक्त प्रवेश की परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद के द्वारा रविवार को आयोजित बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिय केंद्र बनाया गया है। जिसमें वीक्षण कार्य हेतु राजकीयकृत ब्राह्मण उच्च विद्यालय में कुल 22 शिक्षकों को परीक्षा केन्द्र पर प्रतिनियुक्त किया गया है। जिसे लेकर पलामू जिला शिक्षक पदाधिकारी ने पत्र के माध्यम से निर्देश जारी किया है। सभी शिक्षकों को निर्देश दिया गया है कि शुक्रवार के अपराहन में प्रतिनियुक्त परीक्षा केन्द्र पर योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। ससमय योगदान नहीं करने/परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न होने पर सारी जवाबदेही शिक्षको की होगी। सभी शिक्षकों/वीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि परीक्षा विभागीय निर्देशों अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा कक्ष में कदाचारमुक्त / शांतिपूर्ण परीक्षा के संचालन का पूर्ण दायित्व वीक्षकों का होता है। परीक्षा कक्ष में शिक्षकों को भी मोबाईल लेकर नहीं आने को कहा गया है। और न ही परीक्षार्थियों के पास मोबाइल होगा। सभी को अपने-अपने कक्ष में कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा का संचालन कराने को कहा गया है।

**किस शिक्षकों को किया गया है प्रतिनियुक्त :** केंद्र पर अनीता सिंह ,ललन राम ,मंजूर अली, सुधीर कुमार पाठक यश आर्या ,रेशमा कुमारी, मो० साजिद अख्तर ,चन्द्रीका चौधरी, उपेन्द्र कुमार पाठक ,कशमीर चौधरी, संजय कुमार सिंह, नागेन्द्र कुमार, निरज कुमार ,अजय कुमार चौधरी आशुतोष कुमार मिश्र, कचन बाला, अरूण कुमार सिंह जनेश्वर राम ,आनन्द मोहन सिंह ,राकेश रंजन, पींकू रूपेश कुमार ,कुंदन प्रसाद को नियुक्त किया गया है।

## कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में दीपावली की धूम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के रेड़मा तथा दुबियाखाड़ ब्रांच में शनिवार को दीपावली बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर डांडिया, झूमर एवं गरबा जैसे कई सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों के बीच में अंतरवर्गीय रंगोली प्रतियोगिता, थाल सजावट, मटका सजावट, दीप सजावट, तोरण द्वार सजावट प्रतियोगिता आदि आयोजित किया गया। मौके पर विद्यालय निदेशक सिया चरण सिंह ने बच्चों एवं अभिभावकों से आवाहन करते हुए कहा कि दीपावली के अवसर पर बम पटाखा नहीं फोड़ना चाहिए । जिससे पशु- पक्षियों एवं जानवरों को किसी प्रकार की परेशानी हो। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण के लिए मिट्टी के बने दिये का ही प्रयोग करना चाहिए।

## न्याय पाने में गरीबी बाधक नहीं: संतोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** न्याय पाने में गरीबी बाधक नहीं बनेगा। उक्त बातें रिमांड अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि मुकदमा लड़ने के लिए पैसा नहीं है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार फ्री में वकील मुहैया करायेगा। उन्होंने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जाता है । बताया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा क्या-क्या सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों पर मुकदमा हुआ है या जो लोग मुकदमा लड़ना चाहते हैं । वैसे लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है । जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोगों को हर संभव सहायता करने को प्रतिबद्ध है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की मदद से गरीब लोग मुकदमा लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिनके पास मुकदमा लड़ने के लिए पैसे की कमी होती है या पैसे नहीं है। वैसे लोग जो संप्रदायिक हिंसा ,जातीय हिंसा किसी प्राकृतिक आपदा भूकंप, बाढ़ या सुखा आदि के शिकार व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुफ्त में वकील मुहैया कराता है।

# एनसीसी कैडेट्स को मेडल व प्रमाण पत्र से किया गया पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी.पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में 22 अक्टूबर रविवार को एनसीसी कैडेट्स को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया । एनसीसी के छात्र 12 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2022 तक गोपीनाथ महिला विद्यालय गढ़वा में आयोजित शिविर में शामिल हुए थे। जिसमें कुल 37 छात्रों ने भाग लिया । एनसीसी के छात्रों ने इस शिविर में अनेक बहुमुखी गति विधियों में बढ़ चढ़कर भाग लिया और अन्य विद्यालयों से उत्तम प्रदर्शन किया। जिसके लिए एनसीसी के छात्रों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिसमें खुशी को नृत्य में, साहिल को अनुशासन में तथा अश्मित को शूटर में मेडल दिया गया। प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जीएन खान ने कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण इन छात्रों के जीवन में अनुशासन एवं अन्य जीवन कौशल का विकास करेगा । यह प्रमाण पत्र उन्हें आगे की शिक्षा एवं नौकरियों में भी आरक्षण का लाभ दिलायेगा। उन्होंने सभी कैडेट्स को बधाई एवं शुभकामना दी। इन छात्रों के साथ अश्विन, आनंद, हर्षराज, इत्यादि छात्र भी शामिल थे । यह शिविर कमांडिंग आफिसर कर्नल अमिताभ मुखर्जी के संरक्षण में संपन्न हुआ। छात्रों के साथ विद्यालय के शिक्षक एनओ, एनसीसी के डॉ राजेंद्र कुमार राणा भी शिविर में शामिल थे।

# शादी का झांसा देकर दो साल तक किया यौन शोषण

## जान से मारने की कोशिश क



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा नाबालिग से यौन शोषण करने और उसे जान से मारने का मामला प्रकाश में आया है । जानकारी के अनुसार युवक नाबालिग से दो साल तक यौन शोषण करने के बाद उसे जान से मारने का प्रयास भी किया है। इस संबंध में पीड़िता के परिजनों ने पांकी थाना में इस घटना से संबंधित मामला को दर्ज कराया है। जिसके बाद से पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके घर सहित सगे संबंधियों के यहां उसे पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। थाना में दर्ज हुए मामले में युवती ने पुलिस को बताया कि दो साल पहले उसे पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम कोनवाई निवासी एक 25 वर्षीय युवक से दोस्ती हो गयी। दोस्ती कुछ दिनों में ही प्यार में बदल गया। दोस्ती के दो माह बाद ही युवक-लड़की से अवैध संबंध बनाने लगा। फिर यह सिलसिला लगातार चलने लगा। दो साल बाद एक दिन अचानक युवक लड़की को अपने घर बुलाया और उसे जान से मारने की कोशिश की।नाबालिग ने बताया कि युवक ने गला दबाकर कहा कि हल्ला करने पर जान से मार दूंगा। जिसके बाद किसी तरह लड़की जान बचाकर वहां से भागी। घर पहुंचकर लड़की ने सारी बात अपने घर वालों को बतायी और थाना में एफआईआर दर्ज करवाया। एफआईआर दर्ज होने के बाद कोर्ट में 164 का बयान दर्ज हुआ और मेडिकल जांच हुआ। वही पीड़िता का यह भी आरोप है कि पांकी थाना की पुलिस आरोपी से पैसे लेकर उसे गिरफ्तार नहीं कर रही है और केस मैनेज करने का दबाव बना रहे हैं।फिलहाल डर से लड़की का परिवार अपने रिश्तेदार के घर में रह रहा हैं. इस मामले के बारे में लेस्लीगंज एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने बताया कि लड़की के बयान पर थाने में एफ आई आर दर्ज करवा लिया गया है और मेडिकल जांच भी किया गया है. जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। पांकी थाना प्रभारी अमित सोनी ने बताया कि एफआईआर दर्ज होने के बाद लगातार आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापामारी कर रहे हैं। आरोपी को 1 से 2 दिन के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा।

## सांसद दीपक प्रकाश का बयान हास्यास्पद : शत्रुघ्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सांसद दीपक प्रकाश द्वारा पलामू के सांसद बीडी राम के पुलिस सेवा व सांसद के तौर पर कथित उपलब्धियों के लिए अनुकरणीय बताने को हास्यास्पद करार देते हुए कहा है कि भाजपा के पीएम से लेकर एमपी तक झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का ठेका ले रखे हैं, लेकिन पलामू की जनता सब जान चुकी हैं। अब उनके झांसे में आनेवाली नहीं है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि सांसद बनने से पूर्व झारखण्ड के डीजीपी के रुप में बीडी राम करोड़ों रुपए के वर्दी घोटाले व सिक्रेट सर्विस फंड घोटाले के आरोपी रह चुके हैं,जो अभी भी न्यायालय में विचाराधीन है। जब तक केन्द्र में सीबीआई को तोते की तरह नचाने वाली मोदी सरकार सत्ता में रहेगी। तब तक बीडी राम जैसे भ्रष्ट भाजपाई दुध के धूले नजर आयेंगे। संघ के लोग इन्हें जननायक के रुप में पेश करते रहेंगे। अगर निष्पक्ष जांच हो तो वे जेल की शोभा बढ़ायेंगे। बयान में केन्द्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि प्रगति के पथ पर पलामू संसदीय क्षेत्र नामक पुस्तिका का लोकार्पण संसदीय क्षेत्र की जनता को फिर से ठगने का प्रयास है। हम सांसद बीडी राम से पूछना चाहते हैं कि ठेका, पट्टा, कोटा, परमिट व राइफल/बन्दूकों के लाइसेंस के मामले में दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों को कितनी भागेदारी मिली है। पलामू संसदीय क्षेत्र से दलित-शोषितों के साथ आए दिन हो रहे हत्या, दुष्कर्म, अन्याय-अत्याचार, जल, जंगल, भूमि व खनिज लूट के मामले में कितनी बार पार्लियामेंट में आवाज उठाए। श्वेत पत्र जारी कर बताने का कष्ट करें। भोकल फोर लोकल के लिए आर्तनाद करनेवाली भाजपा की झूठी नीतियों के खिलाफ पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता 2024 में उन्हें जवाब देगी।

## न्यूज गैलरी

### प्रमुख ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**मनातू।** ग्रामीणों की शिकायत पर मनातू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण प्रमुख ने किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर उपस्थिति और स्वास्थ्य कर्मीयों को नहीं पाया। स्वास्थ्य केन्द्र में कोई भी नहीं रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि अगर क्षेत्र के लोगों को रात्रि में तबीयत खराब होती है तो वह भगवान भरोसे है। उसे निजी वाहन का प्रयोग कर मेदिनीनगर जाना पड़ता है । क्योंकि स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर ही नहीं रहते है। ग्रामीणों की शिकायत पर मनातू प्रमुख गीता देवी ने निरीक्षण के दौरान मनातू स्वास्थ्य केंद्र का बिल्कुल वैसा ही देखा और ग्रामीणों की शिकायत को सही पाया। प्रमुख श्री देवी ने कहा कि निरीक्षण के दौरान केवल यहां नर्स मिली। उन्होंने मनातू प्रखंड के ग्रामीणों को को आश्वासन दिया कि पलामू डीसी से बात कर इस स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए डॉक्टर की मांग करेंगे। मौके पर मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश कुमार यादव संजीत यादव मनातू सांसद प्रतिनिधि बिगु साहू अंतू यादव तथा मनातू प्रखंड के अन्य जनता जनार्दन गन मौके पर मौजूद थे।

### जेएसएससी ने निकाला कई विषयों के प्रमाण पत्रों के जांच की तिथि

**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दो अगस्त को पारित आदेश के आधार पर हाई स्कूल शिक्षकों की रुकी हुई नियुक्ति प्रक्रिया फिर से शुरू की है। इसके तहत आयोग ने शुक्रवार की शाम कई विषयों की प्रमाण पत्र जांच के लिये तिथि जारी की। अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र की जांच 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक दो पालियों में होगी। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सिविल अपील संख्या 4038/2022 झारखंड राज्य मामले में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2016 में गठित राज्य स्तरीय मेघा सूची के आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने को कहा है। इसके तहत इंगलिश, उर्दू और कॉमर्स विषय की सूची जारी किया गया है। आयोग के अनुसार प्रमाण पत्रों की जांच के लिए आमंत्रित किया जाना उम्मीदवार का अंतिम चयन नहीं है। आवश्यकता के अनुसार विरुद्ध मेघा सूची में अंकित अनुक्रमांक से अन्य अभ्यर्थियों को भी प्रमाण पत्रों की प्रारंभिक जांच हेतु आमंत्रित कर सकता है। वैसे अभ्यर्थी जो किसी कारण निर्धारित तिथि को प्रमाण पत्रों की जांच के लिए नहीं आ सकेंगे, उन्हें 9 दिसंबर को इसके लिए अंतिम अवसर प्रदान किया जायेगा।

### सीटेट परीक्षा के आवेदन 31 अक्तूबर से होंगे शुरू

**मेदिनीनगर।** शिक्षक बनने के इच्छुक परीक्षार्थियों के लिए सीटेट 2022 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 31 अक्तूबर से शुरू होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 24 नवंबर है। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन ने सेंट्रल टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। अभ्यर्थी लंबे समय से नोटिफिकेशन का इंतजार कर रहे थे। जबकि रजिस्ट्रेशन फीस जमा करने की अंतिम तिथि 25 नवंबर है। ज्ञात हो कि अनारक्षित कैटेगरी के उम्मीदवारों के एक पेपर की एप्लिकेशन फीस एक हजार रुपये और दोनों पेपर की 1200 रुपये है। जबकि, आरक्षित कैटेगरी के लिए एक पेपर की फीस 500 और दोनों पेपर की फीस 600 रुपये है। जारी नोटिस के अनुसार परीक्षा दिसंबर 2022 से जनवरी 2023 के बीच आयोजित की जायेगी।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को दीपावली पर रंगोली एवं लोक संगीत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रतियोगिता के आयोजन पर प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों ने लोक संगीत एवं रंगोली प्रतियोगिता का खूब आनन्द उठाया । इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने लोक संगीत प्रस्तुत किये। तत्पश्चात विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का प्रदर्शन किया गया। अन्त में विद्यालय के प्राचार्य डॉ० एके सिंह के द्वारा दीपावली एवं छठ पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने कहा कि दीपावली सनातन संस्कृति का त्योहार है, जो भारत के सबसे बड़े और सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। दीपावली दीपों का त्योहार है जो आध्यात्मिक रुप से अंधकार पर प्रकाश की विजय को दशार्ता है। दीपावली दो शब्दों अर्थात दीप और आवली से मिलकर बना है। जिसका अर्थ है – दीपों की पँक्ति। जिस प्रकार दीया अँधेरे को समाप्त कर प्रकाश से भर देता है। ठीक उसी प्रकार हमें अपने अंदर के अंधकार को मिटाकर समूचे वातावरण को प्रकाशमय बनाने का त्योहार है। आप सभी के जीवन में भी अंधकार का नाश हो तथा प्रकाश ही प्रकाश हो। यह त्योहार प्रेम और सुख समृद्धि से परिपूर्ण हो। यह हमें हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

### बिहार के डीएसपी ने झारखंड पुलिस के जवान पर तानी पिस्तौल

**मेदिनीनगर।** बिहार के डीएसपी राय साहब ने पलामू पुलिस के जवान पर पिस्तौल तान दी। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि एक होटल में कुछ लोग शराब के नशे में हंगामा कर रहे हैं। इसी सूचना के आलोक में झारखंड पुलिस का एक जवान मामले की जांच के लिए गया। जवान के पहुंचने के बाद उसे पता चला कि हंगामा करने वाला व्यक्ति बिहार के बीएमपी में डीएसपी हैं। झारखंड के पुलिस जवान के टोकने पर डीएसपी गुस्से से लाल हो गए और नशे की हालत में उन्होंने झारखंड पुलिस के जवान पर पिस्टल तान दिया। जिसके बाद जवान ने अपने वरीय अधिकारियों को सूचना दी। वरीय अधिकारी मौके पर पंहुचे और डीएसपी साहब के पिस्टल को जब्त कर थाना ले गये। यह मामला शुक्रवार की देर रात की है। शनिवार की सुबह डीएसपी साहब को पिस्टल वापस कर दिया गया और मामले में स्टेशन डायरी की एंट्री की गई है। डीएसपी राय साहब पुलिस सेवा में आने से पहले लातेहार के गारु के इलाके में एक अन्य सरकारी विभाग में तैनात थे। 1989 में वे पुलिस सेवा में भर्ती हुए थे, 1989 से पहले के वे सरकारी सेवा के कुछ बकाया भत्ता को लेकर पलामू पहुंचे थे। पलामू में डीएसपी की रिश्तेदारी भी है। होटल में करीब दो घंटे तक हंगामा होता रहा, उसके बाद थाने में आधे घंटे तक हंगामा हुआ। वरीय पुलिस के समझाने के बाद वे शांत हुए।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के पहले चरण का आखरी दिन चैनपुर के कोसीआरा पंचायत में प्रभारी सह उपाध्यक्ष, कमाल खान द्वारा साड़ी ,धोती व कंबल वितरण किया। साथ ही सरकार की सभी चल रही योजनाओं, का मूल्यांकन एवं लाभुकों को सहायता कराते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता बालकिशून, ऊरांव, क्यूम खान, प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी सचिव नितेश कुमार सिंह चेरो, एहतेशाम अंसारी अपनी कीमती समय देकर लाभुकों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया।

## सुरक्षा की दृष्टिकोण से गांधी मैदान में होगी पटाखे की बिक्री



**सिमडेगा।** दीपावली के मौके पर सुरक्षा को देखते हुए पटाखा की बिक्री के लिए दुकानदारों को गांधी मैदान में स्टॉल लगाकर बिक्री करने का निर्देश दिया गया है। एसडीओ महेंद्र कुमार और सीओ प्रताप मिंज ने पटाखा दुकान संचालक को गांधी मैदान में दुकान लगाने का निर्देश दिया। एसडीओ महेंद्र कुमार ने जिले के पटाखा दुकान पहुंच कर उन्होंने दुकान संचालक को निर्देशित करते हुए कहा कि सार्वजनिक जगहों पर खुदरा बिक्री करना पूरी तरह से वर्जित है ऐसे में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए यहां पर ना भेजकर गांधी मैदान में पटाखे की दुकान लगाई जहां पर लोग आसानी से पटाखा खरीद सकेंगे उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाली जगहों पर किसी प्रकार का बड़ा हादसा होने की संभावना होती है ऐसे में संभावित खतरे को नकारा नहीं जा सकता है इसे ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए गए। वही निर्देश के बाद जिला मुख्यालय स्थित दोनों लाइसेंसी पटाखा दुकान के संचालक गांधी मैदान में दुकान लगा रहे हैं। लोगों से आग्रह है कि पटाखा की खरीदारी के लिए गांधी मैदान में जाकर खरीदारी करें।

## नगर परिषद ने शहरी क्षेत्र में चलाया अभियान कई दुकानों से वसूला जुर्माना



**लोहरदगा।** जिले के शहरी क्षेत्रों में नगर परिषद लोहरदगा और आपदा प्रबंधन पधाधिकारी के द्वारा दुकानों की जांच की गई। साथ ही जांच में दोसी पाये जाने वाले कई दुकानों से फाइन भी वसूला गया। दीपावली को लेकर जिले में जांच अभियान चलाया गया। इस जांच में दुकानों पर पटाखा, प्लास्टिक की जांच की गई। जिले में प्लास्टिक बैन के बाद भी कई दुकानों में प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है साथ ही बिना लाइसेंस के पटाखों की भी बिक्री की जा रही है जिसे लेकर शहरी क्षेत्र में जांच ड्राइव चलाई गई। इस जांच में फाइन भी वसूला गया। वही लोगो से अपील किया गया घरों से थैला लेकर निकले प्लास्टिक का उपयोग न करें साथ ही पर्यावरण को संरक्षण करते हुए कम नुकसानदेह वाली पटाखों का उपयोग करे और सुरक्षा के साथ साथ दीपावली बनाए। इस जांच अभियान में नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद् कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी पवन कुमार, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार, नगर परिषद सिटी मैनेजर विजय कुमार, एएसआई रमेश कुमार तिवारी, सुकू सुरेन, अनिल कुमार, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नवनिर्मित शवदाह गृह का इंटक प्रदेश सचिव दिलीप तिर्की ने किया निरीक्षण



**सिमडेगा।** शनिवार को इंटक प्रदेश सचिव दिलीप तिर्की नगर परिषद क्षेत्र के सलडेगा पहानटोली में जुडको लिमिटेड विभाग से गुप्ता कंस्ट्रक्शन के वीरेंद्र गुप्ता द्वारा करोड़ो की लागत से शवदाह गृह निर्माण कार्य में काम करने वाले स्थानीय मजदूरों की शिकायत पर मजदूरो से मुलाकात की' जहाँ काम करने वालो ने बताया कि काफी लंबे समय से झांसा दे-दे कर काम कराया जा रहा। जब भुगतान की बात आती है तो टाल मटोल करते हैं। हमें काम कुछ और बताया गया था। लेकिन हमसे काम कुछ और कराया जा रहा। दीवार के लिए 80 रुपये में बात हुई और काम आधा होने के बाद कंपनी कहती है। हम 60 रुपये से ज्यादा नही देते। इस तरह से हमसे ठगी किया जा रहा। दिलीप ने मजदूरों को कहा कि जिला में श्रम विभाग है जहां इस कंपनी के खिलाफ लिखित शिकायत कर केस कराना होगा। ताकि ऐसे संवेदकों और कम्पनियों को सबक मिले। ये हमेशा मजदूरों का शोषण कर के अपना पेट पालते हैं। साथ ही निरीक्षण के दौरान यह देखा गया और सभी ने बताया कि इस्तेमाल करने वाले ईंट पूरी तरह घटिया गुणवत्ता के हैं। ईंट जोड़ने वाले मसाला की गुणवत्ता बिल्कुल नही है। क्योरिंग भी ठीक नही है जिस कारण बिल्डिंग कमजोर है। जिसे दिलीप ने कहा कि उपायुक्त महोदया द्वारा विभाग को लिखित देकर काम की गुणवत्ता को पारदर्शिता के साथ जांच कराकर काम को गुणवत्तापूर्ण कराऊंगा। साथ ही जितने मजदूरों के साथ धोखा हो रहा उनको भी न्याय दिलाऊंगा।

### कुडू व कैरो में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

# अंतिम पायदान तक जरूरतमंद को योजनाओं से किया जायेगा आच्छादित : रामेश्वर उरांव

नवीन मेल संवाददाता

**कैरो/कुडू/ लोहरदगा।** जिले के कुडू व कैरो प्रखंड में शनिवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुडू प्रखंड के लावागाई पंचायत में और कैरो के गुड़ी पंचायत में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सह मंत्री रामेश्वर उराव एवं उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण उपस्थित हुए। कार्यक्रम में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि पूर्व की सरकारों में ज्यादातर जरूरतमंद सरकार की योजनाओं का लाभ नही ले पाते थे। योजनाओं तक अपनी पहुंच बनाने में असमर्थ लोगों को योजनाएं उनके दरवाजे तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस योजना को पुनः लेकर आई है। हम काफी हद तक इसके जरिये जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाने में सफल हो रहे हैं ये खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि सरकार के विकास कार्यो को हमें मिलकर आगे बढ़ाना है। इस लिए पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों को इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने में अपना सहयोग देना है। ताकि अंतिम पायदान तक जरूरतमंद को योजनाओं से आच्छादित किया जा सके। वही



उपायुक्त वाघमारे ने कहा कि इस योजना से सभी को काफी लाभ पहुंच रहा है। यह योजना आम आदमियों को राहत पहुंचाने का काम कर रही है। लोग तत्काल लाभान्वित हो रहे हैं। जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि सरकार के द्वारा हर उम्र के व्यक्ति के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है, जिसका लाभ लेने के लिए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पंचायत में लग रहे है ताकि आपको कार्यालय न जाना पड़े। बच्चों के लिए जाति प्रमाण पत्र, किशोरियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, स्वरोजगार हेतु मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, जेएसएलपीएस के माध्यम फूलो झानो आशीर्वाद योजना, किसानों के लिये केसीसी, पेंशन आदि योजनाएं हैं जिनका हमे लाभ लेना चाहिये। कार्यक्रम को जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद, उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, सदस्य समीद अंसारी के द्वारा भी संबोधित किया गया। इनके अलावा उपस्थित अतिथियों के संबोधन के साथ परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। जिसमें मनरेगा के तहत प्रति ग्राम 05-05 योजना का शुभारंभ करते हुए 18 योजना का स्वीकृति पत्र वितरण एवं उद्घाटन किया गया। पीएम आवास योजना के तहत 10 लाभुकों के बीच आवास पूर्णता पत्र, 01 अम्बेडकर आवास का स्वीकृति पत्र, सर्वजन पेंशन के तहत वृद्धा पेंशन-10, विधवा पेंशन-03, विकलांग पेंशन 02 लाभुकों को स्वीकृति पत्र, साबित्रीबाई फूलो किशोरी संमद्धि योजना के तहत 11 छात्राओं को स्वीकृति पत्र, 20 लाभुकों को हरा कार्ड का वितरण, कृषि विभाग द्वारा 05 लाभुकों केसीसी, 14 लाभुकों को चना बीज, 20 लाभुकों को सरसो का बीज, साथ ही कम्बल, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद, उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, नारायण राम, प्रमुख मुनि देवी, उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष सदरुल अंसारी, जिला अध्यक्ष निशित जयसवाल, शकील अहमद, युवा प्रदेश महासचिव फहद खान, इकबाल खान, सीओ प्रवीण कुमार सिंह, बीडीओ मनोरंजन कुमार, आजाद खान, मजीद पंवरिया, हफीजुल अंसारी सहित सभी विभाग के जिला एवं प्रखंड स्तर पदाधिकारीगण और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा सावित्रीबाई बालिका समृद्धि योजना, फूलों झानो, बिरसा हरित योजना, पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृति के पांच-पांच लाभुकों के बीच सांकेतिक रूप से जरूरतमंदों के प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। वही 30 लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया।जे एस एल पी एस के तहत महिला समूह को उनत्तीस लाख बीस हजार रुपये का सांकेतिक चेक भी मुख्य अथिति व अन्य अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया।

## दीपावली और छठ पूजा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त आर. रॉनीटा एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में दीपावली एवं छठ पूजा 2022 के अवसर पर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पटाखों का भण्डारण एवं बिक्री पर विस्तृत चर्चा की गई। दीपावली, छठ आदि त्योहारों के समय पटाखे मात्र दो घंटे तक हीं चलाये जा सकेंगे। दीपावली एवं गुरूपर्व पर रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा छठ में प्रातः 6 बजे से प्रातः 8 बजे तक पटाखे चलाये जा सकेंगे। भीड़-भाड़ से दूर हीं आतिशबाजी किया जायेगा। पटाखो की बिक्री गांधी मैदान में की जाएगी। पटाखो की बिक्री खुले स्थान में की जानी है। काली पुजा, लक्ष्मी पुजा एवं प्रिंस चौक में नवज्योति छठ पूजा समिति द्वारा भगवान भास्कर की प्रतिमा अधिष्ठापित की जाती है। पुजा के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण की दिशा में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिया गया। चिकित्सा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, लाईट की व्यवस्था, सी.सी.टी.भी. कैमरा, साफ-सफाई, अस्थायी शौचालय का निर्माण, वाहन पार्किंग, अवागमन की सुविधा सहित त्योहारों के मद्देनजर विधि-व्यवस्था संधारण की दिशा में ससमय व्यवस्था बहाल करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने दीपवाली एवं छठ पुजा की हार्दिक शुभकामनाएं दी, साथ हीं सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर संगा, आई.टी.डी.ए. निदेशक सलन भुईंया, अपर समाहर्त्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता राजेन्द्र प्रसाद सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेविड ए डोडराय, डी.एस.पी पतरस बरवा, जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित थें।

## कुरडेग पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ तेज की कार्रवाई, निर्माण सामग्री किया नष्ट

नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** पुलिस अधिक्षक सिमडेगा ने आगामी पर्व त्योहार के मद्देनजर अबैध शराब कारोबारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाई के आदेश दिये हैं। कुरडेग थाना क्षेत्र में शांति कायम करने के लिये पुलिस सदैव तत्पर है इलाके में कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस कई मोर्चे पर काम कर रही है। इसी क्रम में पुलिस अधिक्षक के आदेश पर अबैध शराब निर्माण करने वाले कारोबारियों पर कार्यवाई तेज कर लगातार अभियान चलाकर छापेमारी कर रही है और अवैध शराब, जावा महुआ, शराब बनाने के उपकरण को नष्ट कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को कुरडेग थाना



क्षेत्र के सांवा बस्ती में अबैध शराब को नष्ट किया गया। छापेमारी टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी मुन्ना रमानी कर रहे थे। मौके पर जावा महुआ, अवैध देशी शराब,शराब बनाने के उपकरण को पुरी तरह नष्ट कर दिया गया तथा सख्त हिदायत दी गई कि दुबारा अगर अवैध शराब का निर्माण होता है तो कड़ी कार्यवाई की जाएगी। हालांकि पुलिस को गांव में आने की भनक अबैध कारोबारी को लग गई जिससे मौके से फरार हो गये। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान अवैध कच्ची देशी शराब, तैयार शराब, जावा महुआ, शराब बनाने के बर्तन को पुरी तरह से नष्ट कर दिया गया है। अवैध शराब के करोबारियों के विरुद्ध लगातार छापेमारी जारी रहेगी उन्होंने कहा कि अबैध कार्य करने वाले कारोबारी अपना कारोबार बन्द कर दें अन्यथा विधि सम्मत कड़ी कानूनी कार्यवाई की जाएगी। छापेमारी टीम में एसआई अजीत प्रकाश, जेएसआई उपेन्द्र कुमार यादव, एएसआई जितेन्द्र कुमार सिंह एवं थाना के सशस्त्र बल शामील रहे।

## सिमडेगा के बाजारों में उमड़ी भीड़, लोगों में दीपावली को लेकर दिखा भारी उत्साह

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** धनतेरस के मौके पर गुरुवार को बाजार में भीड़ उमड़ी। लोगों ने अपनी शक्ति अनुसार सामानों की खरीदारी की। धनतेरस को लेकर दुकानदारों ने जहां आकर्षक सामानों से दुकानें सजी थीं, वहीं पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क थी। जगह जगह पुलिस के जवान तैनात नजर आए। दुकानदार अपने ग्राहकों को सामग्री देने में लगे रहे। धनतेरस पर लोग घर की सजावट करने के साथ ही बर्तन, सोने-चांदी के गहने, वाहन और कपड़े आदि की खरीदारी की। वाहन की लोगों ने पहले से बुकिंग कर रखी थी। जिला मुख्यालय में



अलग-अलग कंपनियों की बाइक के सात शोरूम हैं, जिनमें सुबह से ही खरीदारों की खासी भीड़ नजर आई। बर्तनों, इलेक्ट्रानिक शोरूम, ज्वैलरी शाप भी सुबह से सजे-धजे हुए थे,जहां ग्राहक खरीदारी के लिए पहुंचते रहे। ज्वैलरी शाप में सोने के सबसे कम दाम में नोजपिन (करीब 1000रुपये) है तो वहीं लगभग (50-60 हजार रुपये) के हार हैं। वहीं चांदी की बात करें तो सबसे कम दाम में चांदी का सिक्का 450 रुपये में उपलब्ध है, वहीं सबसे महंगी चांदी की सामग्री में पायल(15-20 हजार तक) उपलब्ध है। इलेक्ट्रॉनिक और बर्तन दुकानों में भी ग्राहकों को आकर्षक ऑफर दिए जा रहे थे। ई-वर्ल्ड के संचालक चीकू अग्रवाल ने बताया कि लाखों रुपये के टीवी से लेकर छोटे सामानों तक सभी के साथ आकर्षक उपहार दिए जा रहे हैं। वहीं बर्तनों के दुकानों पर भी लोगों को आकर्षण छूट और उपहार योजना चलाई जा रही है। कोरोना काल में मंदी से में भी धनतेरस पर अच्छी धनवर्षा हुई।

## प्रशिक्षक बिनोद प्रधान ने ग्रामीणों को हाथी भगाने का दिया प्रशिक्षण

**बानो।** प्रखंड के रामजोल में ग्रामीणों को हाथी भगाने की प्रशिक्षण दी गई। ज्ञात हो कि बांकी पंचायत के रामजोल, बादलूंग, भुरसाबेड़ा आदि गांव के आस पास जंगली हाथियों का झुंड पिछले एक वर्ष से है। जंगली हाथी से ग्रामीण त्रस्त है। ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग बानो की ओर उड़ीसा से हाथी भगाने के अनुभवी प्रशिक्षक बिनोद प्रधान ने ग्रामीणों को जानकारी दिया। प्रशिक्षक ने ग्रामीणों से कहा कि कभी हाथीपास न जाये। जंगली हाथी कभी भी हमला कर सकता है। गांव मे मादक पदार्थों निर्माण न करें। जंगली हाथी कभी कभी बिना कारण भोजन की तलाश में गांव की ओर आ जाते है। अब लाइट से नहीं डरते हैं इसलिए सावधानी बरतें। प्रशिछक विनोद प्रधान ने हाथी भगाने के विभिन्न पध्दतियों की जानकारी दिया। मौके बन विभाग के विवेक कुमारशर्मा, मनीष डुंग-डुंग, सुरेस टेटे, उदय प्रताप सिंह, लखिन्द्र सिंह, सन्दीप नायक व गांव के ग्रामसभा अध्यक्ष, ग्राम सुरक्षा समिति के अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित थे।

## त्योहार से पहले मिठाई दुकानों की ताबड़तोड़ जांच, होटलों से किये गये नमूने संग्रह

नवीन मेल संवाददाता

**कुडू-लोहरदगा।** उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं अनुमंडल पदाधिकारी अरबिंद कुमार लाल के निदेशानुसार आगामी दीपावली और छठ त्योहार पर आम लोगों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने को लेकर जिला खाध सुरक्षा की टीम द्वारा जिले में मिठाई की दुकानों में गुणवत्ता की लगातार जांच की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार के नेतृत्व में कुडू ब्लाक मोड़, मेन रोड, बस स्टैंड आदि कई स्थानों पर मिठाई



दुकान, बेकरी, किराना स्टोर, जेनरल स्टोर की जांच की गयी। साथ ही टीम ने होटलों से नमूना लिया। जांच में पहुंची टीम में कार्यपालक दंडाधिकारी सन्नी कुमार दास एवं सहायक रजनीश कुमार शामिल थे। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि बार-बार चेतावनी देंने के बावजूद कुछ होटल संचालक स्वच्छता एवं गुणवत्ता का ध्यान नही रख रहे हैं साथ ही सरकार द्वारा प्रबंधित रंगों का प्रयोग कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आज बस स्टैंड स्थित पाही होटल से नमूने संग्रहित किए गए हैं। जिसमे बूंदी लड्डू, राजभोग, वेज चिल्ली, नमूनों को जांच हेतु खाद्य विश्लेषक को भेजा जायेगा। रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### लोहरदगा में दीपावली पर्व को लेकर शहर के बाजारों में दिखी रौनक

# दुल्हन की तरह सजने शुरू हो गये शहर के बाजार

राहुल कौशल

**लोहरदगा।** दीपावली पर्व को लेकर शहर के बाजार अब दुल्हन की तरह सजने शुरू हो गए है। इससे शहर में रौनक बढ़ने लगी है। शहर के अपर बाजार, महावीर चौक, शास्त्री चौक, बरवाटोली चौक, गुदरी बाजार में व्यापारियों ने ग्राहकों के स्वागत के लिए अपने अपने स्तर पर सजा रहे हैं। दीपावली पर्व को लेकर ग्राहकों को अपनी ओर खींचने के लिए व्यापारी कुछ विशेष छूट के ऑफर भी दे रहे हैं। शहर के रेडीमेड वस्त्र, ज्वैलरी शॉप, इलेक्ट्रानिक उत्पादों से दुकानों को सजा दिया गया है। वहीं मॉल को भी दीवाली फेस्टिवल के अनुरूप सजाना शुरू कर दिया है। युवा वर्ग भी दिवाली पर खरीदारी के लिए समूह में बाजार में उत्पादों के साथ कपड़ों को पंसद कर रहा है।





**सज रहे शहर के मिष्ठान भंडार :** शहर के वीर शिवाजी चौक, गुदरी बाजार, बरवाटोली, न्यू रोड, पावरगंज स्थित विविध मिष्ठान से दुकानों को सजाना शुरू कर दिया है। दीपावली पर्व को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। मावे की मिठाईयों को तैयार करने के लिए दूध से मावा तैयार करने के साथ बाहर से भी मावा मंगाया जा रहा है।

**सजावट के सामान की भरमार :** मूर्तिकारों द्वारा बनायी गयी मिट्टी व धातु की मूर्ति छोटे बड़े आकारों में उपलब्ध है। इसमें मां दुर्गा, मां काली, राधा कृष्ण, साईं जी समेत अन्य अराध्य देवी देवताओं की मूर्तियां शामिल है। इसके साथ मिट्टी, लकड़ी, बांस, कागज, शीशा एवं मेटल से बनें सजावटी सामान दुकानों में बिक्री के लिए रखे गये हैं। दीपावली में मिट्टी के बरतन व मिट्टी के खिलौने काफी बिकते हैं। इसे स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार किया जाता है। इनका साथ मौसम नहीं दे पा रहा है। इसके कारण इनके चेहरे पर मायूसी देखी जा रही है।

**बाजार में तीन हजार तक के पटाखे :** बाजार में पटाखे सजने लगे हैं। मिरची पटाखा 40 से 50 रुपये पैकेट, फूलझड़ी 100 से 300 रुपये पैकेट, लाइट बम 40 से 150 रुपये पैकेट, तार बत्ती पांच से 200 रुपये पैकेट, चरखी 20 रुपये पैकेट, रॉकेट 100 से 600 रुपये पैकेट, चटाई बम 10 से तीन हजार रुपये पैकेट बिक रहा है।

**पेंट, कपड़ा, बर्तन दुकानों में रौनक :** दीवाली के पूर्व घर की साफ सफाई के साथ लोग रंग रोगन की दुकानों में खरीददारी करने आ रहे है। कपड़ा बाजार में भी नई डिजाइन व विभिन्न प्रकार के कपड़ों को सजाया गया है। यहां भी खरीदारी का दौर शुरू हुआ है। इलेक्ट्रॉनिक बाजार में भी खरीदारी शुरू हो गई है।

**बच्चे खरीददारी करने दुकानों पर जुटे :** शहर के बाजारों में रौनक बढ़ती जा रही है। पर्व को लेकर खरीददारी करने वालों की भीड़ उमड़ रही है। बाजारों में महिलाएं, पुरुष, बच्चे त्यौहार को लेकर विभिन्न वस्तुओं की खरीददारी में जुटे हैं। शहर के मुख्य बाजारों में ही नहीं गलियों में भी स्टालें सजी हुई हैं। दीपावली की रौनक बढ़ाने के लिए शहर में इन दिनों बाजारों में रेडीमेड कपड़ों, इलेक्ट्रानिक लाइटें, रंगीन बल्ब, ट्यूब एवं अन्य उपकरण उपलब्ध हैं जो लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

## विद्या मंदिर स्कूल में प्रांतीय खेलकूद को लेकर बैठक की गयी आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में 10 दिसंबर 2022 से 12 दिसंबर 2022 तक आयोजित होने वाला है। इस खेलकूद की प्रेरक एवं प्रभावी व्यवस्था हेतु विद्या मंदिर लोहरदगा में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर एवं शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के आचार्य-आचार्या एवं समिति के पदाधिकारियों के साथ गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार के मार्गदर्शन में एक व्यवस्था बैठक हुई। इसमें खेलकूद के लिए व्यवस्था संबंधी विभिन्न विभागों का आचार्यों के बीच दायित्व वितरित किया गया। विभाग प्रमुख द्वारा आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी के सामूहिक एवं समर्पित चिंतन तथा सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस मौके पर अखिलेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि विद्या भारती के संस्थानों में शिक्षा के साथ खेलकूद का भी उचित प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे यहां के भैया- बहन अखिल भारतीय स्तर पर अपने परिवार एवं समाज का नाम रोशन करते हैं। खेलकूद का यह प्रांतीय आयोजन समाज के साथ तादात्म्य स्थापित करते हुए, उनके आर्थिक सहयोग एवं उनकी उपस्थिति द्वारा अपने प्रेरक संदेश को पहुंचाने के लिए होता है। विद्या भारती के शिक्षण संस्थानों में बच्चों ने खेल के क्षेत्र में इतिहास रचा है। राष्ट्रीय स्तर पर यहां के भैया- बहनों ने विद्या भारती की पहचान बनाई है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप सभी आगामी खेल कूद के आयोजन को अपनी आकर्षक व्यवस्था से निश्चित ही यादगार बनाएंगे। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध कारिणी के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, शिक्षाविद कृष्णा प्रसाद, शशि गुप्ता, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, मनोहर लाल अग्रवाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी इत्यादि उपस्थित हुए।

## श्रीराम सिटी का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 27.2 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** दोपहिया वाहनों के वित्तपोषण सुविधा में प्रमुख श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड (श्रीराम सिटी) ने जुलाई-सितंबर 2022 तिमाही में समेकित आधार पर सालाना 27.2 प्रतिशत की बढ़त के साथ 383 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया। श्रीराम सिटी ने शुक्रवार को यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि आलोच्य तिमाही में कंपनी का ऋण वितरण वार्षिक आधार पर 28.5 प्रतिशत बढ़कर 9,069 करोड़ रुपये के सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंच गया। इसमें आर्थिक गतिविधियों में सुधार, लघु उद्यम फाइनेंस के कारोबार में वृद्धि, सोने के खिलाफ ऋणों की मांग में बढ़ोतरी, दुपहिया वाहनों की मांग में तेजी और किफायती आवास का योगदान रहा। इस दौरान कंपनी के प्रबंधन के तहत इस समय संपत्तियों का आकार वार्षिक आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 42,663 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## सिमफोर्ज इंजीनियरिंग के निरंजन ओवल को मिला पुरस्कार

पुणे। देश के पहले और एकमात्र सिम रेसिंग गियर निमार्ता सिमफोर्ज इंजीनियरिंग के स्वामी निरंजन ओवल ने विकासशील देशों में गुणवत्तापूर्ण रेसिंग एवं कंप्यूटर गेमिंग उपकरण सस्ते बनाने की प्रतिस्पर्धा में पुरस्कार जीता है। श्री ओवल को कोविड रेसिलेंस श्रेणी में यूथ बिजनेस इंटरनेशनल ग्लोबल यंग एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर 2022 पुरस्कार दिया गया है जिसका आयोजन नीदरलैंड के शहर द हेग में हुआ। उनका लक्ष्य पूरे सिम रेसिंग पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण शुरू करना है और वे उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, यूरोप और एशिया में कार्यालय स्थापित करने की योजना बना रहे हैं जिसमें उनकी कंपनी 43 देशों में निर्यात कर रही है। श्री ओवल ने कहा, महामारी के दौरान, वीडियो गेम खेलने के इच्छुक अधिक लोग घर पर फंस गए थे, लेकिन कई गुणवत्ता वाले ऑटो रेसिंग गेम उपलब्ध नहीं थे। इसने मुझे कई लोगों के लिए किफायती भारतीय समाधान बनाने के लिए प्रेरित किया।

## राशन दुकानों पर अनाज के लिए लाभार्थियों को अब 2 बार लगाना पड़ेगा अंगूठा

नई दिल्ली। अगर आप सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के जरिए राशन का लाभ लेते हैं, तो ये खबर आपके काम की है। दरअसल, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत मिलने वाले राशन के लिए कुछ नियम बदले गए हैं। अब उपभोक्ताओं को एक बार नहीं, बल्कि 2 बार अंगूठा लगाना पड़ेगा। हालांकि यह बदलाव मध्य प्रदेश सरकार की तरफ से किया गया है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में राज्य सरकार की तरफ से लाभार्थियों को 5 किलोग्राम राशन दिया जाता है। इसके अलावा लाभार्थियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत भी 5 किलोग्राम राशन दिया जाता है। अब तक लाभार्थियों को एक बार अंगूठा लगाने पर राशन मिल जाया करता था। अब केंद्र और राज्य सरकार की ओर से मिलने वाले अलग-अलग राशन के लिए 2 बार अंगूठा लगाना पड़ेगा।

## सेबी ने बॉम्बे डाइंग, नेस वाडिया पर लगाई दो साल की पाबंदी

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बॉम्बे डाइंग एंड मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड और इसके प्रवर्तकों नुस्ली एन वाडिया, नेस वाडिया और जहांगीर वाडिया को दो साल तक प्रतिभूति बाजारों में लेनदेन करने से रोक दिया है। इसके साथ ही कंपनी के वित्तीय बयानों को गलत तरीके से पेश करने पर कुल 15.75 करोड़ रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। सेबी ने वाडिया समूह की कंपनी स्काल सर्विसेज लिमिटेड और इसके तत्कालीन निदेशक डी एस गगरात, एन एच दतनवाला, शैलेश कार्णिक, आर चंद्रशेखरन और बॉम्बे डाइंग के संयुक्त प्रबंध निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी दुर्गेश मेहता पर भी यह पाबंदी और जुमार्ना लगाया है।

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-12/2022-23

पत्रांकः– 881 मेदिनीनगर, दिनांकः– 22.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सामदा आहर का जीर्णोद्धार। प्रखण्ड–मनातू, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 45,84,600=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 9 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेवसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 05.11.2022 (2:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.11.2022 (5:00 PM तक) |
| 6 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.11.2022 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 17.11.2022 (12:30 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 एवं ई–मेल आईडी | 06562–240100<br>eemidmed-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0–निविदा से संबंधित अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।<br>2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर।<br>3. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, राँची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन सं0 | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाइट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 280750 Water Resource (22-23)_D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-13/2022-23

पत्रांकः– 882 मेदिनीनगर, दिनांकः– 22.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कुन्दरी पंचायत में बढ़का आहर का जीर्णोद्धार। प्रखण्ड–नीलांबर–पीतांबरपुर, (लेस्लीगंज) जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 28,81,900=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेवसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 05.11.2022 (2:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.11.2022 (5:00 PM तक) |
| 6 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.11.2022 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 17.11.2022 (12:30 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 एवं ई–मेल आईडी | 06562–240100<br>eemidmed-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0–निविदा से संबंधित अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।<br>2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर।<br>3. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, राँची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन सं0 | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाइट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,मेदिनीनगर।

PR 280752 (Water Resource)22-23 (D)

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना, द्वि–लिफाफा पद्धति**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-18/2022-23

पत्रांक–457 हुसैनाबाद, दिनांक–22.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | संधता मध्यम सिंचाई योजना का जिर्णोद्धार ग्राम– ओवरा प्रखण्ड–पाण्डू, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 63.968 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 05.11.2022 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.11.2022 (5:00 PM तक) |
| 6 | Technical Bid खुलने की तिथि, एवं समय | 17.11.2022 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8987530131<br>eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.11.2022 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद।<br>(2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर ।<br>(3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 280766 (Water Resource)22-23*D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

**द्वि–लिफाफा पद्धति**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-16/2022-23

पत्रांकः– 885 मेदिनीनगर, दिनांकः– 22.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ग्राम–फुलांग में बढ़का आहर का जीर्णोद्धार। प्रखण्ड–नीलांबर–पीतांबरपुर, (लेस्लीगंज) जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 63,50,200=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेवसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 05.11.2022 (2:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.11.2022 (5:00 PM तक) |
| 6 | Bid Fee, अग्रधन की राशि इत्यादि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.11.2022 (3:00 PM तक) |
| 7 | Technical Bid खुलने की तिथि एवं समय | 17.11.2022 (12:30 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 एवं ई–मेल आईडी | 06562–240100<br>eemidmed-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0–निविदा से संबंधित अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।<br>2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर।<br>3. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन सं0 | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाइट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,मेदिनीनगर।

PR 280757 Water Resource(22-23)D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-14/2022-23

पत्रांकः– 883 मेदिनीनगर, दिनांकः– 22.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कुसही आहर का जीर्णोद्धार। प्रखण्ड–नीलांबर– पीतांबरपुर, (लेस्लीगंज) जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 23,34,200=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेवसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 05.11.2022 (2:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.11.2022 (5:00 PM तक) |
| 6 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.11.2022 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 17.11.2022 (12:30 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 एवं ई–मेल आईडी | 06562–240100<br>eemidmed-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0–निविदा से संबंधित अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।<br>2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर।<br>3. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, राँची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन सं0 | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाइट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,मेदिनीनगर

PR 280753Water Resource(22-23)#D

---

### कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज(पलामू)

Email id:-np.hariharganj@gamil.com

**आम सुचना**

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2023**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हरिहरगंज द्वारा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के मापदंडों को पूर्ण रूप से पालन करने हेतु दृढ संकल्पित है। उक्त के आलोक में सभी नागरिकों को उद्यान अपशिष्ट (Garden Waste), निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट (Construction and Demolition Waste) एवं घरेलू ई–वेस्ट (Electronic Waste) को अलग संग्रहित किया जाना है। उक्त कार्य के लिए निम्नांकित प्रक्रिया का पालन किया जाना है –

1. उद्यान अपशिष्ट (Garden Waste):– उद्यान अपशिष्ट के निष्पादन हेतु वाहन के प्रति ट्रीप 800 /– रू० ( आठ सौ रूपये ) सेवा शुल्क का भुगतान कर निष्पादन किया जा सकता है।
2. निर्माण और विध्यस अपशिष्ट (Construction and Demolition Waste/Building Material)–C&D अपशिष्ट के निष्पादन हेतु वाहन के प्रति ट्रीप 800/–रू० (आठ सौ रूपया) सेवा शुल्क का भुगतान कर निष्पादन किया जा सकता है।
3. घरेलू ई–वेस्ट (Electronic Waste)–घरेलू. ई–वेस्ट का निष्पादन हेतु नागरिको अपेक्षा की जाती है वो नगर पंचायत हरिहरगंज कार्यालय में सूचित कर उचित सेवा शुल्क का भुगतान कर निष्पादन कराना सुनिश्चित कराएंगे।

विश्वासभाजन
नगर प्रबंधक
नगर पंचायत हरिहरगंज

विश्वासभाजन
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज

PR 280817 District(22-23).D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-28/2022-23

पत्रांक–467 हुसैनाबाद, दिनांक–22.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | असनवाडेरा आहर का जिर्णोद्धार ग्राम –झरगड़ा – प्रखण्ड–हुसैनाबाद, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 16.528 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 05.11.2022 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.11.2022 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 17.11.2022 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8987530131<br>eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.11.2022 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद।<br>(2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर ।<br>(3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 280783 Water Resource(22-23)D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-26/2022-23

पत्रांक–465 हुसैनाबाद, दिनांक–22.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बड़का आहर का जिर्णोद्धार ग्राम –कुरकुटा – प्रखण्ड–छत्तरपुर, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 33.868 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 05.11.2022 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.11.2022 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 17.11.2022 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8987530131<br>eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.11.2022 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद।<br>(2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर ।<br>(3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 280780 (Water Resource)22-23*D

---

### कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज(पलामू)

Email id:-np.hariharganj@gamil.com

**आम सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 अंतर्गत शहरी क्षेत्र में स्वच्छ वातावरण तैयार करने एवं स्वच्छता बनाये रखने के लिए समाज के सभी वर्गों की भागीदारी आवश्यक है. उक्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सब की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं सभी वर्गों को शामिल करने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार एवं स्वच्छता पर आधारित गतिविधियां की जानी है। उक्त के आलोक में नगर पंचायत हरिहरगंज द्वारा स्वच्छता ब्रांड एम्बेस्डर के लिए आर्टिस्ट / डॉक्टर / शिक्षक / धार्मिक गुरू / खिलाड़ी या प्रभावशाली व्यक्ति जो इस स्वच्छता मुहीम से जुड़कर स्वच्छता हेतु जन जागरूकता फैलाने के इच्छुक है उनसे आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 18.11.2022 है। अतः सभी से अनुरोध है कि नगर नगर पंचायत हरिहरगंज से जुड़कर स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के मापदण्डों के अनुरूप कार्य करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए योगदान दें।

विश्वासभाजन
नगर प्रबंधक
नगर पंचायत हरिहरगंज

विष्वासभाजन
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज

PR 280789 District(22-23)D

---

### कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)

Email id:-np.hariharganj@gamil.com

**आम सुचना**

नगर निकाय हरिहरगंज अंतर्गत सभी नगर वासियों को सूचित किया जाता है कि चालू वित्तीय वर्ष 2022–23 से होल्डिंग टैक्स की वसूली सर्किल रेट के आधार पर होगा। झारखंड संपत्ति कर नियमावली 2022 के अनुसार नगर निकाय में 01 अप्रैल 2022 से संपत्ति कर की वसूली लागू कर दिया गया है । नई व्यवस्था में महिलाएं/वरिष्ठ नागरिक /ट्रांसजेंडर/दिव्यांग व सेना में कार्यरत व रिटायर्ड सरकारी कर्मियों के स्वामित्व वाली संपत्तियों के टैक्स में 5% की छूट दिए जाने का प्रावधान है। लागू सर्किल रेट के आधार पर आवासीय संपत्ति के लिए संपत्ति कर सर्किल रेट का 0.075% लगेगा, वही व्यवसायिक संपत्ति के लिए संपत्ति कर सर्किल रेट का 0.15% लगेगा। साथ ही साथ लागू की गई नियमावलीओं से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय में कार्यरत SPS Agency के Team Leader रविंद्र कुमार तथा उनके सहायक टिम योगेंद्र कुमार भारती,शैलेश कुमार एवं अरविंद कुमार चौधरी से संपर्क कर जानकारी ले सकेंगे।

हरिहरगंज नगर निकाय के नगर वासियों को अपील किया जाता है कि आप टैक्स संबंधी नगर क्षेत्रों में भ्रामक बातों से बचे तथा अपना टैक्स स–समय भुगतान करें स–समय होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने पर ब्याज एवं पेनाल्टी सहित लगेगा तथा जो व्यक्ति अब तक अपना गैर आवासीय एवं आवासीय का SAF नहीं कराए हैं वे अविलंब करा लें, अन्यथा जांच उपरांत पकड़े जाने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए ब्याज एवं पेनल्टी के साथ कर वसूली की जाएगी।

विश्वासभाजन
नगर प्रबंधक
नगर पंचायत हरिहरगंज

विश्वासभाजन
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज

PR 280790 District (22-23)_D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-27/2022-23

पत्रांक–466 हुसैनाबाद, दिनांक–22.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बगिया डैम का जिर्णोद्धार ग्राम –संधा – प्रखण्ड–हुसैनाबाद, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 20.413 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 05.11.2022 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.11.2022 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 17.11.2022 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8987530131<br>eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.11.2022 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद।<br>(2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर ।<br>(3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 280781 Water Resource(22-23).D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना, द्वि–लिफाफा पद्धति**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-19/2022-23

पत्रांक–458 हुसैनाबाद, दिनांक–22.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | करीमनडीह तालाब का जिर्णोद्धार ग्राम–मोकहर कला– प्रखण्ड–हैदरनगर, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 88.524 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 05.11.2022 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.11.2022 (5:00 PM तक) |
| 6 | Technical Bid खुलने की तिथि, एवं समय | 17.11.2022 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8987530131<br>eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.11.2022 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद।<br>(2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर ।<br>(3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 280768 Water Resource(22-23).D

## एक नजर इधर भी

### भ्रष्टाचार पर राजनीति

नई आबकारी नीति बनाने व शराब की दुकानों के लाइसेंस देने में अनियमितता के आरोप में जब केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआइ ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पूछताछ के लिए तलब किया तो आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। पिछले सालों में शीर्ष मंत्रियों, सांसदों, विधायकों एवं राजनैतिक दलों के शीर्ष नेताओं पर भ्रष्टाचार के मामलों में जांच एंजेन्सियों की कार्रवाई की साहसिक परम्परा का सूत्रपात हुआ है, तभी से इस तरह की कार्रवाईयां में राजनीतिक दलों को अपना जनाधार बढ़ाने की जमीन नजर आने लगी है। इन शर्मनाक, अनैतिकता, भ्रष्टाचार एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के हनन की घटनाओं में शामिल राजनीतिक अपराधियों को भरतसिंह से उपमित करना राजनीतिक गिरावट की चरम पराकाष्ठा है। अपने नेताओं के काले कारनामों पर परदा डालने के लिये राजनीतिक दलों के तथाकथित कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए सडकों पर उतर आते हैं जो आम जनता के लिये परेशानी का सबब बनते हैं। यह कैसा राजनीति चरित्र गढ़ा जा रहा है? यह कैसी शासन-व्यवस्थाएं बन रही है? नई आबकारी नीति बनाने और शराब की दुकानों के लाइसेंस देने में अनियमितता के आरोप में जब केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआइ ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पूछताछ के लिए तलब किया तो आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता सडकों पर उतर आए। इससे पहले जब नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ हो रही थी, तब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उसे केंद्र के इशारे पर कार्रवाई करार देते हुए दिल्ली की सड़कों पर प्रदर्शन किया था। उसके चलते कई दिन तक दिल्ली पुलिस और उन रास्तों से गुजरने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ा था। पश्चिमी बंगाल में चिटफंड के आरोपी सांसद-मंत्रियों की सीबीआई धरपकड़ को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाय-तौबा मचाया, तृणमूल कार्यकर्ताओं ने हिंसा एवं प्रदर्शन किये। सच जब अच्छे काम के साथ बाहर आता है तब गूंगा होता है और बुरे काम के साथ बाहर आता है तब वह चीखता है। यह चीखना-चिलाना, नारेबाजी, सड़कों पर प्रदर्शन, मार्ग अवरूद्ध करना, काले कारनामों को ढकने के लिये आरोप-प्रत्यारोप करने से सच छूप नहीं जाता। उपराज्यपाल ने आबकारी मामले में जांच के आदेश दिये, तभी से आम आदमी पार्टी के नेता इसे भाजपा की बदले की कार्रवाई बताते रहे हैं। वे दावा करते रहे हैं कि सीबीआइ के छापों में मनीष सिसोदिया के घर और उनके गांव में कुछ भी नहीं मिला। अब वह किन्हीं अपरिचित लोगों के यहां छापे मार कर उन्हें मनीष सिसोदिया के करीबी बता कर बेवजह परेशान करने की कोशिश कर रही है। प्रश्न है कि जब सिसोदिया निर्दोष है तो सच का सामना करने से भाग क्यों रहे हैं? यह कितना अजीब है कि कोई जनप्रतिनिधि अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप को इस तरह महिमामंडित करे। अगर वे सचमुच पाक-साफ हैं और सीबीआइ को उनके घर से कुछ नहीं मिला है, तो फिर डर किस बात का। उन्हें जनता के सामने खुद को साफ-सुथरा, ईमानदार साबित करने के बजाय सीबीआइ का सामना करने की कोशिश करनी चाहिए। आम आदमी पार्टी खुद दो राज्यों में सत्ता में है, उस पर भी विपक्षी दल इसी तरह के पक्षपातपूर्ण व्यवहार के आरोप लगाते हैं। लोकतंत्र में राजनीति करने का हक सबको है, मगर उसकी प्रक्रियाओं को अपने ढंग से तोड़-मरोड़ कर अपने पक्ष में करने का हक किसी को नहीं है। आजकल राष्ट्र में थोड़े-थोड़े अन्तराल के बाद ऐसे-ऐसे घोटाले, काण्ड या भ्रष्टाचार के किस्से उद्घाटित हो रहे हैं कि अन्य सारे समाचार दूसरे नम्बर पर आ जाते हैं। पुरानी कहावत तो यह है कि सच जब तक जूतियां पहनता है, झूठ पूरे नगर का चक्कर लगा आता है। इसलिए शीघ्र चर्चित प्रसंगों को कई बार इस आधार पर गलत होने का अनुमान लगा लिया जाता है। पर यहां तो सभी कुछ सच है। घोटाले झूठे नहीं होते। हां, दोषी कौन है और उसका आकार-प्रकार कितना है, यह शीघ्र मालूम नहीं होता। इसलिये सच को सामने लाने में राजनेताओं को जांच एजेसियों का साथ एवं सहयोग देना चाहिए।

■ ललित गर्ग

# औद्योगिक क्रांति का सपना व हकीकत

दुनिया के एक-तिहाई देश, जिनमें भारत भी शामिल है, अगले साल कम से कम दो तिमाहियों तक आर्थिक संकुचन का सामना करेंगे और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने साफ कह दिया है कि 2026 तक वैश्विक उत्पादन में चार लाख करोड़ डालर का नुकसान होगा। मंदी का जोखिम बढ़ेगा। अब ऐसी स्थिति में भारत या विश्व में चौथी औद्योगिक क्रांति होगी भी तो कैसे? भारत उसका नेतृत्व करेगा तो कैसे? भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा आयोजित सम्मेलन में पिछले दिनों प्रधानमंत्री का संदेश पढ़ा गया। संदेश था कि भारत पूरे विश्व में चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करेगा। भारत बहुत बड़ा देश है, युवा देश है। इसकी एक सौ चालीस करोड़ जनता में से आधी कार्यशील है। इसके बलबूते और इतनी भारी जनसंख्या से पैदा होने वाली मांग तथा एक ऐसे शासन के बलबूते, जो पूरी तरह से न केवल स्थिर, बल्कि उसमें तत्काल निर्णय लेने की क्षमता भी है, पूरे विश्वास से कहा जा सकता है कि भारत विश्व की चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करेगा। यह सब जानते हैं कि आज तक भारत विश्व की ऐसी किसी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व नहीं कर सका है। मगर पिछले दिनों सुशासन और प्रतिबद्ध प्रशासन के कारण जो परिवर्तन आए हैं, वे बता रहे हैं कि भारत न केवल अपने देश, बल्कि पूरे विश्व में औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व कर सकता है। वैसे, इस समय भारत में जो आर्थिक स्थिति है या अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने जैसा आने वाले आर्थिक दिनों का चित्रण किया है, उसमें एक नई औद्योगिक क्रांति की बात करना साहस की बात है। शायद यह बात इसलिए कही गई है, क्योंकि पिछले दिनों भारत ने विकट आर्थिक परिस्थितियों में भी कई उपलब्धियां हासिल की हैं। सबसे बड़ी उपलब्धि तो यह है कि जब सारे देश एक निम्न विकास दर का सामना कर रहे हैं, महंगाई का कोई अंत नहीं है। निवेश प्रोत्साहित नहीं हो रहा। मंदी लगातार बढ़ती जा रही है और उसका मुकाबला करने वाली आर्थिक नीतियां विफल हो रही हैं, तब भी भारत ने अपनी आर्थिक विकास दर को सात फीसद के आसपास बनाये रख कर सबसे तेज आर्थिक विकास दर प्राप्त करने वाले देश के रूप में पूरे विश्व को चमत्कृत कर दिया है। इसके अलावा, भारत को भरोसा है कि उसकी कर राजस्व संग्रह नीति बहुत सफल रही है और इसके कारण 'एक देश एक कर' की उसकी क्रांतिकारी योजना यानी जीएसटी एक लाख करोड़ रुपए के प्रारंभिक लक्ष्य को पार करके पिछले सात महीनों से 1.40 लाख करोड़ से ऊपर जा रही है। खजाने के भरने की इस सफलता में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में कमी के बावजूद भारत ने जन सामान्य के लिए इसकी कीमतों को नहीं घटाया, बल्कि इससे पैदा होने वाले लाभ पर आकस्मिक लाभ कर लगाकर भी अपना खजाना

> **भारत में कोविड का संकट लगभग समाप्त हो गया है। बंदी के माहौल में शून्य से शुरू करने वाला भारत एकदम उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्र में गतिशील नजर आ रहा है और इसी कारण भारत ने दुनिया में सबसे तेज विकास करने वाले देशों में अपनी जगह बनाई है। मगर इन सब अच्छी-अच्छी बातों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था के छिद्र छिपाये नहीं जा सकते। पहला छिद्र तो यही है कि बेशक हमारे पास बड़ी कार्यशील युवा आबादी है, लेकिन उनके पास काम नहीं है। उन्हें काम देने वाली नीति भी कारगर साबित नहीं हो रही, जिसमें जैसे ही युवक काम के काबिल हो, उसे उचित नौकरी मिल जाए। यहां तो नौकरी की जगह राहतों और रियायतों का एक माहौल बना दिया गया है।**

भरा है। साथ ही पेट्रोल कंपनियों के नुकसान की भरपाई करने की कोशिश की है। इसलिए उसे अपने खजाने में बढ़ोतरी की स्थिति नजर आती है। वैसे भारत पहली कृषि क्रांति के सीमित लाभ प्रभावों के समाप्त हो जाने के बावजूद दूसरी कृषि क्रांति शुरू नहीं कर पाया। न तो पंजाब से और न ही पूर्वोत्तर राज्यों से। मगर अब सरकार का मानना है कि कृषि क्षेत्र को लेकर उसने जो क्रांतिकारी फैसले किये हैं, उनसे कृषि को बहुत लाभ हुआ है। कृषि का आधुनिकीकरण हो रहा है। उत्पादित फसलों को वृहद विनिर्माण योजना से जोड़ने और सहकारिता आंदोलन को पुनर्जीवित करने से कृषि भी अब अपने पैरों पर खड़ी होने लगी है। भारत में कोविड का संकट लगभग समाप्त हो गया है। बंदी के माहौल में शून्य से शुरू करने वाला भारत एकदम उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्र में गतिशील नजर आ रहा है और इसी कारण भारत ने दुनिया में सबसे तेज विकास करने वाले देशों में अपनी जगह बनाई है। मगर इन सब अच्छी-अच्छी बातों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था के छिद्र छिपाये नहीं जा सकते। पहला छिद्र तो यही है कि बेशक हमारे पास बड़ी कार्यशील युवा आबादी है, लेकिन उनके पास काम नहीं है। उन्हें काम देने वाली नीति भी कारगर साबित नहीं हो रही, जिसमें जैसे ही युवक काम के काबिल हो, उसे उचित नौकरी मिल जाए। यहां तो नौकरी की जगह राहतों और रियायतों का एक माहौल बना दिया गया है। इस बात पर गर्व किया जा रहा है कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जो अस्सी करोड़ जनता को रियायती अन्न प्रदान कर रहा है। सितंबर में यह योजना समाप्त होनी थी, लेकिन इसे दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है। दूसरी ओर सर्वेक्षण बताते हैं कि काम करने वाली जनता या तो काम मांगने से ऊब गई है और उसे रियायतों के लिए हाथ फैलाने की आदत हो गई है या वह इस माहौल से निराश होकर देश से पलायन करने के लिए कमर कस रही है। जिन देशों की ओर पलायन बढ़ रहा है- अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड और अन्य यूरोपीय देश हैं। वहां जो स्थिति है, उसमें वे भी अब ऐसे भारतीय निष्क्रमण को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। हर देश में भारतीयों के आगमन पर प्रतिबंध लगाये जा रहे हैं। अब वहां जाकर काम पाना और बसना तो दूर, शिक्षा प्राप्त करने के बहाने प्रवेश भी मुश्किल हो रहा है। इधर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चेतावनी दी है कि अगला साल भारत ही नहीं, दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं के लिए संकट भरा है। अमेरिका में मंदी के स्पष्ट संकेत हैं। फेडरल ब्याज दरें बढ़ाने के बावजूद वहां स्थिति संभलती नजर नहीं आ रही। हां, दूसरे देशों में लगा निवेश अवश्य भगोड़ा होकर वापस उनके देश में चला आया है। दुनिया के एक-तिहाई देश, जिनमें भारत भी शामिल है, अगले साल कम से कम दो तिमाहियों तक आर्थिक संकुचन का सामना करेंगे और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने साफ कह दिया कि 2026 तक वैश्विक उत्पादन में चार लाख करोड़ डालर का नुकसान होगा। मंदी का जोखिम बढ़ेगा। अब ऐसी स्थिति में भारत या विश्व में चौथी औद्योगिक क्रांति होगी भी तो कैसे? भारत उसका नेतृत्व करेगा तो कैसे? भारत में विकास दर की विसंगति बता रही है कि उसके मुख्य क्षेत्र- सेवा क्षेत्र- से उत्पादन प्राप्ति और राजस्व प्राप्ति पहले से कम हो रही है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद जो तंगी पैदा हुई है, उसका सामना करने में भारत अभी तक विफल है। भले रूस के साथ व्यापारिक समझौते के कारण उसे रियायती कीमत पर कच्चा तेल मिल रहा है, मगर ओपेक का अनुसरण करते हुए रूस भी अगर अपने कच्चे तेल के उत्पादन को घटा देता है, तो भारत के लिए मुक्ति का रास्ता कहां रह जायेगा और ऐसे मुक्ति के रास्ते बंद हो जाने के बाद औद्योगिक क्रांति होगी भी तो कैसे? मांग बढ़ेगी तो कैसे?आज का शासन बेशक निर्णय लेने में सक्षम है, अपने निर्णयों पर टिका भी रह सकता है, लेकिन इस समय स्थिति यही है कि उसे इस आर्थिक विमूढ़ता के चक्रव्यूह से लौटना होगा अपने देश की ओर, उसके ग्रामीण उद्योगों के विकास की ओर। देश के ग्रामीण उद्योगों को विनिर्माण के साथ जोड़ कर सहकारी आंदोलन की सहायता से गांवों में एक नई कार्यशीलता का स्पंदन पैदा करने की ओर। अगर ऐसा स्पंदन पैदा हो जाता है तो 2026 तक वैश्विक उत्पादन में चार लाख करोड़ डालर का जो नुकसान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने घोषित किया है और भारत की विकास दर को रिजर्व बैंक ने सात फीसद से घटाकर 6.5 फीसद कर दिया है, उससे किसी हद तक हम बच निकलेंगे। अभी हमारे सामने रास्ता आत्मनिर्भरता, क्रमिक विकास से परिवर्तन और परिवर्तन से ठोस बदलाव का ही है। औद्योगिक क्रांति का नारा और भारत द्वारा विश्व का नेतृत्व करने की घोषणा संतोषजनक हो सकती है, लेकिन वह अन्य घोषणाओं की तरह वायवीय न हो जाए, इसलिए भारत अपने धरतीपुत्रों को बल दे, तभी बात बनेगी।

■ सुरेश सेठ

# जारी रहेगी विरासत पर दावे की जंग

शिव सेना की विरासत की जंग को भले फौरी तौर पर सुलझाया गया है, लेकिन असली राजनीतिक लड़ाई अभी शेष है। निर्वाचन आयोग ने उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे, दोनों गुटों को अलग-अलग नाम और चुनाव चिह्न आवंटित कर दिये हैं। दोनों ने अपनी-अपनी पार्टी के नाम में शिव सेना को भी शामिल किया है और बाला साहेब भी। जैसे, उद्धव ठाकरे के गुट का नाम शिव सेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे है, तो एकनाथ शिंदे की पार्टी का बालासाहेबंची शिव सेना। हालांकि, शिव सेना का मूल चुनाव चिह्न (धनुष-बाण) किसी गुट को नहीं मिला है। उद्धव ठाकरे के पास 'जलती मशाल' है, तो एकनाथ शिंदे के पास 'दो तलवार और एक ढाल'। उल्लेखनीय यह है कि दोनों गुटों को मिले चिह्न भी खास हैं। दरअसल, इतिहास बताता है कि दोनों चिह्न शिव सेना की राजनीतिक यात्रा में शामिल रहे हैं। 1968 के बृह्नमुंबई महानगरपालिका चुनाव (बीएमसी) में पार्टी के कुछ उम्मीदवारों ने ढाल और दो तलवार के चिह्न पर चुनाव लड़ा था, तो 1990 में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में, जब शिव सेना का एकमात्र विधायक चुना गया था, उसे वह जीत मशाल के चुनाव चिह्न पर मिली थी। देखा जाए, तो यह बड़ी लड़ाई थी भी नहीं। विरासत का असली फैसला राजनीतिक रूप से ही निकलेगा। लिहाजा, आने वाले दो-तीन वर्षों में, जब स्थानीय राजनीति परवान चढ़ेगी, तब यह पता चल सकेगा कि बाला साहेब ठाकरे की राजनीतिक विरासत आखिर किस गुट को मिली है। बहुत संभव है कि दोनों में से कोई एक पार्टी बचे। यानी, एक गुट मजबूती से आगे बढ़ेगा, तो दूसरा कमजोर होकर निढाल पड़ जायेगा। इन सबमें यह भी देखना होगा कि आखिर में राज ठाकरे किस गुट के साथ खड़े होते हैं और किस तरह से वह आने वाली राजनीति को प्रभावित कर पाते हैं? उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे, दोनों इस सच से वाकिफ हैं। संभवतः इसीलिए, दोनों नेताओं ने दशहरा के दिन अलग-अलग रैलियां कीं और एक-दूसरे पर शब्दों से तीखे प्रहार किये। उद्धव के पास विशेषकर मुंबई के संगठन के लोग हैं, तो शिंदे की ताकत महाराष्ट्र के अन्य जिलों के कार्यकर्ता हैं। निर्वाचन आयोग ने अब अपना फैसला दे दिया है, लेकिन शिव सेना की असली विरासत का फैसला तो अगले वर्ष होने वाले बीएमसी चुनावों से ही होगा। बीएमसी पर पिछले करीब दो दशकों से शिव सेना का राज है। देश की इस सबसे अधिक साधन-संपन्न महानगरपालिका के आस-पास ही उसकी राजनीति घूमती रही है। मगर पिछले चुनाव में भाजपा व शिव सेना ने अलग-अलग चुनाव लड़े और दोनों के बीच सीटों का अंतर महज दो रहा। उस चुनाव में शिव सेना को जहां 84 सीटें मिली थीं, तो भाजपा ने 82 सीटों पर कब्जा किया था। यह संकेत है कि मुंबई में शिव सेना के पास जो ताकत होती थी, उसमें सेंध लग चुकी है। ऐसे में, अगर शिंदे गुट और भाजपा ने मिलकर इस बार बीएमसी में बाजी मार ली, तो उद्धव ठाकरे की सियासी राह काफी मुश्किल हो सकती है। फिलहाल बीएमसी चुनावों की तीन तस्वीरें दिख रही हैं। पहली, बालासाहेबंची शिव सेना और भाजपा बहुत मामूली अंतर से चुनाव जीत जाएं। इससे शिव सेना की विरासत की जंग कुछ दिन और चल सकती है। दूसरा परिदृश्य, उद्धव ठाकरे को करारी मात मिल जाए, जिसके बाद उनकी आगामी राजनीति को काफी चोट पहुंचेगी। और, तीसरी तस्वीर यह कि उद्धव ठाकरे की पार्टी चुनाव जीत जाए। इससे उनका राजनीतिक कद तो बढ़ जायेगा, लेकिन विरासत की उनकी लड़ाई फिर भी खत्म नहीं होगी, क्योंकि राज्य की सत्ता बालासाहेबंची शिव सेना और भाजपा के पास है। ऐसे में, अगले दो साल तक (जब तक विधानसभा चुनाव नहीं होते) एकनाथ शिंदे का पलड़ा ही भारी जान पड़ता है, क्योंकि उद्धव ठाकरे पर लगाम लगाने की वह कोशिशें करते रहेंगे। उनकी राजनीतिक शैली भी काफी हद तक बाला साहेब से मिलती है।

> **1968 के बृह्नमुंबई महानगरपालिका चुनाव (बीएमसी) में पार्टी के कुछ उम्मीदवारों ने ढाल और दो तलवार के चिह्न पर चुनाव लड़ा था, तो 1990 में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में, जब शिव सेना का एकमात्र विधायक चुना गया था, उसे वह जीत मशाल के चुनाव चिह्न पर मिली थी। देखा जाए, तो यह बड़ी लड़ाई थी भी नहीं। विरासत का असली फैसला राजनीतिक रूप से ही निकलेगा। लिहाजा, आने वाले दो-तीन वर्षों में, जब स्थानीय राजनीति परवान चढ़ेगी।**

■ राहुल वर्मा

## है न विचित्र बात !

### राजस्थान में कांग्रेस

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया आज भी खुद के मुख्यमंत्री होने का भ्रम पाले हुए हैं। उनका व्यवहार पूर्व मुख्यमंत्री का न होकर आज भी मुख्यमंत्री की तरह का ही रहता है। वसुंधरा राजे मानती हैं कि राजस्थान में भाजपा की सबसे बड़ी नेता वही हैं। राजस्थान में अगले विधानसभा चुनाव होने में करीबन एक साल का समय बाकी रह गया है। चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं ने अब चुनावी मैदान में आकर लोगों से जन संपर्क करना शुरू कर दिया है। मगर राजस्थान में सत्तारुढ़ दल कांग्रेस व मुख्य विपक्षी दल भाजपा में बड़े नेताओं की लड़ाई खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। जिससे दोनों ही बड़े दलों का चुनावी अभियान भी प्रभावित हो रहा है। राजस्थान कांग्रेस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जहां अपनी कुर्सी बचाने के लिए अपने पूरे दाव पेंच आजमा रहे हैं। वहीं उनके विरोधी पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट कांग्रेस आलाकमान के भरोसे मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। भाजपा की स्थिति तो कांग्रेस से भी अधिक खराब है। जहां कांग्रेस में गहलोत व पायलट के दो ही खेमे हैं। वहीं भाजपा में तो हर बड़े नेता का अपना खेमा है। आपसी गुटबाजी को मिटाने के लिए भाजपा के बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महासचिव बीएल संतोष लगातार राजस्थान का दौरा कर पार्टी के सभी नेताओं को एकजुट करने का प्रयास करते हैं। मगर जैसे ही दिल्ली से आए बड़े नेता राजस्थान से बाहर निकलते हैं। उसके तुरंत बाद ही प्रदेश भाजपा के नेता फिर से एक दूसरे की टांग खिंचाई में लग जाते हैं। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया आज भी खुद के मुख्यमंत्री होने का भ्रम पाले हुए हैं। उनका व्यवहार पूर्व मुख्यमंत्री का न होकर आज भी मुख्यमंत्री की तरह का ही रहता है। वसुंधरा राजे मानती हैं कि राजस्थान में भाजपा की सबसे बड़ी नेता वही हैं। उनके बिना कभी भी प्रदेश में भाजपा की सरकार नहीं बन सकती है। एक समय था जब राजस्थान में वसुंधरा का मतलब ही भाजपा होता था। मगर अब समय पूरी तरह से बदल चुका है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भाजपा में क्षेत्रीय नेता कमजोर पड़े हैं। वहीं केंद्रीय नेतृत्व मजबूत हुआ है। आज भाजपा में सारे फैसले मोदी, शाह, नड्डा करते हैं। दिल्ली आलाकमान का फरमान ही भाजपा में कानून माना जाता है जिसे सभी मानने को बाध्य होते हैं। राजस्थान को लेकर भी भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की सोच कुछ ऐसी ही मानी जाती है। मोदी, शाह की जोड़ी ने 2018 के विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे को पूरा फ्री हैंड दिया था तथा उनको ही नेता प्रोजेक्ट कर राजस्थान विधानसभा का चुनाव लड़ा गया था। मगर उस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धुआंधार प्रचार के बावजूद भाजपा चुनाव हार गई थी। उस समय वसुंधरा राजे का सबसे अधिक विरोध उनके ही राजपूत समाज द्वारा किया गया था। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभाओं में वसुंधरा राजे की उपस्थिति के दौरान ही जनता द्वारा वसुंधरा के खिलाफ नारेबाजी की जाती थी कि मोदी तुझसे बैर नहीं वसुंधरा तेरी खैर नहीं।

■ रमेश सर्राफ धमोरा

# क्या दुनिया में आर्थिक दिक्कते और बढ़ेंगी

बेकाबू महंगाई व आर्थिक मंदी की बढ़ती आशंकाओं के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था का संकट गहराता जा रहा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व और यूरोपीय केंद्रीय बैंक के साथ दुनिया की लगभग सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के केंद्रीय (रिजर्व) बैंकों की कोशिशों खासकर ब्याज दरों में लगातार और आक्रामक बढ़ोतरी के बावजूद अधिकांश देशों में महंगाई रेकॉर्ड स्तर पर बनी हुई है। कई अमीर देशों में महंगाई पिछले 40 सालों के रेकॉर्ड तोड़ चुकी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक मुद्रास्फीति की दर इस साल औसतन 8.8 फीसदी बनी रहेगी, जो कोई दो साल बाद 2024 में घटकर 4.1 फीसदी तक आ सकती है। इधर, रूस के आक्रामक रवैये, तीखे पलटवार और परमाणु युद्ध की धमकी से रूस-यूक्रेन युद्ध के और गंभीर होने और फैलने की आशंका बढ़ गई है। यह पहले से डगमगाती वैश्विक अर्थव्यवस्था और महंगाई रोकने की कोशिशों के लिए एक बड़े धक्के की तरह है। इससे न सिर्फ वैश्विक वित्तीय-आर्थिक अनिश्चितता और बढ़ेगी बल्कि महंगाई भी बेकाबू बनी रह सकती है। बीते सप्ताह कच्चे तेल के निर्यातक देशों के संगठन-ओपेक और रूस यानी ओपेक प्लस ने कच्चे तेल की कीमतों में आ रही गिरावट को रोकने के नाम पर उत्पादन में प्रतिदिन 20 लाख बैरल की कटौती का फैसला किया है। दूसरी ओर, दुनिया के कई देशों खासकर यूरोप, अमेरिका, उत्तरी अफ्रीका और भारत में क्लाइमेट चेंज के असर से बाढ़ और सूखे के कारण और यूक्रेन में युद्ध के कारण अनाजों के उत्पादन पर बुरा असर पड़ा है। चीन में कोविड महामारी को लेकर कड़े नियमों से उत्पादन और सप्लाई चेन के प्रभावित होने और रीयल एस्टेट सेक्टर में मौजूदा संकट के बेकाबू होने की आशंका बनी हुई है। यही नहीं, रूस-यूक्रेन युद्ध तेज होने से यूएन की अगुवाई में काला सागर (ब्लैक सी) से यूक्रेन के अनाज के निर्यात को लेकर हुआ समझौता खटाई में पड़ सकता है, जिससे अनाजों खासकर गेहूं की कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। युद्ध तेज होने, रूस पर प्रतिबंधों के और कड़े होने और आपूर्ति लाइन प्रभावित होने से उर्वरक और खाने के तेल की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। इन सब कारणों से महंगाई की ऊंची दरों में जल्दी कमी आने की उम्मीद कम ही दिख रही है। उलटे दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों की ब्याज दरों में बढ़ोतरी करके महंगाई को काबू में करने की आक्रामक कोशिशों के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर आर्थिक मंदी के काले बादल जरूर मंडराने लगे हैं। आईएमएफ ने अपनी ताजा रिपोर्ट में वैश्विक और भारत समेत दुनिया की सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर में संशोधन करते हुए वर्ष 2022 और अगले साल 2023 में जीडीपी में गिरावट की चेतावनी दी है। आईएमएफ का कहना है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का बदतर दौर अभी आने वाला है। अगले साल दुनिया की एक तिहाई अर्थव्यवस्थाएं आर्थिक मंदी की चपेट में होंगी। इस स्थिति में एक ओर रोजमर्रा के उपभोग की वस्तुओं, ईंधन-ऊर्जा और सेवाओं की ऊंची कीमतों के कारण आम लोगों का जीना दूभर होगा। वहीं दूसरी ओर, बढ़ती ब्याज दरों और मंदी जैसे हालात के कारण नौकरियों से छंटनी, वेतन कटौती और बेरोजगारी बढ़ेगी। इससे वर्किंग क्लास में असंतोष बढ़ेगा और वेतन बढ़ाने की मांग होगी। यूरोप में अभी ही ब्रिटेन, फ्रांस से लेकर स्पेन और बेल्जियम तक हड़तालों की लहर इसका सबूत है। ऐसे में, सरकारों पर दबाव होगा कि वे ढीली राजकोषीय नीति का पालन करें और लोगों को महंगाई से राहत देने और अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए उदारता से सरकारी खजाने का मुंह खोलें। इसके लिए सरकारों को या तो राजस्व बढ़ाना यानी टैक्स में इजाफा करना होगा या फिर खुले बाजार से कर्ज लेना होगा। पहला विकल्प यानी टैक्स बढ़ाने का रास्ता कम ही सरकारें चुनेंगी, लेकिन उनके पास अमीरों पर टैक्स बढ़ाने और सुपर प्रॉफिट कमा रही कंपनियों पर विंडफॉल टैक्स लगाने का विकल्प है, लेकिन नव-उदारवादी आर्थिकी की पैरोकार सरकारें इससे बचने की कोशिश करेंगी। ज्यादा संभावना इस बात की है कि वे बाजार से कर्ज उगाहेंगी और खर्च करेंगी। लेकिन इससे न सिर्फ ब्याज दरों पर और अधिक दबाव बढ़ेगा बल्कि केंद्रीय बैंकों की महंगाई दर को काबू करने की कोशिशें भी बहुत कामयाब नहीं होंगी। इससे आने वाले दिनों में सरकारों और केंद्रीय बैकों के बीच टकराव बढ़ सकता है। जानी-मानी पत्रिका 'इकनॉमिस्ट' ने अपने ताजा अंक में बताया है कि विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक नये वित्तीय-आर्थिक दौर में प्रवेश कर रही हैं, जिसमें पिछले दशक की सख्त राजकोषीय नीति और उदार मौद्रिक नीति की जगह ढ़ीली राजकोषीय नीति और सख्त मौद्रिक नीति का दौर आने वाला है। इसके तहत अपेक्षाकृत थोड़ी ऊंची महंगाई दर (2 फीसदी के बजाय 4 फीसदी) स्वीकार्य होगी, लेकिन सरकारें राजकोषीय खर्च में उदारता से बढ़ोतरी करके अर्थव्यवस्था की ड्राइविंग सीट पर होंगीं और पिछले दशक में जीडीपी की सुस्त वृद्धि दर की तुलना में उसे तेज करने पर जोर देंगीं। उदाहरण के लिए, अमेरिका में बाइडन प्रशासन ने सड़कों-पुलों-रेल-पोर्ट आदि इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करने के लिए तीन खरब डॉलर की महत्वाकांक्षी योजना का एलान किया है। यह सीमित ही सही, लेकिन नव-उदारवादी अर्थनीति का नकार और नव-कींसवाद की वापसी भी है। इससे एक बार फिर अर्थव्यवस्था में सरकारों और राजकोषीय खर्चों की बढ़ती भूमिका का संकेत मिलता है। भारत भी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर मंडराते काले बादलों की छाया से अछूता नहीं है। यह ठीक है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वृद्धि दर में गिरावट के बावजूद दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं में होगी। इसका अर्थ यह नहीं है कि अर्थव्यवस्था में सब चंगा व गुलाबी है।

> **अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक मुद्रास्फीति की दर इस साल औसतन 8.8 फीसदी बनी रहेगी, जो कोई दो साल बाद 2024 में घटकर 4.1 फीसदी तक आ सकती है। इधर, रूस के आक्रामक रवैये, तीखे पलटवार और परमाणु युद्ध की धमकी से रूस-यूक्रेन युद्ध के और गंभीर होने और फैलने की आशंका बढ़ गई है। यह पहले से डगमगाती वैश्विक अर्थव्यवस्था और महंगाई रोकने की कोशिशों के लिए एक बड़े धक्के की तरह है। इससे न सिर्फ वैश्विक वित्तीय-आर्थिक अनिश्चितता और बढ़ेगी बल्कि महंगाई भी बेकाबू बनी रह सकती है।**

■ आनंद प्रधान

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### बीज वितरण में अनियमितता की शिकायत करने पर मुखिया संघ ने केन्द्र की जांच की



**महुआडांड़।** प्रखंड में कृषि विभाग द्वारा वितरित किए जा रहे चना और सरसो बीज वितरण में मिली अनियमितता की शिकायत के आलोक में मुखिया संघ अध्यक्ष रामबिशुन नगेसिया के नेतृत्व में प्रखंड की सभी मुखिया ने कृषि कार्यालय पहुंचकर मामले की जांच की ।इस संबंध में मुखिया रेणु तिग्गा ने बताया कि बीज वितरण में भारी अनियमितता बरती जा रही है ।जो किसान नही है वैसे लोगों को भी खाने हेतु विभाग और कृषि मित्र की मिलीभगत से चना और सरसो दिया जा रहा है,बीज वितरण तो किया जाता है। लेकिन किसी भी पंचायत में बीज नहीं लगाया जाता है ।इसकी भी जांच होनी चाहिए ।वही वितरण के दौरान मुखिया को सूचित भी नही किया जाता है ।जनप्रतिनिधियों ने कृषि तकनीकी सह उत्पादन केंद्र के कर्मियो पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए बीज वितरण में अनियमितता बरतने की बात कही ।जनप्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि उन्हें किसी प्रकार की सूचना कृषि विभाग द्वारा नहीं दी गयी और मनमाने ढंग से बीज वितरण किया गया। मौके पर मुखिया रेणु तिग्गा, सुषमा कुजूर, मगदली टोप्पो, प्रदीप बड़ाइक, प्रमिला मिंज, उषा खलखो, रोजालिया टोप्पो, कमला किड़ो, रीता खलखो रौशनी कुजूर आदि मौजूद थे।

### पुलिस ने रंगदारी मांगने के आरोप में महिला को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बालूमाथ।** पुलिस ने उग्रवादी के नाम पर रंगदारी मांगने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत लातेहार भेज दी है। जिसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि उक्त महिला टीएसपीसी संगठन के इनामी उग्रवादी राकेश गंझू उर्फ विराट जी की पत्नी है ।जो उग्रवादी के नाम पर रंगदारी मागती थी। महिला बूटकुईया थाना कुंडा जिला चतरा की 32 वर्षीय महिला को कांड 201/ 22डीटी,385/ 386 आईपीसी एवं 17 सी एल ए एक्ट के तहत लातेहार कारा भेज दिया गया है। गिरफ्तार महिला के पास से एक सेल फोन भी बरामद किए गए हैं। इस छापेमारी अभियान में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के अलावे,एस आई धीरज कुमार और सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

### इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**चतरा।** जिला मुख्यालय स्थित प्रोफेसर कॉलोनी में संचालीत इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय में दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 8 से 10 तक एवं जूनियर वर्ग में कक्षा दो से 4 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बेहतर बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार जूनियर वर्ग में कक्षा चार, द्वितीय कक्षा पांच और तृतीय स्थान के लिए कक्षा 2 के अर्थी को संयुक्त रूप से दिया गया। जबकि सीनियर सेक्शन में प्रथम पुरस्कार सीबीएसई वर्ग अंशिका ग्रुप को, द्वितीय इशिका ग्रुप नवम वर्ग को एवं तृतीय पुरस्कार नारायणी ग्रुप अष्टम को दिया गया। निर्णायक की भूमिका भूमिका में शाहनवाज आलम, पूनम सिंह, राजू कुमार, प्रज्ञा पाठक, निर्मला कुमारी एवं नीतू कुमारी ने निभाई।

### सिमरिया डिग्री महाविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन

**सिमरिया (चतरा)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित सिमरिया डिग्री महाविद्यालय में 15 से 22 अक्टूबर तक विभिन्न विभागों द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। समाजशास्त्र व राजनीतिक विज्ञान पर व्याख्यान प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार बक्शी, अर्थशास्त्र विभाग द्वारा विशेष व्याख्यान कॉलम्बस कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. देवेन्द्र प्रसाद, मानवशास्त्र विभाग पर व्याख्यान विभावि के मानवविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. जॉनी रुफीनी तिर्की, इतिहास विभाग पर व्याख्यान वनांचल कॉलेज टंडवा के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. नवल कुमार तथा अंतिम दिन हिंदी विभाग पर व्याख्यान वनांचल कॉलेज टंडवा के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार दास ने दिया। कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्र, छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही।

### वृंदा मोड़ के समीप वाहन दुर्घटना में चालक की मौत, दो अन्य घायल



**टंडवा (चतरा)।** शनिवार को टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क किनारे स्थित वृंदा मोड़ के समीप वैगनआर जेएच 01 ईवी 9864 के दुर्घटना में 40 वर्षीय चालक ब्रजेश कुमार सिंह पिता शिव प्रसाद सिंह की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं वाहन में सवार उपेन्द्र सिंह एवं संदीप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार सभी रांची से चतरा जा रहे थे, तभी घटना स्थल में सड़क किनारे स्थित शीशम पेड़ वाहन अनियंत्रित होकर टक्करा गई। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं घायलों को बेहतर इलाज के लिए परिजन अस्पताल ले गए।

### आपके द्वार कार्यक्रम में कई मामलों का किया गया निष्पादन

**टंडवा (चतरा)।** शनिवार को टंडवा प्रखंड के टंडवा पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। साथ हीं विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। वहीं वन विभाग ने सैंकड़ों पौधों का वितरण किया गया। कई जरुरतमंद वृद्धों-असहायों को जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने अपने हांथों से कंबल वितरित किया। मौके पर बीडीओ रंथु महतो, सीओ विजय दास, बीपीओ राजेश कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, उपाध्यक्ष नीरज तिवारी, दुर्गा सोरेन सेना जिला महासचिव संतोष नायक, धीरेन्द्र भगत आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## जिले के पांच प्रखंडों में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, बोले मंत्री

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगी विकास योजनाएं

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को जिले के पांच प्रखंड के पांच पंचायतों में आयोजित की गई। प्रथम चरण के अंतिम दिन सदर प्रखंड के सिमा पंचायत में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता, उपायुक्त अबु इमरान, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता आदि ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जन कल्याण के लिए गांव-गांव पहुंच रही है। सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिले इसलिए इस तरह का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। लोगों को मुख्यालयों का चक्कर न लगाना




पड़े, उन्हें हर जरूरत की सुविधाएं पंचायत सचिवालय में ही उपलब्ध हो यही सरकार का लक्ष्य है।

वहीं उपायुक्त ने कहा कि 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक प्रथम चरण में जिले के सभी प्रखंडों के 76 पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें योग्य लाभुकों के प्राप्त आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया जा रहा है। इसके पश्चात मंत्री अधिकारियों संग ग्रामीणों से प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, सड़क, बिजली, पानी, पुल, पुलिया समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर कई समस्याओं का त्वरित निष्पादन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम में कंबल, जॉब कार्ड, पेंशन, आवास स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया। इस अवसर पर मंत्री, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त संग, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, एसडीओ मुमताज अंसारी, बीडीओ गणेश रजक समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रेस वार्ता कर उपायुक्त ने दी जानकारी

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम को लेकर सदर प्रखंड के सिमा पंचायत में लगाये गए शिविर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को दी जानकारी। उपायुक्त ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को बताया कि कार्यक्रम का प्रथम चरण 12 से 22 अक्टूबर तक चला। जिसमें कुल 37527 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 27949 का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं 9576 आवेदन प्रक्रियाधीन है। जिसे जल्द निष्पादित कर दिया जायेगा। प्राप्त आवेदनों के मामले में अभी तक 74.7 प्रतिशत निष्पादित कर लिया गया है। आगे बताया कि सदर प्रखंड में प्राप्त 4644 में 4142, गिद्धौर प्रखंड में 1790 में 1343, हंटरगंज प्रखंड में 5967 में 3691, इटखोरी में 2053 व 1455, कान्हाचट्टी के 3086 में 2371, कुंदा के 914 में 630, लावालौंग में 1811 में से 769, मयूरहंड में प्राप्त 1273 आवेदनों में 625, पत्थलगडा में प्राप्त 1030 आवेदनों में 523, प्रतापपुर में 3447 में 2285, सिमरिया प्रखण्ड में 3771 में 3110, टंडवा में प्राप्त 5581 आवेदनों में 4885 व चतरा नगर परिषद में प्राप्त 2160, आवेदनों में 2160 का निष्पादन किया गया।

## दीपावली पर छात्रों के बीच कई प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** शनिवार को सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री रामकृष्ण परमहंस सेंट्रल स्कूल में दीपावली पर्व पर विविध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में नर्सरी, एलकेजी से लेकर दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागी बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली, क्ले लैंप डेकोरेशन बनाने के साथ भाषण प्रस्तुत कर उपस्थित निर्णायक व शिक्षकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सह निर्णायक के रूप में धर्मेंद्र पाठक उपस्थित थे। जिन्होंने रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं के छात्रों को प्रथम पुरस्कार, दसवीं के छात्रों को द्वितीय और छठी के छात्रों को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया। साथ ही साथ उन्होंने क्ले लैंप डेकोरेशन के लिए दसवीं वर्ग के छात्रों को और सर्वश्रेष्ठ भाषण के लिए कक्षा आठ



से चित्रा सुरभि को सम्मानित किया गया। कक्षा नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने मनमोहक हस्त कला का प्रदर्शन किया, जिन्हें पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निदेशक प्रवीण प्रकाश सिंह, प्राचार्य मुसाफिर सिंह, उप प्राचार्य दीपक मिश्रा, शिक्षिका बेबी प्रकाश सिंह, अंजना कुमारी, वेरोनिका एका, एलिश सांगा, शीतल तिर्की, शिक्षक सूजेश कुमार, अमित कुमार, सूरज कुमार, लवकुश ठाकुर, पवन पांडे, संजय कुमार और विजय टुडू ने अहम भूमिका निभाई।

## खिलाड़ियों के बीच समुदायिक पुलिसिंग के तहत जर्सी और फुटबॉल का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** शनिवार को पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध उमाकांत पाठक खेल मैदान में आयोजित नादीर आलि-जयमंगल पांडेय फुटबॉल टूनामेंट के फाईनल मुकाबले में पहुंची टीम के बीच जर्सीव व फुटबॉल का वितरण शनिवार को किया गया। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत एसडीपीओ अशोक कुमार प्रिर्दशी व थाना प्रभारी बमबम कुमार ने संयुक्त रुप से आराभुसाई तथा कटकमसांडी के खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल, जर्सी व बूट का वितरण किया गया। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस पब्लिक के बीच संबंध को मजबूत करने तथा खिलाड़ियों के हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से फुटबॉल व अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। इससे पूर्व भी चतरा पुलिस द्वारा



प्रखण्ड क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में असहाय लोगों के बीच कंबल व अन्य जरुरत के सामनों का वितरण किया गया है। शहीद जयमंगल पांडेय सह नादिर अली फुटबॉल टूनामेंट के फाइनल मुकाबले में आराभूसाई ने कटकमसांडी को एक गोल से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

## बालूमाथ-बारियातू में स्पीड लिमिट तय हो और ट्रैफिक पुलिस हो तैनात: समाजसेवी

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** इन दिनों बालूमाथ थाना क्षेत्र दुर्घटना वाला क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। सड़क दुर्घटना में लोगों की जाने जा रही हैं ।और पीड़ितों का घर संसार उजड़ रहा है। सभी बातों पर विचार मंथन कर बालूमाथ समाजसेवी भाजपा नेता शैलेश सिंह, समाजसेवी सह जेएमएम जिला कोषाध्यक्ष उपेंद्र यादव, समाजसेवी सह राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, मुखिया नरेश लोहरा सहित दर्जनों गणमान्य लोगों ने सड़क हादसे पर गहरा मंचन किया है। कहा एक समय था कुत्ते जानवर हाइवा ट्रक के चपेट में आने से सड़कों पर मरे पड़े मिलते थे। जितनी तादाद में उनकी मौतें होती थी। उससे भी ज्यादा आज इंसानी जाने जाने लगी



हैं। बालूमाथ में जब भी दुर्घटना हुआ है तो उचित इलाज की व्यवस्था नहीं है जिसके लिए 100 किलोमीटर दूर रांची ले जाया जाता है। अधिक घायल मरीज का रांची अस्पताल पहुंचते पहुंचते ही मौत हो जाती है। सड़क हादसे की रोकथाम के लिए समाजसेवियों ने जिला उपायुक्त भोर सिंह यादव से मांग की है। जिसमें बालूमाथ मुख्यालय स्थित मुरपा मोड़ एवं थाना चौक पर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए गार्ड तैनात हो। बालूमाथ से बारियातू तक स्पीड लिमिट 20 किलोमीटर प्रति घंटा का हो टाउन क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था हो। बालूमाथ स्टैंड पर सड़क किनारे जो टेम्पू लगी रहती है । उनकी व्यवस्था बालूमाथ न्यू बस स्टैंड पर हो। ब्लॉक से लेकर टमटम टोला तक डिवाइडर व ब्रेकर बंनाने की मांग की। नियमित रूप से छोटी बड़ी वाहनों की डीटीओ जांच हो।

### कार और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर, कार सवार दंपति घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-चांपी-लोहरदगा मुख्य पथ पर स्थित डेढ़टंगवा में घाटी में एक वैगन आर कार जेएच 0 वन डी डब्लू 3375 और बॉक्साइट ट्रक जेएच 0 8 एफ 3441 के बीच आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि टक्कर खाने के बाद कार सड़क से लगभग तीस फिट नीचे लुढ़क गई दुर्घटना में कार सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद राहगीरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉ एनके पांडेय के द्वारा उनका प्राथमिक उपचार के पश्चात बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार गुमला निवासी शंभू साहू अपनी पत्नी के साथ नीलम साहु के साथ औरंगाबाद से गुमला लौट रहे तभी यह घटना घटी।

### आंगनबाड़ी सेवकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**गिद्धौर(चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में समर अभियान के तहत आंगनबाड़ी सेवकाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण राष्ट्रीय पोषण मिशन के विकास कुमार व बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका उर्मिला देवी के द्वारा दी गयी। इस दौरान प्रशिक्षण में सेविकाओं को 0 से 5 वर्ष के बच्चों का वजन, लम्बाई इंट्री करने, कुपोषित बच्चों को 15 दिनों के अंदर जांच कर इंट्री करने सहित अन्य जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में सुनैना कुमारी, प्रभा सिन्हा, पिंकी देवी, रीता देवी, रीना देवी, लखमा तिर्की आदि मौजूद थे।

## विधायक ने बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण की रखी नींव, कहा

# सभी ग्रामीण सड़कों को मुख्य सड़क से जोड़ा जायेगा

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने शुक्रवार शाम प्रखंड के अति सुदूर लात पंचायत के 12 गांव को जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण की भूमि पूजन कर नींव रखी. अति उग्रवाद प्रभावित व प्रखंड के सबसे सुदूर लात पंचायत के सभी गांव के काफी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में विधायक रामचंद्र सिंह ने लाभार पुलिस पिकेट पीडब्ल्यूडी रोड से लात पंचायत के टोंगारी तक करीब 9 किलोमीटर तक बनाने वाली सड़क निर्माण की टोंगारी ग्राम में भूमि पूजन कर आधारशिला रखी। इस अवसर पर गांव के ग्राम प्रधान, बैगा पाहन की उपस्थिति में विधायक रामचंद्र सिंह ने पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया। एक दर्जन से अधिक अतिथियों व ग्राम प्रधान ने



बारी-बारी से निर्माण स्थल में नारियल फोड़कर पूजा अर्चना कर सड़क निर्माण की नीव रखी। कार्यक्रम स्थल में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि इस सड़क के निर्माण होने से लात पंचायत के 1 दर्जन से अधिक गांव के लोगों का जिनका बरसात के दिनों में प्रखंड मुख्यालय से संपर्क कट जाता था उन गांव के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रखंड के बहुप्रतीक्षित बरवाडीह मंडल जर्जर सड़क निर्माण से परेशान लोगों को सड़क निर्माण का तोहफा मिलेगा। कार्यक्रम का मंच संचालन 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने की। मोके पर अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन, बीडीओ राकेश सहाय, एम ओ अनुज कुमार शरण, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी प्रमोद कुमार, डॉ आशीष रंजन, मुखिया ईश्वरी देवी, जग सहाय सिंह,पुष्ण भूषण सिंह , अनिल कुमार सिंह, रविंद्र राम, मोहम्मद शाहिद अंसारी ,पूर्व मुखिया मंजू देवी, प्रेमलता मिंज, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, मुसाफिर यादव ,विकास कुमार, राम प्रताप तिवारी, सहादुर सिंह, निजाम अंसारी, कुलेश्वर सिंह,मो हलीम समेत काफी संख्या में ग्रामीण व विधायक समर्थक उपस्थित थे।

## सहायक अध्यापक के निधन पर पारा टीचर संघ ने किया आर्थिक सहयोग

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड के सहायक अध्यापक प्रखंड कमेटी द्वारा सहायक अध्यापक विरेंद्र उरांव के निधन पर उसके पैतृक गांव नावाडीह पहुंचकर संघ के सदस्यों ने 41000 की आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नावाडीह के सहायक अध्यापक वीरेंद्र उरांव की बीते दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। उसके निधन के उपरांत शनिवार को संघ के अध्यक्ष विजय यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल नावाडीह( चुंगरु) गांव पहुंचकर मृतक की पत्नी को 41000 की आर्थिक मदद दी। इससे पूर्व सहयोगी शिक्षक संघ ने छिपादोहर के सहायक अध्यापक प्रदीप प्रसाद के निधन पर के उपरांत छिपादोहर पहुंचकर उनके परिजनों को



41000 के आर्थिक सहयोग प्रदान किया था। वही संघ के सदस्यों ने राज्य सरकार से मृतक के परिजनों को 500000 500000 मुआवजा एवं परिजनों को सरकारी नौकरी देने की मांग किया।

मौके पर प्रखंड सचिव संजीव कुमार सिंह, बबलू सिंह , विजय यादव, मनोज कुमार सहाय, गुलाम अनवर, अनुज कुमार सिन्हा, विजय प्रसाद, कुमार सौरभ आदि मौजूद थे।

## गोलीबारी घटना की जांच करने घटना स्थल पर पहुंचे डीआईजी व एसपी, कहा

# नक्सलियों के कायराना हरकत का मुंहतोड जवाब मिलेगा

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मालहन पंचायत के समीप बरकाकाना बरवाडीह रेल खंड किमी 173/16 के समीप थर्ड रेलवे लाइन विस्तारीकरण कार्य के दौरान माओवादियों द्वारा की गई। गोलीबारी की घटना की जांच करने शनिवार को पलामू डीआईजी राजकुमार लकड़ा, लातेहार एसपी अंजनी अंजन, एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा समेत सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट धर्मेन्द्र याद,असिस्टेंट कमांडेट कुणाल याद घटना स्थल पहुंचे। अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया डीआईजी श्री लकड़ा ने चंदवा थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा से घटना के संबंध में जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि नक्सलियों द्वारा की गई इस कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। अधिकारियों ने घटना स्थल के आस पास के क्षेत्रों में



सर्च ऑपरेशन भी चलाया। शुक्रवार दोपहर हुई गोलीबारी में तीन कमीयों को लगी है गोली

विदित हो कि थर्ड रेलवे लाइन विस्तारीकरण का कार्य केइसी कंपनी को मिला हुआ है केइसी कंपनी ने उक्त कार्य को पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर जेजीबी नामक कंपनी को दे रखी है शुक्रवार को मालहन के समीप ड्रेन निर्माण कार्य चल रहा था साइट पर कंपनी के जेई शिवकुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे दोपहर लगभग तीन बजे सादे लिबास में 10 से 12 की संख्या में हथियारबंद माओवादी दो तीन तरफ से आ धमके और सभी को घेर लिया माओवादियों ने कंपनी के जेई शिवकुमार को अपने कब्जे में लेते हुए उसे तीन गोली मार दी जिससे वह वही गिर गया। गीलीबारी होता देख अन्य कर्मी वंहा से भागने लगे जिसमें दो कामगारों के पैर में गोली लगी है ।घटना को अंजाम देने के बाद सभी माओवादी जंगल की तरफ भाग निकले ।घटना में जेई शिवकुमार यादव पिता गणेश यादव औरंगाबाद बिहार, विशेश्वर यादव पिता धनेश्वर यादव, विकास यादव पिता बलराम यादव दोनो सीरम बालूमाथ। गोली लगने के कारण शिवकुमार यादव की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### कंपनी के कैंप पर पहले भी दो बार हो चुका है हमला

इसी वर्ष 22 अगस्त को केंदुआटांड़ स्थित कंपनी के कैंप पर धावा बोलकर कई गाड़ियों में तोड़ फोड़ किया गया था उस वक्त भी घटना की जिम्मेवारी नक्सली संगठन ने ली थी इससे पूर्व लगभग दो वर्ष पूर्व भी नक्सलियों ने कंपनी के कैंप पर हमला कर कई वाहनों में आग लगा दी थी। इधर घटना के बाद से कंपनी के साइट पर सन्नाटा पसरा हुआ है सभी कर्मी डरे सहमे हुए हैं घटना के संबंध में कोई कुछ बताने के लिए भी तैयार नही है।

## नगरपालिका निर्वाचन को लेकर अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन को लेकर हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में आगामी नगरपालिका निर्वाचन को लेकर अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन से सम्बंधित बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दिनांक 19.10.2022 को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया है। आमजन दिनांक 29.10.2022 तक मतदाता सूची के प्रारूप के सम्बन्ध में दावा एवं आपत्ति दे सकते है। दावा एवं आपत्ति का निराकरण कर दिनांक 4.11.2022 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा मतदान केंद्रों की सूची के प्रारूप का भी प्रकाशन किया गया है। मतदान केंद्रों की सूची के प्रारूप




के सम्बन्ध में कल दिनांक 22.10.2022 तक दावा एवं आपत्ति दिया जा सकता है। दावा एवं आपत्ति के निराकरण के उपरांत 29.10.2022 को मतदान केंद्रों के अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में अपर समाहर्ता श्री आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी श्री शेखर कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह -उप निर्वाचन पदाधिकारी लातेहार श्री बंधन लांग, राजनीतिक दल के प्रतिनिधि प्रबुद्ध नागरिक, प्रिंट एंव इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।




## न्यूज गैलरी

### एम्स में सांसदों द्वारा भेजे जाने वाले मरीजों को सुविधा देने का आदेश वापस

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने सांसदों के लिए उपचार सुविधाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) चिकित्सकों के एक वर्ग की ओर से आलोचना किये जाने के एक दिन बाद वापस ले लिया। एम्स के निदेशक एम. श्रीनिवास ने लोकसभा सचिवालय के संयुक्त सचिव वाईएम. कांडपाल को हाल ही में लिखे एक पत्र में बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी), आपातकालीन परामर्श और लोकसभा व राज्यसभा दोनों के मौजूदा सांसदों को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए जारी एसओपी की जानकारी दी थी। श्रीनिवास ने अपने पत्र में कहा था कि अस्पताल प्रशासन विभाग के ड्यूटी अधिकारी एम्स के नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे ताकि व्यवस्थाओं का समन्वय और उसे सुविधाजनक बनाया जा सके। इस कदम की कई चिकित्सक संघों ने तीखी आलोचना की थी और इसे प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान में वीआईपी संस्कृति बताया था। शुक्रवार को अस्पताल प्रशासन ने पत्र वापस ले लिया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी देवनाथ साह द्वारा हस्ताक्षरित नवीनतम पत्र में लिखा गया है कि एम्स में सांसदों के लिए चिकित्सा व्यवस्था पर 17 अक्टूबर के पत्र को तत्काल प्रभाव से वापस लिया माना जा सकता है। इसके तुरंत बाद, फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (एफओआरडीए) ने ट्वीट किया, तो, विशेष विशेषाधिकार वापस ले लिया गया।

### चीन में आज हो सकती है चिनपिंग को तीसरा कार्यकाल देने के प्रस्ताव की घोषणा

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के महासम्मेलन (कांग्रेस) के समापन सत्र की शनिवार को शुरुआत हुई। सत्र की अध्यक्षता राष्ट्रपति शी चिनपिंग कर रहे हैं। इस महासम्मेलन में चिनपिंग का नाम रिकॉर्ड तीसरे कार्यकाल के लिए प्रस्तावित किये जाने की उम्मीद है। दिनभर जारी रहनेवाले सत्र के दौरान पार्टी के वरिष्ठ 370 नेताओं वाली केंद्रीय समिति का चुनाव किया जाना है और चिनपिंग को और शक्तियां देने के लिए पार्टी संविधान में संशोधन करने सहित कई अहम प्रस्तावों को पारित किए जाने की उम्मीद है। चिनपिंग को तीसरा कार्यकाल देने के प्रस्ताव की घोषणा सीपीसी रविवार को कर सकती है। सरकारी मीडिया ने बताया कि बंद कमरे में आयोजित सत्र की अध्यक्षता चिनपिंग कर रहे हैं। सीपीसी हर पांच साल में महासम्मेलन का आयोजन करती है, जिसमें पूरे देश की शाखाओं के कुल 2296 निर्वाचित प्रतिनिधि हिस्सा लेते हैं। 20वां महासम्मेलन एक सप्ताह का है, जो पार्टी का संचालन करनेवाली केंद्रीय समिति के चुनाव के साथ सम्पन्न होगा। नयी केंद्रीय समिति की बैठक रविवार को राजनीतिक ब्यूरो का चुनाव करने के लिए होगी, जो स्थायी समिति का चुनाव करेगी।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 1.80 करोड़ में बेचा अपना घर

**कानपुर (एजेंसी)।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कानपुर का अपना घर बेच दिया। दयानंद विहार स्थित इस घर को 1 करोड़ 80 लाख में बेचा है। अब इस घर में डॉक्टर दंपती श्रीति बाला और डॉक्टर शरद कटियार रहेंगे। शुक्रवार को पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिए कानपुर में मकान की रजिस्ट्री हुई है। पूर्व राष्ट्रपति ने घर की पावर ऑफ एटॉर्नी आनंद कुमार के नाम की थी। उन्होंने ही कानपुर में रजिस्ट्री की है। राष्ट्रपति रहने के दौरान कोविंद और उनकी पत्नी सविता कोविंद इस घर में आती रहीं हैं। घर के बाहर रामनाथ कोविंद की नेमप्लेट भी लगी है। 25 साल पहले जब कोविंद वकील थे, तब उन्होंने इस घर को खुद बनवाया था। तब वह काफी समय तक इस घर में रहे थे। कोविंद का कार्यकाल खत्म होने के बाद प्रोटोकॉल और परंपरा के तहत उन्हें

■ 25 साल पहले कानपुर में बनवाया था, खरीदने वाले डॉक्टर दंपती बोले- खुश हूं इसे पाकर

दिल्ली में बंगला मिला है। उनका परिवार अब वहीं रहेगा। इस घर को खरीदने वाले डॉक्टर शरद कहते हैं कि यह मेरा सौभाग्य है। ईश्वर ने कृपा की कि मुझे इस मकान में रहने का अवसर मिलेगा।

**कोविंद का घर मिलने को सौभाग्य मानते हैं डॉक्टर दंपती :** कोविंद का कार्यकाल खत्म होने के बाद प्रोटोकॉल और परंपरा के तहत उन्हें दिल्ली में बंगला मिला है। उनका परिवार अब वहीं रहेगा। डॉक्टर शरद कहते हैं कि यह मेरा सौभाग्य है। ईश्वर ने कृपा की कि मुझे इस मकान में रहने का अवसर मिलेगा। कोविंद के घर के चलते वीआईपी था यह इलाका पूर्व राज्यसभा सदस्य रहे रामनाथ कोविंद के राष्ट्रपति बनते ही उनके इस घर को भी सुरक्षा घेरे में ले लिया गया था। प्रोटोकॉल के तहत पुलिस की एक कंपनी उनके आवास पर तैनात रहती थी। उनके आवास के चलते यह क्षेत्र वीआईपी दर्जा रखता था। वे इसे पूर्व राष्ट्रपति की कृपा मानते हुए इसे प्रॉपर्टी के जरिए से न देखने का अनुरोध करते हैं। कीमत भी वह खुद नहीं बताते हैं। वह दिल्ली में कोविंद से भेंट के बाद उनकी सरलता और सज्जनता की बार-बार प्रशंसा करते हैं। शरद और श्रीति बाला बिल्हौर में श्रीश नर्सिंग होम के नाम से प्राइवेट हॉस्पिटल चलाते हैं और कान्हा-श्याम में रहते हैं।

**पांच साल में सिर्फ एक बार घर आयीं सविता कोविंद :** राष्ट्रपति बनने के बाद रामनाथ कोविंद इस घर में कभी नहीं आए। हालांकि, उन्होंने कानपुर का सबसे ज्यादा दौरे किए। रामनाथ कोविंद अपनी गांव की जमीन पूर्व में ही दान दे चुके हैं। जहां स्कूल और सामाजिक कार्यों के लिए बारातघर बना है। कानपुर में उनका एक मात्र मकान बचा था, जिसे अब उन्होंने डॉक्टर दंपती को बेच दिया है। कोविंद के राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी पत्नी सिर्फ एक बार कानपुर के दौरे में इस घर में आई थीं।

### 286 स्क्वायर मीटर में बना है यह मकान

**इंद्रानगर** दयानंद विहार के एम ब्लॉक स्थित इस मकान का नंबर-42 है। ल्क्ऋसाइज का यह मकान पूर्व राष्ट्रपति के ही नाम था। 286 स्क्वायर मीटर में बने घर में ड्राइंग रूम, 3 कमरे, वॉशरूम, बाथरूम, किचन और एक पीछे की तरफ सर्वेंट क्वार्टर है। घर सिर्फ एक फ्लोर में बना है।






# राजस्थान में 250 हिंदुओं ने किया धर्म परिवर्तन

## मां दुर्गा की आरती में पिटाई से थे आहत, राजस्थान के बारां में धर्म परिवर्तन

**बारां (एजेंसी)।** राजस्थान में धर्म परिवर्तन को लेकर एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां बारां जिले के भुलोन गांव में 250 दलित हिंदू लोगों ने बौद्ध धर्म अपना लिया। इस बात का दावा जिला बैरवा महासभा युवा मोर्चा कर रहा है। महासभा का दावा है कि मां दुर्गा की आरती करने पर सरपंच प्रतिनिधि, उसके साथी ने दलित युवकों के साथ मारपीट की। जब शिकायत आरोपियों के खिलाफ की तो पुलिस प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इसी बात से आहत होकर दलित परिवारों ने हिंदू धर्म को त्याग कर बौद्ध धर्म अपना लिया। बैरवा महासभा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बालमुकंद बैरवा कहते हैं लोगों ने अपने घरों से देवी-देवताओं की प्रतिमा और तस्वीरें क्षेत्र की बैथली नदी में विसर्जित कर दी है। इस दौरान दलितों का गहलोत सरकार के खिलाफ भी



आक्रोश जमकर फूटा। बालमुकंद बैरवा कहते है कि भूलोन गांव में पांच अक्टूबर को राजेंद्र, रामहेत, ऐरवाल ने मां दुर्गा की आरती की, तो उस बात से राहुल शर्मा और लालचंद लोधा गहरे नाराज हो गए। उन्होंने दोनों दलित युवकों को मारा पीटा। वहीं इस समाज की ओर से राष्ट्रपति से लेकर जिला प्रशासन तक न्याय की गुहार लगाई गई। लेकिन पुलिस ने सरपंच प्रतिनिधि के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

### डॉ. अंबेडकर की प्रतिज्ञाएं लेकर अपनाया बौद्ध धर्म

**बैरवा** ने कहा कि प्रशासन से प्रताड़ित परिजनों और ग्रामीणों ने शुक्रवार को इस घटना पर आक्रोश रैली निकाली। फिर बैथली नदी के किनारे जाकर देवी-देवताओं की मूर्तियों और तस्वीरों को नदी में विसर्जित कर दिया। इसके बाद डॉ. भीमराव अंबेडकर की 22 प्रतिज्ञाएं लेकर हिंदू धर्म छोड़ बौद्ध धर्म अपनाने की शपथ ली। बैरवा ने यह भी कहा कि दलित परिवार को लगातार जान से मारने और गांव छोड़ने की धमकियां दी जा रही है। ऐसे में महासभा की ओर से राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से चेतावनी भरे शब्दों में कहा गया है कि अगर दलित युवकों के साथ मारपीट करनेवाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया तो उपखंड कार्यालय पर महासभा बड़ी संख्या में पहुंचकर धरना प्रदर्शन करेगी।

# दिवाली मनाने घर लौट रहे श्रमिकों की बस खड़े ट्रक से टकराई, 15 की मौत



**रीवा/मप्र (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में एक बस के खड़े ट्रक से टकराने से बस में सवार 15 लोगों की मौत हो गयी और 40 घायल हो गये। रीवा के जिलाधिकारी मनोज पुष्प ने बताया कि यह घटना शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात करीब 11.30 बजे रीवा के नजदीक राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर सोहागी घाट में हुई। उन्होंने कहा कि यह बस तेलंगाना के हैदराबाद से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जा रही थी। हादसे में 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दो व्यक्तियों ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया और एक व्यक्ति ने रीवा के अस्पताल में दम तोड़ दिया। रीवा जिले के पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन ने कहा कि राहगीरों की सूचना के बाद सोहागी पुलिस मौके पर पहुंची और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। भसीन ने बताया कि घायलों को एंबुलेंस से त्योंथर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रीवा के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना किस वजह से हुई यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस में ज्यादातर यात्री श्रमिक थे जो दीपावली मनाने अपने घर लौट रहे थे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट किया कि रीवा में हैदराबाद से गोरखपुर जा रही यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ था। इस अत्यंत हृदय विदारक घटना में दिवंगत आत्माओं के प्रति मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। । ॐ शांति ।

# ऋषि सुनक के मुकाबले जॉनसन ने भी ठोकी ताल

**लंदन (एजेंसी)।** लिज ट्रस के इस्तीफा के बाद एक बार फिर पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का नाम नये पीएम चुनने की रेस में लाया जाने लगा है। भारतीय मूल की प्रीति पटेल ने बोरिस जॉनसन को 10 डाउनिंग स्ट्रीट के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार बताया है। प्रीति, जॉनसन मंत्रीमंडल में गृह सचिव रह चुकी हैं। ब्रिटेन में नए प्रधानमंत्री के चयन की प्रक्रिया एक बार फिर शुरू होगी क्योंकि लिज ट्रस ने महज 45 दिनों में इस्तीफा दे दिया है। ट्रस को उनकी खराब आर्थिक नीतियों को लागू करने की वजह से भारी विरोध के चलते पद छोड़ना पड़ा है। पूर्व विदेश मंत्री प्रीति पटेल, बोरिस जॉनसन के पद छोड़ने के बाद कंजरवेटिव पार्टी में नए नेता के चुनाव के दौरान न्यूट्रल रहीं। उन्होंने लिज ट्रस या ऋषि सुनक, किसी की ओर से कोई बयान नहीं दिया। लेकिन



ट्रस के इस्तीफा के बाद अब नए नेता के चुनाव के पहले उन्होंने कहा कि जॉनसन को 2019 के आम चुनाव से टोरीज के लिए सार्वजनिक जनादेश मिला था। 50 वर्षीय प्रीति पटेल ने ट्विटर पर कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन के पास बड़े फैसले लेने का एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। अगर कोविड के दौरान पार्टीगेट को छोड़ दें तो उनके पास देश की शासन सत्ता को चलाने का सबसे बेहतर अनुभव है। बोरिस के पास हमारे चुने हुए घोषणापत्र को पूरा करने का जनादेश है और बड़े फैसलों को सही तरीके से हासिल करने का एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है। मैं नेतृत्व प्रतियोगिता में उनका समर्थन कर रही हूं। जॉनसन ने छह सप्ताह पहले अपने मंत्रियों के बीच कई घोटालों और सामूहिक इस्तीफे के बाद इस्तीफा दे दिया था। लेकिन अभी भी कई टोरी सांसदों और पार्टी के अन्य लोगों के बीच लोकप्रिय माना जाता है। कम से कम तीन कैबिनेट मंत्रियों बिजनेस सचिव जैकब रीस-मोग, रक्षा सचिव बेन वालेस और लेवलिंग अप सचिव साइमन क्लार्क ने खुले तौर पर कहा है कि वे पीएम की रेस में जॉनसन का समर्थन करेंगे।




# धनतेरस स्पेशल : इकलौता मंदिर जहां पूजा करने के लिए आती हैं नयी गाड़ियां

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान का एक ऐसा मंदिर है जहां मान्यता है अगर नई गाड़ी और नई लाड़ी सबसे पहले यहां धोक लगाती हैं तो सब कुछ सही होता है। इसी मान्यता के तहत इस मंदिर में अक्सर नए शादीशुदा जोड़े और नए वाहन पूजा पाठ के लिए जुटते हैं। दिवाली और धनतेरस पर जब हिंदू धर्म में शादियों पर बैन होता है उस समय तो यहां पर नए वाहनों की इतनी कतार लगती है कि सड़क बंद कर दी जाती है। हम बात कर रहे हैं जयपुर के मोती डूंगरी रोड पर स्थित मोती डूंगरी गणेश जी की। डूंगरी इसलिए क्योंकि डूंगर यानि पहाड़ के

■ यहां आनेवालों को भगवान खुद देते हैं आशीर्वाद

नजदीक ये स्थित हैं। इस दिवाली करीब सौ करोड़ से भी ज्यादा रुपए के वाहन तीन दिन में यहां आए हैं। तीन दिन में से आज दूसरा दिन है। इतिहासकारों के अनुसार जयपुर के मोती डूंगरी रोड पर स्थित मोती डूंगरी गणेश जी की प्रतिमा जयपुर नरेश माधो सिंह प्रथम की पटरानी



के पीहर मावली से 1761 ई. में लाई गई थी। मावली में यह प्रतिमा गुजरात से लाई गई थी। उस समय यह पांच सौ वर्ष पुरानी थी। जयपुर के नगर सेठ पल्लीवाल यह मूर्ति लेकर आए थे और इन्होंने ही मंदिर का निर्माण करवाया था। मोती डूंगरी गणपति को जयपुर का आराध्य कहा जाता है। इनके पास करोड़ों रुपयों के जेवर के अलावा चांदी और सोने के बर्तन भी हैं। हर त्योंहार पर विशेष सजावट होती है। इस बार भी मोती डूंगरी गणेश मंदिर में सजावट की गई है। 18 अक्टूबर को साल के आखिरी पुख्य नक्षत्र, उसके बाद आज धतनतेरस और कल छोटी दिवाली पर बन रहे सयोंग पर मंदिर में पांच हजार से ज्यादा नए वाहन आ रहे हैं।

**खुद आशीर्वाद देते हैं गणपति :** मंदिर पुजारी कमेटी से जुड़े पुजारियों ने बताया कि तीन दिन के दौरान करीब चार हजार दुपहिया और तिपहिया नए वाहनों के अलावा एक हजार करीब चौपहिया वाहन आने को हैं। दो 18 अक्टूबर और आज भारी भीड़ रही है। कल भी बड़ी संख्या में नए वाहनों के साथ लोग आने हैं। पुजारी ने बताया कि भगवान की मूर्ति पर लगाए गए सिंदूर से नए वाहनों की पूजा की जाती है और उसी सिंदूर से स्वास्तिक बनाया जाता है।

## न्यूज गैलरी

### बलात्कार की घटना से झारखंड हो रहा है शर्मसार : राजेन्द्र

रांची। 10 लोगों के द्वारा सॉफ्टवेयर इंजीनियर से सामूहिक बलात्कार किये जाने की घटना की मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने घोर निंदा की है। प्रसाद ने कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले सरकार फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाकर सुनिश्चित करे। श्री प्रसाद ने कहा कि बलात्कारियों की तुरंत गिरफ्तारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना से झारखण्ड शर्मसार हो रहा है।

### 13 नवंबर 2022 को मास्टर एथलेटिक्स मीट का होगा आयोजक

रांची। झारखंड मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन की तरफ से शनिवार को जी बाबू देव भैया के घर पर पीसी देवगम की अध्यक्षता में आपातकालीन बैठक बुलाई गई। सर्वसम्मति से या निर्णय लिया गया कि आगामी 13 नवंबर 2022 को बिरसा मुंडा स्टेडियम मोराबादी ग्राउंड पर मास्टर एथलेटिक्स मीट का आयोजक किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि सुबह 10 :00 बजे से शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों को समय पर पहुंच जाएं इस बैठक में निम्नलिखित व्यक्ति मौजूद थे। सचिव लक्ष्मण राम, लाइव प्रेसिडेंट पीसी देवगम, वीरेंद्र प्रसाद साहू, विपिन सिंह, बाबू देव, सौरभ राय, राजेंद्र महतो, रंजीत उरांव, अशोक सिंह, मधु उरांव, संजय चक्रवर्ती, संजय राय, निर्मला कुमारी, परवीन कुमार, रंजीत मुंडा, दशरथ महतो, संगीता कुमारी, अधिकारी शामिल हुए उसका धन्यवाद ज्ञापन विपिन सिंह के द्वारा किया गया यह जानकारी झारखंड मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव श्री लक्ष्मण राम के द्वारा जानकारी दी गयी।

### बीएयू के दो छात्रों का प्री रिपब्लिक डे परेड शिविर में चयन

रांची। गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय, कौनी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में 12 से 21 नवंबर तक प्री रिपब्लिक डे परेड शिविर का आयोजन हो रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्री रिपब्लिक डे परेड के इस शिविर में भाग लेने के लिए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के दो छात्रों का चयन हुआ है। इस आशय की सुचना शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय। पटना के क्षेत्रीय निदेशक पीयूष परांजपे ने दी। चयनित छात्रों में रांची कृषि महाविद्यालय, कांके के जयंती कुमारी तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, गुमला के पंकज कुमार शामिल है। दोनों चयनित छात्रों के चयन पर विवि एनएसएस सेल के यूनिवर्सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. बीके झा, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. आरपी मांझी, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. जय कुमार, डॉ. अमित कुमार एवं डॉ. उत्तम कुमार ने हर्ष जताया एवं शुभकामनाएं दी है। डॉ. बीके झा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत हरेक वर्ष रिपब्लिक डे परेड शिविर का आयोजन जनवरी माह में नई दिल्ली में किया जाता है। इस शिविर में सहभागिता के लिए 5 शिविर विभिन्न क्षेत्रीय निदेशालयों द्वारा आयोजित किया गया। झारखंड एवं बिहार राज्य से सहभागिता हेतु क्षेत्रीय निदेशालय। पटना द्वारा एनएसएस स्वयंसेवक का चयन किया गया। बीएयू के दो छात्रों सहित चयनित अन्य एनएसएस स्वयंसेवक गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर के शिविर में शामिल होंगे। इस शिविर में चयनित एनएसएस स्वयंसेवक को नई दिल्ली में आयोजित रिपब्लिक डे परेड शिविर में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

### वाणिज्य कर सेवा के पदाधिकारियों की प्रोन्नति

रांची। वाणिज्य कर सेवा के छह अधिकारियों को प्रोन्नति दी गई है। प्रोन्नति के आधार पर उनका पदस्थापन भी किया गया है। हजारीबाग प्रमंडल के राज्य कर संयुक्त आयुक्त (अपील) मो गेयासुद्दीन को हजारीबाग में प्रोन्नति देकर राज्य कर अपर आयुक्त (अपील) बनाया गया है।

वहीं, हजारीबाग के राज्य कर संयुक्त आयुक्त (प्रशासन) संजय कुमार प्रसाद को हजारीबाग का राज्य कर अपर आयुक्त (प्रशासन) बनाया गया है। रांची की राज्य कर संयुक्त आयुक्त (अपील) डॉली मंजू भगत को दक्षिणी छोटानागपुर का अपर आयुक्त (अपील), संथाल परगना के राज्य कर संयुक्त आयुक्त (प्रशासन) दिलीप कुमार मंडल-1 को राज्य कर अपर आयुक्त (प्रशासन) संथाल परगना बनाया गया है। इनके अलावा रांची व हजारीबाग में राज्य कर संयुक्त आयुक्त (अंकेक्षण ईकाई) को राज्य कर अपर आयुक्त मुख्यालय रांची बनाया गया है, जबकि राज्य कर संयुक्त आयुक्त (प्रशासन) जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित पारिजात मंजुल को जमशेदपुर में ही अपर आयुक्त (प्रशासन) के पद पर प्रोन्नति देकर पदस्थापित किया गया है।

---

सफाई कर्मियों के साथ दीपोत्सव का त्योहार धूमधाम से मनाया गया

# डॉ. रामेश्वर उरांव ने मजदूरों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश दैनिक साफ-सफाई घरेलू कामगार संघ ने दीपावली के अवसर पर शनिवार की संध्या दैनिक मजदूर एवं सफाई कर्मियों के साथ दीपोत्सव का त्योहार धूमधाम से मनाया एवं सम्मान समारोह आयोजित किया। डोरंडा महावीर मंदिर न्यास समिति धर्मशाला में आयोजित एक समारोह में दैनिक मजदूरों एवं सफाई कर्मियों के साथ मिलकर घरेलू कामगार संघ ने दीप जलाए एवं मिठाइयां खिलाई। दीपोत्सव के इस मौके पर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने सफाई कर्मियों एवं मजदूरों को सम्मानित किया एवं उन्हें नए कपड़े एवं मिठाइयां गिफ्ट के तौर पर दी। प्रदेश कामगार संघ के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे, संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं प्रदेश अध्यक्ष



डॉ राजेश गुप्ता छोटू के सौजन्य से प्रतिवर्ष दीपोत्सव का त्योहार सफाई कर्मियों एवं मजदूरों के साथ आयोजित किया जाता है। दीपावली के मौके पर परंपराओं के मातहत मिठाई व गिफ्ट देने की परंपरा रहती है । इसी के तहत ऐसे लोग जिनके बिना दीपावली और छठ महापर्व का आयोजन नामुमकिन है, ऐसे लोगों को कामगार संघ के तीनों प्रमुख नेताओं के द्वारा सम्मानित किया जाता है, जो काफी प्रशंसनीय है। आलोक दूबे, किशोर नामदेव एवं डा. राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि पूरी राजधानी और पूरे प्रदेश को साफ सुथरा कर आम लोगों को त्योहार धूमधाम से मनाने की व्यवस्था उपलब्ध करने वाले सफाई कर्मियों के साथ त्योहार मनाना एक

> दीपावली के मौके पर परंपराओं के मातहत मिठाई व गिफ्ट देने की परंपरा रहती है । इसी के तहत ऐसे लोग जिनके बिना दीपावली और छठ महापर्व का आयोजन नामुमकिन है।

आत्मीय अनुभूति की प्राप्ति होती है। वित्त मंत्री डा.रामेश्वर उरांव ने लगभग 150 सफाई कर्मियों एवं मजदूरों को सम्मानित किया एवं गिफ्ट के तौर पर उन्हें नए कपड़े एवं मिठाइयां दीं। इस मौके पर सफाई कर्मियों एवं मजदूरों को दीपावली की बधाई देते हुए डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा हम सभी एक ही समाज के अभिन्न अंग हैं,काम सबका अलग अलग है। गांधी जी कहते थे जहां सफाई है वहीं भगवान है और सफाई कर्मियों को हमें भगवान का दर्जा देना चाहिए।

---

# अरगोड़ा-कटहल मोड़ सड़क चौड़ीकरण के लिए जमीन अधिग्रहण जल्द किया जायेगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ तक की सड़क चौड़ीकरण के लिए जल्द ही जमीन अधिग्रहित होगी। जिला भू-अर्जन कार्यालय ने जारी की गई प्रारंभिक अधिसूचना में कहा है कि पांच किमी तक चौड़ी होने वाली सड़क के लिए अरगोड़ा व गुटवा मौजा (शीट नं-2, थाना सं 228, अंचल-अरगोड़ा) में अधिग्रहण होना है। अरगोड़ा मौजा में (शीट नं 1-0.405 एकड़ और मौजा 2 में 0.480 एकड़) अलग-अलग कुल 41 खातों से जमीन ली जानी है। वहीं, गुटवा में 11 खाताधारकों से जमीन (0.261 एकड़) अधिग्रहित होगी। जिला प्रशासन ग्रामसभा करके परियोजना की सूचना लोगों को दे चुका है। अधिसूचना में कहा गया है कि चिन्हित जमीन की अब खरीद-बिक्री नहीं होगी। यदि इससे जुड़ा कोई मुद्दा हो तो जिला समाहर्ता से संपर्क करना होगा। साथ ही इस जमीन को लेकर कोई आपत्ति भी है तो 60 दिन में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को जानकारी देनी होगी। इधर, इटकी सेनेटोरियम से चनगनी तक की 10 किमी सड़क चौड़ी की जाएगी। इसके लिए भी जमीन अधिग्रहित होगी। इससे पहले 11 नवंबर को सुबह 11:30 बजे इटकी अंचल कार्यालय में ग्रामसभा होगी। इसमें इटकी, ठाकुरगांव, बोड़ेया, कुंदी, मोरो, मुकुंदा, मल्टी, नारी, तरगड़ी व टिकराटोली के रैयत शामिल होंगे। सिरमटोली चौक से मेकन तक फ्लाईओवर के लिए एक एकड़ से अधिक जमीन की जरूरत है। भू-अर्जन कार्यालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक तक (1.60 किमी) के बीच एलिवेटेड कॉरिडोर पथ परियोजना का काम होना है।

---

झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के सौजन से 15 दिवसीय दिया जा रहा प्रशिक्षण

# 74 लाभार्थी प्रशिक्षण कार्यक्रम में हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** टीआरटीसी, लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के सौजन से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को प्रशिक्षण के सातवें दिन झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के पदाधिकारी एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के प्रशिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक अशोक कुमार और राकेश कुमार तथा सहायक प्रशिक्षण संयुक्ता देवी व चंद्रेस्वर ओझा ने किया ।जिसमें आरती पात्रो, गुरूवारी पान का विशेष सहयोग रहा। मुख्य प्रशिक्षक का मधुमक्खी पालन में 30 वर्षों का अनुभव है। अपने अनुभव को उन्होंने लाभुकों से साझा किया। प्रशिक्षण के सातवें दिन इस परियोजना के अंतर्गत सोनुआ ब्लॉक के सरंडिया ग्राम (23) एवं बांदोडिह ग्राम (15) और गोइलकेरा ब्लॉक के आराहासा (18) ओर घोड़ाडूबा ग्राम (18) के कुल 74 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए। मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण



मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः मधुमखियो के रखरखाव, निर्वहन, मधुमक्खीयो के भोज्य पदार्थ तथा मधुमक्खी पालन के लिए सुयोग्य वातावरण तथा कुछ सफल मधुपालक का परिचय व उनकी सफलता की कहानी बताया गया तथा इत्यादि विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को समझाया गया तथा मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया।

# 25 अक्टूबर से लेकर 10 नवम्बर तक टीमों का होगा पंजीयम, सभी कागजात लाना जरूरी है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला क्रिकेट संघ की कार्यकारिणी की बैठक विगत शुक्रवार को अविनाश कुमार की अध्यक्षता में रांची जिला क्रिकेट संघ की अध्यक्षता में जेएससीए स्टेडियम में हुई जिसमें सर्वप्रथम आरडीसीए के



चेयरमैन अमिताभ चौधरी के आकस्मिक निधन हो जाने पर उनकी आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन धारण किया गया। उसके बाद कार्यकारणी के बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिया गया। सबसे पहले बी डिवीजन सत्र (2021-22) में जो ग्रुप की अन्तिम टीम को नीचे उतरने की बात थी उसे स्थगित कर दिया गया है। अब बी डिवीजन में कुल 67 टीम ही रहेगी। आरडीसीए में एक सहायक सचिव नियुक्त किया गया जिनका नाम है शम्भु सिन्हा। आगामी नवंबर के प्रथम सप्ताह में सुपर डिवीजन (2021-22) के बचे मैच होंगे तथा नये सत्र (2022-23) सभी डिवीजन के लिए 25 अक्टूबर से टीमों का पंजीयन होग। पंजीयन की अंतिम तिथि 10/11/22 (गुरुवार) रखी गई है। टीमों को अपने सभी खिलाड़ियों के निबंधन के लिए निम्नलिखित कागजात लाना अनिवार्य है उनका डिजिटल जन्म प्रमाणपत्र, स्कूल बोनाफाइड, तीन साल का मार्कशीट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं माता पिता का वोटर कार्ड के साथ खिलाड़ी अपना निबंधन ऑन लाईन एवं ऑफ लाईन करा सकते हैं।टीमों के पंजीयन के लिये सुनिल पाल, सहायक सचिव से मंथन कल्ब, हिंदपीढ़ी में सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

---

श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर भंडारे का किया गया आयोजन

# प्रसाद पाने के लिए श्याम मंदिर में भक्तों की लगी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी थाली भरकर लाई खीचड़ो जैसे कर्णप्रिय भजनों का गायन कर भक्तजनों ने खाटू नरेश की मनुहार करके श्री श्याम भंडारे का महा प्रसाद का भोग अर्पित किया। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 33वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया था। श्री श्याम भंडारे के अवसर पर गरमागरम केसरिया जलेबी, आलू चॉप, बनारसी कचोरी, काबली चना का छोला का प्रसाद मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सराओगी की निगरानी में मंदिर की श्याम रसोई में निर्मित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री श्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया जाता है। मारू परिवार के संत पुरुष स्वर्गीय सीताराम मारू स्वर्गीय गीता देवी मारू के पुत्र पुत्रवधू विजय सुमन



मारू पूर्व सांसद अजय, कल्पना मारू ने परिवार के संग श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित की। श्री श्याम मंदिर में विराजमान श्री खाटू नरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद खिलाया गया। मारू परिवार ने श्रद्धा पूर्वक आचार्य को प्रसाद खिलाकर दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। संध्या काल की बेला में श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया । मारु परिवार के उक्त व्यक्तियों के साथ मनीष, अर्चना, राहुल, प्रियंका मारू ने वितरण का उद्घाटन किया। भंडारे का प्रसाद प्राप्त करने के लिए भक्तों की लंबी लंबी कतारें लगी थी । पूरा हरमू रोड श्री श्याम बाबा की जय जयकारों से गूंज रहा था। महामंत्री श्री नारसरिया ने बताया कि धनतेरस के अवसर पर पूर्व सांसद श्री अजय मारू ने श्याम मंदिर में आज सभी देवताओं का भव्य मनोहारी श्रृंगार की सेवा निवेदित कर झारखंड राज्य की समृद्धि तथा खुशहाली की प्रार्थना की। श्रृंगार दर्शन और भंडारे का प्रसाद प्राप्त करने के लिए भक्त जनों से संपूर्ण मंदिर परिसर भरा हुआ था। श्री श्याम भंडारे के वितरण में मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, मंत्री, गौरव अग्रवाल मोनू, उप मंत्री अनिल नारनोली, पूर्व सांसद अजय मारू, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, सर्व स्नेह पोद्दार, राजीव, रंजन मित्तल, रतन शर्मा, आशीष डालमिया, मनोहर केडिया, विकास मोदी, अमित सरावगी, रौनक पोद्दार, पवन गोएनका, पवन शर्मा, कल्पना मारू, पवन साहित्य, अन्नपूर्णा सराओगी, कविता मित्तल, रमा सराओगी, दिनेश अग्रवाल, रोशन खेमका, विशाल पोद्दार, किशन शर्मा आदि सहित 80 से ज्यादा स्वयंसेवक ने सहयोग किया। श्री श्याम मंदिर जगमग जगमग दीपावली के अवसर पर श्री श्याम मंदिर में प्रतिदिन फूलों का विशेष श्रृंगार हो रहा है विद्युत सज्जा भी बड़ी खूबसूरती से किया गया है। पूरा मंदिर विद्युत सज्जा से जगमग जगमग कर रहा है। उपरूक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री श्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने धनतेरस लक्की ड्रा 2022 का परिणाम घोषित किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** महेश्वरी भवन अप्पर बाजार में मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने धनतेरस लक्की ड्रा 2022 का परिणाम घोषित किया। मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष प्रभात साबू सदस्य मनोज अग्रवाल, उमंग सुल्तानिया ने लकी ड्रॉ का शुभारम्भ किया। मंच के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सचिव विकास अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीपावली की बधाई देते हुए बताया कि लकी ड्रॉ में बंपर पुरस्कार विजेता को 8 ग्राम की 2 सोने की गिन्नी,प्रथम पुरस्कार में 8 ग्राम की 1 सोने की गिन्नी, द्वितीय पुरस्कार 8 ग्राम की 1सोने की गिन्नी, तृतीय पुरस्कार 5 ग्राम सोने की गिन्नी,



चतुर्थ पुरस्कार 10 ग्राम के 25 चांदी के सिक्के, पंचम पुरस्कार 21 चांदी के सिक्के, छठा पुरस्कार 15 चांदी के सिक्के, सप्तम पुरस्कार 11 चांदी के सिक्के, अष्टम पुरस्कार 7 चांदी के सिक्के, नवम पुरस्कार 5 चांदी के सिक्के एवं दशम पुरस्कार 2 चांदी के सिक्के विजेता को दिया गया। कांसोलेशन पुरस्कार 200 लोगों एक चांदी का सिक्का दिया गया। मंच के अध्यक्ष ने बताया कि लक्की ड्रा और कूपन से संबंधित जानकारी लेने के लिए मेरे कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उपरोक्त जानकारी मंच के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता अमित शर्मा ने दी। कार्यक्रम मे पूर्व अध्यक्ष विशाल पड़िया,पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल एवं अमित सेठी,सिद्धांत तोदी, आशीष अग्रवाल तरुण अग्रवाल, अंकित चौधरी, रोहित सरावगी, सोनीत अग्रवाल, चंद्र प्रकाश रूहिया, वीरेंद्र तोसवार, नीरज अग्रवाल, मनीष बंसल उपस्तिथ थे।

### हेमंत सोरेन के राज में बेटियां और महिलाएं सुरक्षित नहीं: आशा लकड़ा

**रांची।** राज्य में आए दिन दुष्कर्म व आपराधिक घटनाओं में वृध्दि हो रही है. चाईबासा में इंजीनियर युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म और रांची में व्यवसायी पर गोली चलाने की घटना इसका ज्वलंत उदाहरण है. शनिवार को ये बातें भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर डॉ. आशा लकड़ा ने कही. उन्होंने कहा कि एनसीआरबी (नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो) के आंकड़ों के अनुसार दुष्कर्म की घटनाओं के मामले में झारखंड देश में आठवें नम्बर पर है. 2021 में राज्य में दुष्कर्म के 1425 मामले दर्ज किए गए. इसी प्रकार अब तक झारखंड में महिलाओं पर हमला करने के 164 मामले, दहेज प्रताड़ना के 1805 मामले, दुष्कर्म करने के प्रयास से संबंधित 164 मामले सामने आए.

---

अनंतपुर-निवारणपुर काली पूजा समिति के पांच दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ

# स्थापना के गौरवशाली 85वें वर्ष काली पूजा धूमधाम से मनाने की तैयारियां पूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अनंतपुर-निवारणपुर काली पूजा समिति के तत्वावधान में तपोवन मंदिर के सामने पांच दिवसीय श्रीश्री काली पूजा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस बार समिति द्वारा स्थापना का 85वां वर्ष मनाया जा रहा है। इस संबंध में समिति के महासचिव राजीव रंजन राजू ने बताया कि श्रीश्री काली पूजा महोत्सव का शुभारंभ 24 अक्टूबर को अपराह्न पांच बजे होगा। सोमवार को रात्रि में पूजा प्रारंभ के बाद बलिदान, पुष्पांजलि, भोग निवेदन व आरती की जाएगी। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद और भोग वितरण किया जाएगा। वहीं, प्रतिदिन सायं सात बजे संध्या आरती की जाएगी। विसर्जन 28 अक्टूबर को होगा। काली पूजा के दौरान सभी अनुष्ठान पंडित स्वपन कुमार घोषाल द्वारा संपन्न कराया जाएगा। राजीव रंजन राजू



ने बताया कि 27 अक्टूबर को समिति के सौजन्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम व बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। काली पूजा को सफल बनाने और भव्य आयोजन के लिए मुख्य संरक्षक मुकुल सिंह, संरक्षक राजीव चटर्जी, तुषार कांति शीट, समिति के अध्यक्ष आनंद रंजन घोष (नंदू दा), उपाध्यक्ष चिंटू शाहदेव, बमबम सिंह, सुरेंद्र कुमार, राहुल बरुआ, पूजा प्रभारी शिवेन राय, समिति के कार्यकारिणी सदस्य मनोज दुबे, शीतेष चटर्जी, शैवाल बनर्जी, राकेश सिंह, सपना दत्ता, रीता दत्ता, बुला चौधरी, बंटी शर्मा, तन्मय डे, नितिन संतोष, रितिक घोष, संदीप राय सहित अन्य सदस्यगण जुटे हैं। उक्त जानकारी तुषार कांति शीट ने दी।

---

## पेज एक के शेष

**मां अंपूर्णा के चार दिवसीय उत्सव के...**

प्रसाद पाने के लिए 24 घंटे पहले ही श्रद्धालु कतारबद्ध हो जाते हैं। वर्ष में केवल चार दिन ही माता के स्वर्णमयी स्वरूप के दर्शन होते हैं। इस बार 23 से 26 अक्टूबर तक श्रद्धालु माता के स्वर्णमयी स्वरूप का दर्शन व आशीष पा सकेंगे। मान्यता है कि रोजाना मां अन्नपूर्णा की विधिवत पूजा करने से जीवन में अन्न की कमी नहीं होती है।

**कालेमेघ से दूर होगी फैटी लीवर की...**

मानक आहार और व्यायाम कराया गया। तीन माह तक चले परीक्षण के दौरान एक महीने में ही कालमेघ खानेवाले मरीज के यूएसजी और फाइब्रोस्कैन स्कोर में भी महत्वपूर्ण बदलाव आया। उनकी यकृत की विकृति ठीक होने लगी और गैर अल्कोहल फैटी लीवर रोग के मामले में कालमेघ के उपचार का सकारात्मक प्रभाव भी पता चला। इसका कोई बड़ा दुष्प्रभाव भी नहीं था। टीम में डॉ. डीपी. यादव, डॉ. विनय सेन और जेआर डॉ. संकेत नांदेकर शामिल थे। डॉ. इस बारे में सुनील कुमार का कहना है कि इस अध्ययन का उद्देश्य एनएएफएलडी के उपचार की लागत की गणना करना भी था। कालमेघ के मामले में एक दिन के इलाज का खर्च मात्र 2.04 रुपये था, जबकि मानक इलाज का खर्च 38.53 रुपये था।

**धनतेरस को लेकर सजा बाजार...**

प्रतिष्ठान में किसी भी आभूषण के खरीदने पर कई आकर्षक उपहार दिये जायेंगे। इसके अलावा बाजार स्थित नामधारी मार्केट में किसी इलेक्ट्रॉनिक समान पर सर्विस फ्री दी जा रही है । कई सामानों को उचित ब्याज पर फाइनेंस भी किया जा रहा है । सहदेव मोटर के संचालक राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में हीरो कंपनी के बाइक लेने पर 5000 की छूट दी जा रही है।

**सड़को पर लगाया गया ब्रेकेटिंग :** प्रशासन के द्वारा सभी चौक चौराहों पर वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए ब्रेकेटिंग लगाया गया है। बाजार में किसी भी वाहनों को लेकर नही जाने दिया जा रहा है। निगम के द्वारा भी साफ सफाई का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। सड़को पर अत्यधिक भीड़ होने की वजह से सुबह और रात में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिला स्कूल,जय भवानी संघ,सतार सेठ चौक,अम्बेडकर चौक, छहमुहान, रेड़मा ,सुदना में ब्रेकेटिंग लगाकर नजर रखी जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से भी प्रशाशन के द्वारा सभी आने जाने वालों पर नजर रखी जा रही है।

**शिवाजी मैदान में बिक रहे हैं पटाके :** प्रशासन के द्वारा पटाके के बिक्री के लिए सड़को के किनारे पर बेचने की अनुमति नही दी गई । इसलिये पूर्व के भांति शिवाजी मैदान में सभी पटाके के दुकानो को लगाया गया है। पटाके विक्रेता अस्माद अंसारी ने बताया कि पिछले साल से इस साल बेहतर बाजार है। लोग पटाके खरीद रहे है। लेकिन पहले से ज्यादा पटाखे की दुकान एक ही जगह पर होने से प्रतियोगिता का बाजार बन गया है। ऐसे में कई सामानों पर नुकसान उठाकर भी बेचना पड़ता है। बाजारों में यदा कदा कही बच्चों के लिए पटाके बिक रहे है । लेकिन तेज आवाज वाले सभी पटाके शिवाजी मैदान में ही बिक रहे है।

**झाड़ू की खरीददारी के लिए...**

दरिद्रता हटाती है और इससे दरिद्रता का नाश होता है। धनतेरस पर घर में नई झाड़ू से झाड़ लगाने से कर्ज से भी मुक्ति मिलती है, ऐसा भी माना जाता है। इसलिए इस दिन झाड़ू खरीदने की पुरानी परंपरा है। शास्त्रों के अनुसार धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदने से लक्ष्मी माता रुठकर घर से बाहर नहीं जाती हैं और वह घर में स्थिर रहती है। इस दिन लोग झाड़ू खरीदकर अपने घरों में रखते हैं और लक्ष्मी माता का स्वागत करने के लिए पूरी रात जगते हैं। झाड़ू से घर में सकारात्मकता का संचार होता है। यही वजह है कि हर घर में सफाई के तौर पर सबसे पहले झाड़ू लगाया जाता है।

